RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 248
लखनऊ, सोमवार, 1 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

हिंदू धर्म से मुझे प्रेरणा मिलती है
विदेश-11

नए आपराधिक कानून देश में आज से लागू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमश: भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें जीरो एफआईआर , पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, एसएमएस (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिए समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन कानूनों में कुछ मौजूदा सामाजिक वास्तविकताओं और अपराधों से निपटने का प्रयास किया गया और संविधान में निहित आदर्शों को ध्यान में रखते हुए इनसे प्रभावी रूप से निपटने का एक तंत्र मुहैया कराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नए कानून न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता देंगे जबकि अंग्रेजों (देश पर ब्रिटिश शासन) के समय के कानूनों में दंडनीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई थी। उन्होंने कहा, इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है तथा यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं। नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। सूत्रों ने बताया कि ओवरलैप धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया तथा उन्हें सरलीकृत किया गया है और भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले इसमें केवल 358 धाराएं होंगी। (शेष पेज 9)

प्रधानमंत्री ने की मन से बात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को फिर से शुरू किया और लोकसभा चुनाव 2024 से पहले संविधान और लोकतांत्रिक प्रणाली में उनके अटूट विश्वास के लिए देशवासियों को धन्यवाद दिया, जिसमें 65 करोड़ से अधिक लोगों ने मतदान किया। चुनाव के कारण 25 फरवरी को अंतिम प्रसारण के बाद से कार्यक्रम रोक दिया गया था। तीसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने व्यक्त किया कि वह फरवरी के प्रसारण के बाद से जनता के साथ बातचीत से चूक गए। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और चुनाव आयोग और प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को बधाई दी क्योंकि उन्होंने लगभग 30 मिनट के रेडियो संबोधन में कई मुद्दों पर बात की, जिसे फरवरी में चुनावों के कारण निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी और आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, वोकल फोर लोकल और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने जुलाई महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर चीयर4भारत हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तोक्यो में पिछले ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर नागरिक का दिल जीत लिया था, और भाग लेने वाले खिलाड़ी पूरे जी-जान से पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में लगे हुए हैं। (शेष पेज 9)

मनोज कुमार सिंह ने मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया

● कहा, सीएम योगी के निर्देशन में प्रदेश के विकास के लिए बना है अच्छा माहौल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष में रविवार को मनोज कुमार सिंह ने मुख्य सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह की पहचान 'परफॉर्मर' की रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव के तौर पर उन्हें अहम जिम्मेदारी मिली है और वह इसे बड़ी चुनौती नहीं बल्कि बड़े अवसर के रूप में देखते हैं। यह मौका है हमारे और हमारे अधिकारियों की पूरी टीम के पास कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में प्रदेश की 24 करोड़ जनता के बेहतरी के लिये जो भी कार्य हो सकते हैं, बहुत तेजी से करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में प्रदेश के विकास के लिये अच्छा माहौल बना है। हाल ही में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के इनवेस्टमेंट का शिलान्यास किया गया, इससे पहले देश में कहीं भी इतनी बड़ी धनराशि के इनवेस्टमेंट का शिलान्यास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अब हम लोगों के सामने मौका है कि भविष्य के निवेशकों को जमीन, आवश्यक सुविधाओं सहित हर वह जरूरी काम करें, जिससे वह जल्द से जल्द अपने कारखाने को मौके पर स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के विकास के लिये तथा अलग-अलग विभागों के लिये लक्ष्य तय कर रखें हैं, उन्हें तेजी से धरातल पर उतारना है। उनके लिये इनवेस्टमेंट के प्रोजेक्ट शीर्ष प्राथमिकता पर रहेंगे, उन्हें फुल स्पीड में इम्पलीमेंट किया जायेगा, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और मैन्यूफैक्चरिंग का कन्ट्रीब्यूशन स्टेट की जीडीपी में बढ़ सके। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि महाकुम्भ-2025 को वर्ष 2019 में आयोजित कुम्भ से और बेहतर सुव्यवस्थित तरीके, स्वच्छ और सुरक्षित माहौल में आयोजित हो। आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध करायी जायें और उनकी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाये। (शेष पेज 9)

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडेय (बाएं) से थलसेना अध्यक्ष का पदभार संभाला।

थलसेना प्रमुख बने जनरल उपेंद्र द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा, जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी को सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे। (शेष पेज 9)

नीट, अग्निपथ जैसे मुद्दों पर होगी बहस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुन: आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी।

लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा। राज्यसभा में चर्चा के लिए 21 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री के बुधवार को (चर्चा पर) जवाब देने की संभावना है। नीट मुद्दे पर संसद में इस सप्ताह काफी हंगामा हुआ। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन किया था, जिसमें करीब 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। नतीजे चार जून को घोषित किए गए, लेकिन इसके बाद बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने के अलावा परीक्षा से जुड़ी अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे।

राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी को अतुलनीय बताया था और कहा था कि देश के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने के उनके दृष्टिकोण और देश के पहले प्रधानमंत्री

जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में बहुत अंतर है। भाजपा सदस्य कविता पाटीदार ने प्रस्ताव का समर्थन किया था और चर्चा में अब तक नौ अन्य सदस्य भाग ले चुके हैं। लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए। नीट मुद्दे पर हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही स्थगित न करने तथा राज्यसभा सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता न करने के लिए सरकार की आलोचना की।

दूसरी ओर राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि विपक्ष का नेता हर भारतीय के लिए सबसे मजबूत लोकतांत्रिक साधन है और वह इस भूमिका में संसद में भारत के लोगों की आवाज उठाएंगे। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में, हाल ही में लोकसभा में नेता विपक्ष बने गांधी ने एक वीडियो संदेश भी साझा किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद 10 साल के अंतराल के बाद भरा गया है। उन्होंने कहा, विपक्ष का नेता हर भारतीय के पास सबसे मजबूत लोकतांत्रिक साधन है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी समस्याओं और मुद्दों को संसद में पूरी ताकत से उठाकर आपकी आवाज बुलंद करूंगा।

संदेश में राहुल गांधी युवाओं से बात करते हुए नजर आ रहे हैं, जिन्होंने कहा कि नीट परीक्षा फिर से आयोजित कराना उनकी मांग है। इसके बाद विपक्ष के नेता द्वारा 28 जून को लोकसभा में इस मुद्दे को उठाने का एक और वीडियो क्लिप दिखाया गया है। इसमें राहुल गांधी की अग्निवीर अजय सिंह (23) के परिवार के साथ मुलाकात की क्लिप भी दिखाई गई है, जो जनवरी में जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में बारूदी सुरंग विस्फोट में शहीद हो गए थे। वह वीडियो में मणिपुर में हिंसा के पीड़ितों के साथ ही अन्य लोगों से भी मुलाकात करते नजर आए।

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में मणिपुर मुख्यमंत्री सिंह के फटे हुए त्यागपत्र की तस्वीर साझा करते हुए कहा, ठीक एक साल पहले, इंफाल में इस्तीफे का एक बड़ा नाटक हुआ था। उन्होंने कहा, मणिपुर की पीड़ा और व्यथा जारी है। नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के पास संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने या वहां के निर्वाचित प्रतिनिधियों से आमने-सामने बात करने के अलावा हर चीज के लिए समय है।

भारतीय क्रिकेट के जय-वीरू के साथ जड़ेजा ने भी लिया टी20 से संन्यास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में जीत के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली। इनसेट-रविंद्र जड़ेजा

मैदान में जीत का जश्न भी साथ मनाया तो हार का गम भी साझा किया। एकदूसरे के हुनर और कामयाबी को दिल से सराहने वाले विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। यही नहीं भारत को अपने अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा की भी कमी खलेगी, जिन्होंने विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षकों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे।

विराट और कोहली दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक वड़ा पाव खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा छोले भटूरे का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में , खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए , आंखें आंसुओं से भीगी थी। वहीं कोहली अपनी भावनाएं छिपाते कुछ देर के लिए चुपचाप ड्रेसिंग रूम में चले गए। वह जीत का जश्न मनाना चाहते थे लेकिन अकेले भी रहना चाहते थे। दोनों के बीच साझा क्या है , एक दूसरे के हुनर और उपलब्धियों का सम्मान। रोहित को बखूबी पता था कि कोहली ने संन्यास का फैसला ले लिया है, फाइनल का नतीजा चाहे जो हो। यही वजह है कि मैच के बाद पुरस्कार वितरण में रोहित ने उन्हें वह मौका दिया और अपने संन्यास का ऐलान नहीं किया। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में इसकी घोषणा की। जब एक ही दौर में दो दिग्गज साथ खेल रहे हों तो मतभेद होना लाजमी है क्योंकि कहते हैं ना कि एक म्यान में दो तलवारें नहीं रह सकती। भारतीय क्रिकेट में इतना कुछ दांव पर होता है कि दो तलवारें एक म्यान में साथ रहना सीख जाती हैं। गावस्कर और कपिल देव अस्सी के दशक में साथ खेल रहे थे जब सोशल मीडिया नहीं था। (शेष पेज 9)

एक छोटी सी पहल ने बदली दी किस्मत

कुमार चेलप्पन। कोच्चि

केरल के अट्टापडी में 2015 में शुरू की गई एक पहल, जो आदिवासियों के लिए एक विशेष क्षेत्र है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की बदौलत एक आकर्षण बन गई है। लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में, मोदी ने अट्टापडी की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित छतरियां, कार्थुम्बी के बारे में बोलकर आश्चर्यचकित कर दिया। अट्टापडी में आदिवासी बस्ती में रविवार को उत्सव का माहौल था, क्योंकि वे सभी आदिवासी महिलाओं की प्रशंसा करने

वाले मोदी के भाषण पर ध्यान केंद्रित कर बैठे थे।

आदिवासियों को जीवन की चुनौतियों से पार पाने में मदद करने के लिए अट्टापडी में काम करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन थंपू द्वारा कार्थुम्बी की शुरुआत की गई थी। अट्टापडी ने 2013, 2014 और 2015 के दौरान कुपोषण और भूख से 200 से अधिक शिशुओं की मृत्यु की सूचना दी थी। हालांकि केरल सरकार ने इस मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की, लेकिन 32,000 की संख्या में आदिवासी इन मौतों के गवाह बने हुए हैं। इस क्षेत्र में बोलने के लिए कोई सड़क, अस्पताल या स्कूल नहीं था। इसके अलावा राज्य के अन्य हिस्सों से वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों ने अपने रात के 'रोमांच' से इस क्षेत्र को लाल रंग में रंग दिया। कोच्चि स्थित एक आदिवासी कार्यकर्ता राजेंद्र प्रसाद, जो थंपू के संस्थापक हैं, के पास एक उत्तर था। आदिवासी महिलाओं को एक ऐसा अवसर प्रदान करके सशक्त बनाएं जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। इस तरह उन्होंने छाता निर्माण को आय के स्रोत के रूप में चुना और वह भी घर से काम करके। थम्पू पहल के परिणामस्वरूप कार्थुम्पी, हस्तनिर्मित छतरियां सामने आईं जो निस्संदेह प्रमुख कंपनियों द्वारा निर्मित छतरियों से एक कदम आगे हैं। संयोजक के ए रामू ने कहा, 2014 से 2017 के दौरान आदिवासी समुदाय की 700 से अधिक महिलाओं को छाता बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था। अभी लगभग 60 महिलाएं छाता निर्माण के काम में हैं और वे सभी अपने घर से काम करती हैं। ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और महिलाएं अपने द्वारा तैयार किए गए प्रत्येक छाते से 30 रुपये कमाती हैं। छाते का कार्थुम्बी ब्रांड राज्य और देश के कई हिस्सों की फैशन के प्रति जागरूक महिलाओं के लिए एक स्टेटस सिंबल बन गया है। (शेष पेज 9)

केदारनाथ के पास हिमस्खलन, नुकसान नहीं

पीटीआई। रुद्रप्रयाग

केदारनाथ से चार किलोमीटर ऊपर बर्फीले इलाके में रविवार तड़के एक तेज आवाज के साथ हिमस्खलन हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह हिमस्खलन सुबह पांच बजकर छह मिनट पर केदारनाथ घाटी के ऊपरी छोर पर स्थित हिमाच्छादित मेरु-सुमेरु पर्वत शृंखला के नीचे चौराबाड़ी हिमनद में गांधी सरोवर के ऊपरी क्षेत्र में हुआ। रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने संवाददाताओं को बताया कि चौराबाड़ी हिमनद में सुबह हुए हिमस्खलन से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और केदारनाथ सहित पूरा क्षेत्र सुरक्षित

है। इस इलाके में हिमस्खलन एक सामान्य प्राकृतिक घटना है। सुबह केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए गए श्रद्धालुओं ने भी इस घटना को देखा और कई ने इसे अपने मोबाइल में कैद भी किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वीडियो में चोराबाड़ी ग्लेशियर और गांधी सरोवर से ऊपर हिमस्खलन से बर्फ का भारी गुबार तेज रफ्तार के साथ नीचे खिसकते हुए दिखाई दे रहा है जो गहरी खाई में समा गया। इस दौरान मंदिर और अन्य क्षेत्रों में मौजूद यात्री और अन्य लोगों में कौतूहल बना रहा। धाम में मौजूद गढ़वाल मंडल विकास निगम के कर्मचारी गोपाल सिंह रौथाण ने संवाददाताओं से कहा, लगभग पांच मिनट तक इस प्राकृतिक घटना को देखने के लिए लोगों में खासा कौतूहल दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि आठ जून को भी चौराबाड़ी हिमनद में हिमस्खलन हुआ था। सितंबर और अक्टूबर 2022 में भी यहां तीन बार हिमस्खलन हुआ था।

जमीन पर कब्जे की शिकायत सुन बिफरे सीएम, यह बर्दाश्त नहीं

● सीएम ने जनता दर्शन में सुनी जनता की पीड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर %जनता दर्शन% किया। इस दौरान आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी फरियादियों के पास स्वयं पहुंचे और समस्याएं सुनीं। रविवार को सर्वाधिक शिकायत शाहजहांपुर से पहुंची। इसमें से अधिकांश शिकायतें जमीन कब्जे व पैमाइश में हीलाहवाली से जुड़ी थीं। जिस पर सीएम काफी नाराज हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनता दर्शन में हर पीड़ित के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। यहां शाहजहांपुर जनपद से कई फरियादी आए थे। जिले से जमीन कब्जे और जमीन पैमाइश की काफी शिकायतें थीं। फरियादियों ने लेखपाल-कानूनगो की लापरवाही की शिकायत भी सीएम से की। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल जिलाधिकारी को तीन दिन के भीतर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया। ऐसे ही मामले आगरा-कानपुर से भी आए। सीएम ने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उन्हें कतई परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

वहीं धनाभाव के कारण इलाज में आ रही समस्या को लेकर भी एक महिला पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड है, लेकिन इलाज में इससे अधिक पैसे की आवश्यकता है, जिस पर सीएम ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में इलाज कतई नहीं रुकेगा। तत्काल ही सीएम आवास से केजीएमयू वीसी और सीएमएस को इस संदर्भ में सूचित कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं उन्नाव में तैनात सहायक अध्यापिका भी पहुंची, जिन्होंने बताया कि बच्चा काफी अस्वस्थ है और उसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। पति भी बाहर रहते हैं। वे लखनऊ स्थानांतरण चाहती हैं। इस पर सीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायत जनपद स्तर पर हर हाल में सुनी जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जमीन कब्जे से जुड़े मामलों में सीएम ने कहा कि पीड़ितों की सुनवाई सुनिश्चित हो। कानून से खिलवाड़ करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बूथ स्तर पर 111वां 'मन की बात' का कार्यक्रम सुना गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 111वां संस्करण भाजपा लखनऊ महानगर में बूथ स्तर पर मंत्री, विधायकगण, वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र वासियों के साथ सुना। ़उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा अंतर्गत रामजीलाल पटेल नगर वार्ड में बूथ संख्या 111 पर प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादाई वक्तव्यों को सुना।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि मोदी सरकार के तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री का 'मन की बात' का पहला संस्करण एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा की बूथ संख्या 382 पर, उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा ने जानकीपुरम वार्ड के बूथ संख्या 374 पर, पूर्व विधानसभा विधायक ओ पी श्रीवास्तव ने बूथ संख्या 165 पर, पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव ने बूथ संख्या 338 पर पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, मानसिंह, अशोक तिवारी, गिरीश मिश्रा, नानक चंद लखमानी, विनायक पांडे, मनोज लोधी ने कैंट की बूथ संख्या 111 पर सुना और महामंत्री पुष्कर शुक्ला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, जया शुक्ला, राकेश सिंह,सौरभ वाल्मीकि, अनीता सिंह , अशोक श्रीवास्तव, यू एन पांडे, मधुबाला त्रिपाठी,विजय भुर्जी भी अलग अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

योगी सरकार आज से भव्य रूप से मनाएगी वन महोत्सव

● केंद्र सरकार के निर्देशानुसार लगाए जाएंगे 'एक पेड़ मां के नाम'

●सीएम योगी ने आमजन से की अपील- एक या दो पौधे अवश्य लगाएं और संरक्षण करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार पहली जुलाई से वन महोत्सव का आयोजन कराएगी। यह महोत्सव सात जुलाई तक चलेगा। इस दौरान एक तरफ विरासत वृक्षों के संरक्षण पर सरकार का जोर रहेगा तो वहीं दूसरी तरफ पौधरोपण से संबंधित जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक समेत अनेक प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीते दिनों पड़ी बेतहाशा गर्मी को देखते हुए योगी सरकार का पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन पर भी पुन: विशेष जोर है।

वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की कि एक या दो फलदार पौधे अवश्य लगाकर उनका संरक्षण करें।

स्कूली बच्चों को किया जाएगा जागरूक

प्रदेश में जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने वाले वन महोत्सव के अंतर्गत जन जागरूकता के कार्यक्रम होंगे। इसके तहत प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता व संगोष्ठी आदि का भी आयोजन स्कूली स्तर पर होंगे। साथ ही अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षावरण व पौधरोपण के महत्व, वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण, स्वच्छता-प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने आदि पर जोर रहेगा। वन महोत्सव के दौरान विरासत वृक्ष वाटिका के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विभाग का जोर रहेगा। इसके साथ ही वेटलैंड्स के कैचमेंट में पौधरोपण, नदियों के संरक्षण व पुनरुद्धार के लिये नदी किनारे पौधरोपण, शहरी क्षेत्रों में भी पौधरोपण किया जाएगा। पहली से सात जुलाई तक प्रत्येक जनपदों में भी जनजागरूकता समेत वृहद स्तर पर अनेक कार्यक्रम होंगे। साथ ही केंद्र सरकार के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम भी लगाए जाएंगे। वन महोत्सव के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की है कि इस वर्षाकाल में अपने घर-आंगन में कम से कम एक या दो फलदार पौधों का रोपण अवश्य करें। साथ ही प्रदेश में अधिक से अधिक पौध रोपित कर इनका सिंचन व सतत देखभाल भी करें।

2024 में भी 35 करोड़ पौधरोपण कराएगी योगी सरकार

वन महोत्सव के अलावा योगी सरकार यूपी को हरा-भरा रखने के लिए इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण करेगी। इसके लिए विभागों और मंडलों के लक्ष्य पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं। वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़ तो ग्राम्य विकास विभाग सूबे में लगाएगा 12.59 करोड़ पौधे लगाएगा। वहीं सर्वाधिक लक्ष्य लखनऊ मंडल (4 करोड़) को दिया गया है।

भारत मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा: योगी

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजस्थान के खैरथल में संत समागम में हुए शामिल

लखनऊ/खैरथल। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को यहां कोटकासिम के लाडपुर में आयोजित संत समागम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध बाबा सोमनाथ मंदिर में आयोजित तृतीय आठमान के विशाल भंडारा में भी हिस्सा लिया। देशभर से यहां आए संतजनों का अभिवादन करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत के सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ है। हमारे सभी कार्यक्रम सनातन धर्म के आराध्य देवों, ऋषि-मुनियों, सिद्धों और संतों के प्रति समर्पित होते हैं। हमारा सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक हैं। भारत मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं नाथ पंथ में दीक्षित महाराज भर्तृहरि की पावन साधना स्थली इस लाडपुर गांव में प्रतिष्ठित संत बाबा सोमनाथ जी की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारे पूज्य संतों की साधना, समर्पण और लोककल्याण के कार्यक्रम सनातन धर्म और भारत को मजबूती देने के लिए होते हैं। सिद्धसंत योगी खेतानाथ महाराज और उनके शिष्य पूज्यसंत महंत सोमनाथ ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए समर्पित किया था। उनकी साधना सनातन धर्म और अनुयायियों के लिए थी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्थान भक्ति और शक्ति की भूमि है। अरावली की पहाड़ियों में अनेकानेक संतों ने लोक कल्याण के लिए साधना की। योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन में उपस्थित तिजारा के सभी भक्तजनों का इस बात के लिए भी अभिनंदन किया कि उन सभी ने विधानसभा चुनाव में यहां से महंत बालकनाथ को जीत दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने बाबा अभयनाथ और बाबा करतारपुरी की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया। संत समागम में राजस्थान के पर्यावरण एवं वन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ सहित षड्दर्शन संप्रदाय से जुड़े संतजन और भक्तजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से मिलेगी प्रेरणा: योगी

लखनऊ। पीएम मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसकी सराहना की। सीएम ने लिखा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के उल्लेख से असंख्य लोगों को अपनी पूज्य मां के साथ मिलकर या उनकी स्मृति में उनके नाम पर पेड़ लगाने की प्रेरणा प्राप्त होगी। पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन और पारिस्थितिकी संतुलन का आधार है। आइए, हम सभी अपनी मां और धरती मां के लिए समर्पित होकर अपनी धरा को हरित बनाने के इस अभियान से जुड़ें और सृष्टि-कल्याण के पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

● ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम ने की आमजन से अपील- मां और धरती मां के लिए समर्पित होकर धरा को हरित बनाने के अभियान से जुड़ें

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर चिकित्सकों को दी बधाई

लखनऊ। उप्र के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को महान चिकित्सक, प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी एवं राजनेता डॉ बीसी रॉय की जयन्ती एवं पुण्य तिथि पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनायी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के योगदान से सभी अवगत हैं।

काशी विद्यापीठ के कुलपति को मिला दूसरा कार्यकाल

लखनऊ। राज्यपाल एवं कुलाधिपति, राज्य विवि आनंदीबेन पटेल ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पुन: उन्हें कुलपति नियुक्त किया है। कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रो. त्यागी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। सिद्धार्थ विवि, कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर के कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव का कार्यकाल समाप्त होने को देखते हुए नियमित नियुक्ति तक अथवा 6 माह की अवधि तक अथवा अग्रिम आदेशों तक जो भी हो, तक के लिए कार्यकाल विस्तारित कर दिया है।

दस सालों से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा: सुचि

लखनऊ। नीट परीक्षा व पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता सुचि विश्वास ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीट पेपर लीक को एक बड़ा घोटाला बताया। कांग्रेस प्रवक्ता सुचि विश्वास ने कहा कि पिछले 10 साल में 70 पेपर लीक हुए हैं, जिससे छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। नीट पेपर लीक कोई लापरवाही नहीं है बल्कि ये हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है। पहली बात तो ये है कि जब 14 तारीख को रिजल्ट जारी करने की बात कही गई थी, उस दिन क्यों जारी किया गया जिस दिन लोकसभा के रिजल्ट आए, ये इस घोटाले के साज़िश का हिस्सा है। न खाऊंगा न खाने दूँगा कहने वाले किसी भी घोटाले पर आजतक कोई जांच नही बैठाई क्योंकि जब घोटाला हुआ है तो फिर कैसे जाँच बिठा सकते हैं? उन्होंने कहा कि इस तरह के पेपर लीक समाज के लिए ख़तरनाक है, जिसे क्क्क्क सरकार रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही है। अगर इस पेपर लीक से ईमानदारी परीक्षा देने वाले डॉक्टर नहीं बन पाए, तों बेईमान लोग देश की जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे। नीट परीक्षा में घोटाला सिर्फ छात्रों के भविष्य के साथ ही नहीं बल्कि देश के शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ भी खिलवाड़ किया गया है।

मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सुचि विश्वास ने कहा कि एक विज्ञापन भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आया था, जिसमें रूस और यूक्रेन, हमास और इजराइल के युद्ध रुकवाने की बात कही गई थी, %वार रुकवा दी पापा% आज नौजवान पूछ रहे हैं कि पेपर लीक क्यों नहीं रुकवाए पापा? उन्होंने कहा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री हर साल छात्रों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के नाम पर बड़ा तमाशा करते हैं मगर उनकी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई भी परीक्षा आयोजित नहीं कर पाती है। आज ज़ब इस देश के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, मोदी सरकार में पेपर लीक हुए तो परीक्षा पर चर्चा करने वाले प्रधानमंत्री संसद में पेपर लीक पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। सुचि विश्वास ने कहा कि जब सदन में राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नीट मुद्दे पर बात करना चाहते हैं तो उनके माइक को बंद कर दिया जाता है। नीट मुद्दे पर खुद तो मोदी सरकार चुप्पी साधे बैठी है साथ ही अलोकतांत्रिक तरीके से विपक्ष की आवाज को भी दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू संसद में कांग्रेस द्वारा नीट के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर कहा कि ये मुद्दा संसद की गरिमा के लिए ठीक नहीं है।

भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है: राजेन्द्र चौधरी

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को अपना नाम देकर उसने श्रेय लेने का प्रयास किया जबकि हकीकत में उसने एक भी कार्य नहीं किया। भाजपा सरकार में सत्ता का दुरूपयोग हुआ, हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार और लूट हुई। समाजवादी सरकार के दौरान मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में विकसित करने की दिशा में कार्य किया था। एक्सप्रेस वे, हाईवे, रिवर फ्रंट, नदियों की सफाई, खेलों का विकास, स्टेडियम का निर्माण और खेल सुविधाओं के लिए आधारभूत ढांचा बनाने का कार्य, अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण, गांवो में सुविधाओं का विकास, खेती और किसानी के लिए नई-नई योजनाएं, बिजली क्षेत्र में कार्य और कानून व्यवस्था के लिए पुलिस को नए तरीके से तैयार करने का काम किया था। लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले 7 साल में सब कुछ बर्बाद कर दिया, भाजपा ने एक भी विद्युत उत्पादन की इकाई नहीं लगाई, विकास को रोक दिया। राजनीतिक द्वेष भावना से कार्य किया।

अखिलेश यादव के कार्यों की सराहना पूरे देश और दुनिया में हो रही है। अखिलेश यादव द्वारा किए गए कार्य आज देश में उदाहरण के तौर पर लिए जाते हैं। विश्वस्तरीय लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे, इकाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और स्पोर्ट्स सिटी या गोमती रिवर फ्रंट और उसके किनारे बनाया गया स्टेडियम व अन्य सुविधाएं। समाजवादी सरकार में बनाए गए आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर श्री अखिलेश यादव ने देश में पहली बार लड़ाकू विमान और मालवाही जहाज को सड़क पर उतार कर अपने विकास के विजन को पूरे देश और दुनिया के सामने रखने का काम किया। देश की सबसे बड़ी सड़क आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे को अखिलेश यादव ने रिकॉर्ड 22 महीने में बना दिया।

अखिलेश यादव द्वारा खेल के क्षेत्र में आधारभूत आधार ढांचे के विकास के लिए समाजवादी सरकार में शहीद पथ के किनारे स्पोर्ट सिटी की आधारशिला रखी गई। इस स्पोर्ट सिटी में बनाया गया अंतर्राष्ट्रीय इकाना क्रिकेट स्टेडियम आज दुनिया में अपनी पहचान बन चुका है। यह अखिलेश यादव की देन है कि लखनऊ आज पूरी दुनिया में जाना जाता है। अखिलेश यादव ने नदियों की सफाई की तरफ विशेष ध्यान दिया और गोमती नदी की सफाई कराकर उस पर रिवर फ्रंट बनाकर देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। गोमती के किनारों को हरा-भरा बनाने के साथ पर्यटन के लिए एक बेहतरीन स्थान बनाया गया। भाजपा सरकार में जितने भी काम हुए हैं सब भ्रष्टाचार के शिकार हुए हैं। लूट और झूठ भाजपा की पहचान है। भाजपा सरकार में जो भी कार्य हुए हैं उसमें जमकर कमीशनखोरी हुई है।

पात्र लोगों को योजनाओं की परिधि में लाने के लिए गठित होगी ट्रांसफार्मेशन टीम

● वृद्धावस्था पेंशन और परिवारिक लाभ योजनाओं में आवश्यकतानुसार बदलाव कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाया जाएगा परिधि में

लखनऊ। सरकार की विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं का लाभ पात्रों तक आसानी से पहुंच सके इसके लिए सीएम योगी के निर्देश पर सभी विभाग नियमित प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश सरकार का समाज कल्याण विभाग अधिक से अधिक पात्र लोगों तक अपनी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मेशन टीम एवं कंसलटेंट नियुक्त करने जा रहा है। ट्रांसफार्मेशन टीम विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर बदलाव हेतु समाधान प्रस्तावित करेंगी। इस टीम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अगले सात कार्य दिवसों में ट्रांसफार्मेशन टीम एवं कंसलटेंट नियुक्त करने का निर्देश निदेशक, समाज कल्याण को दिया है, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित वृद्धावस्था पेंशन और परिवारिक लाभ योजनाओं में आवश्यकतानुसार बदलाव कर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं की परिधि में लाया जा सके। मंत्री असीम अरुण ने निदेशक, समाज कल्याण विभाग को पत्र लिख कर निर्देशित किया है कि प्रधानमत्री के रिफार्म-परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने और अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा चुनिन्दा योजनाओं की प्रणाली को रूपांतरित करने की योजना है। ट्रांसफार्मेशन टीम विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर बदलाव के लिए समाधान प्रस्तावित करेंगी। टीम में विषय के विशेषज्ञ अधिकारी, आईटी एक्सपर्ट, कानून के विशेषज्ञ, अकादमिक विशेषज्ञ और परामर्शदाता शामिल होंगे।

मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। महिला स्वावलंबन व शसक्तीकरण की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा नित नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। मनरेगा योजना में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में इस वर्ष अन्य वर्षो की तुलना में सबसे अधिक है। ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन से महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उप्र में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक मनरेगा योजना के तहत कुल 8.70 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए, जिनमें से 3.78 करोड़ महिलाएं हैं, जो लगभग 43.53 प्रतिशत है। उप्र में मनरेगा के तहत महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी 2020-21 में 33.57 प्रतिशत रही, 2021-22 में 37.25 प्रतिशत रही, 2022-23 में 37.87 प्रतिशत रही, 2023-24 में यह बढ़कर 42.26 प्रतिशत हो गई।

अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाएगी योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार वर्ष 2033 तक अयोध्या को विश्व का सर्वोत्तम शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके लिए वहां संचालित विभिन्न परियोजनाओं में 85 हजार करोड़ रुपए के निवेश की उम्मीद है। यह बात उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा कराई गई एक स्टडी में सामने आई है। यह स्टडी भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई), अहमदाबाद गुजरात ने की है।

ईडीआई ने अपनी स्टडी में बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का विकास इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन और सौंदरीकरण से जुड़े हुए मुख्यत: 27 बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इनमें से बहुत सारे प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं। वहीं कुछ पर अभी काम संचालित है, जिनके जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

रोड और पार्किंग, रेल लाइन का दोहरीकरण, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, गुप्तारघाट, मंदिर संग्रहालय, वैक्स संग्रहालय, सांध्य सरोवर, अयोध्या बाजार, 37 धार्मिक स्थलों का पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण, 25 पौराणिक एवं 39 चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, साउंड लाइट शो के साथ वाटर स्पोर्ट्स और सरयू में क्रूज का संचालन, सरयू के घाटों पर 500 प्रीफ़ैब शौचालय की स्थापना, परिक्रमा मार्गों का विकास, विभिन्न मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास, 140 भाषाओं में मौसम का पूर्वानुमान, सोलर बोट्स का संचालन, 28 भाषाओं में पथ प्रदर्शक बोर्ड, हेलीकॉप्टर की सुविधा, ई-कार्ट सुविधा, दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए व्हीलचेयर, रेल ओवरब्रिज, लक्ष्मण पथ का निर्माण, सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, कैफेटेरिया एवं ओपन थियेटर की सुविधाएं, सफाई मित्रों की तैनाती और स्ट्रीट लाईट जैसे अन्य प्रोजेक्ट शामिल हैं।

ईडीआइआई स्टडी में इस बार की पुष्टि की गई है कि नव्य अयोध्या के विकास के लिए बनी परियोजनाएं विश्वस्तरीय हैं। इसके लिए अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट और इंटरनेशनल बस स्टेशन का विकास किया जा रहा है। इसमें पहले फेज का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को देशभर के प्रमुख शहरों के साथ निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक मानकों को ध्यान में रखकर उसका पुनर्विकास किया गया है।

ईडीआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि अयोध्या में दुनिया की सबसे लंबी सौर स्ट्रीट लाइट परियोजना संचालित है, जिसमें गुप्तारघाट से लक्ष्मण घाट तक 10 कि.मी. के क्षेत्र में 400 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की विकासात्मक पहल से अयोध्या एक विकसित धार्मिक स्थल के रूप में पहचान बनाने के साथ-साथ प्रगतिशील शहरों के मानचित्र पर भी स्थापित हो जायेगी। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में स्थान आधारित पर्यटन केंद्र बनाने पर दिया जा रहा ध्यान विभिन्न प्रकार के आगंतुकों, पर्यटकों, वास्तुकारों को आकर्षित करेगा, जो आने वाले वर्षों में शहर प्रबंधन और नगर नियोजन पर अध्ययन करेंगे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

यह की प्रार्थी की माता श्रीमती मधु सक्सेना पत्नी श्री आई० पी० सक्सेना के नाम से एक किला भूखण्ड सं०-142 भूमि खसरा सं०-353 व 354 का मिनजुमला स्थित ग्राम- चांदन, परगना ,तहसील व जिला लखनऊ गजेन्द्र सहकारी आवास समिति लि० द्वारा सचिव श्री गजेन्द्र कुमार से दिनाँक 26-06 -1991 के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख क्रम की गयी थी। जो की भाग सं०-1 खण्ड सं० -1013 के पृष्ठ संख्या -101 से 110 पर क्रमाँक -17072 पर कार्यालय उपनिबन्धक प्रथम लखनऊ में पंजीकृत है। उपरोक्त विक्रय विलेख की मूल प्रति दिनाँक 24-02-2024 को वास्तव में खो गया है जो कि बहुत ढूंढने के उपरान्त भी नहीं मिल पाया है। यदि किसीको उपरोक्त विक्रय विलेख की मूल प्रति प्राप्त होती है तो निम्न पते पर संपर्क करे।

नाम - हरितेश कुमार सक्सेना
पता -C-2510, इंदिरा नगर लखनऊ
मो न० -9838443443

बारिश से जलभराव, शहरवासी परेशान

● पंप से की जा रही जल निकासी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मानसून की पहली बारिश में ही जगह-जगह जलभराव हो गया। आईआईएम रोड, अलीगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर, जानकीपुरम, राजाजीपुरम में जलभराव की शिकायतें आती रहीं। नगर निगम के कंट्रोल रूम में जलभराव से संबंधित शिकायतें दर्ज की गयी। पहले से तैयार नगर निगम द्वारा पंप से जलभराव से राहत देने का काम शुरू किया गया। नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

राजधानी में मानसून के लिहाज से यह बारिश ज्यादा नहीं थी। बावजूद इसके शहर के कई इलाके मात्र दो तीन घंटे की बारिश में ही जलमग्न हो गए। सबसे अधिक शिकायतें पुराने शहर से आईं। इनमें चौक, नक्खास आदि इलाके शामिल हैं। इसके अलावा आलमबाग, अलीगंज, जानकीपुरम से भी बड़ी संख्या में जलभराव होने की शिकायतें आईं हैं। रविवार को तेज बारिश के झोंके में शीश महल की गलियां जलमग्न हो गई थीं। साथ ही कपूरथला के आसापासए इन्दिरा नगर और जानकीपुरम के कई इलाकों में पानी जमा हो गया था। आईआईएम रोड के पास मुतक्कीपुर की मुख्य रोड पर भारी जलभराव से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। यहां पर अक्सर दो पहिया वाहन फंसते हैं, जिससे लोग दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। एयरपोर्ट के आसपास स्थित कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या हो गई थी लेकिन रात तक पानी निकल गया। वहीं, नगर निगम के अनुसार जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियां पूरी हैं। शहर को जलभराव से बचाने के लिए इस बार बड़े स्तर पर नगर निगम ने तैयारियां की हैं। मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने एयरपोर्ट समेत कई इलाकों का दौरा किया जहां जलभराव होने की संभावना है। नगर आयुक्त ने बताया कि लो.लाइन यानी निचले इलाकों में जलभराव होने की संभावना रहती है। ऐसे इलाकों में 130 पम्प पहले से ही इन इलाकों में लगा दिए गए हैं। बारिश ज्यादा होने की स्थिति में पम्प चालू कर दिए जाएंगे। इसके अलावा 100 पम्प अतिरिक्त रखे गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर तुरंत इनको संबंधित स्थानों पर भेज दिया जाएगा। साथ ही नाला सफाई का 72 घंटे का अभियान पूरा हो चुका है। बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों की क्रियाशीलता चेक की गई है। सभी पम्प कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा नदी के जहां गेट निर्माण कार्य की वजह से बंद थे उनको खोल दिया गया है। वर्षा के दौरान जलभराव से बचाव के लिए तैयारियां नगर निगम के स्तर से पूरी हैं। दिन भर बादल उमड़ते घुमड़ते रहे लेकिन बारिश शाम को ही हुई। अमौसी स्थित मौसम केन्द्र ने रडार के आकलन पर रविवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। बादलों का पैटर्न बता रहा है कि रविवार को मध्यम से भारी बारिश हो सकती थी। ऐसे में मौसम विभाग ने सावधानी बरतने का सुझाव दिया है।

भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिलने लगी है। राजधानी लखनऊ में बीते दो दिनों से मौसम सुहाना बना हुआ है। इस बीच रविवार शाम लखनऊ में बारिश शुरू हो गई। इंदिरानगर कई इलाको में लोग बारिश में नहाते दिखे। हालांकि इस बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है। रविवार को शाम को पानी बरसते ही लोगों के इंतजार का बांध टूट गया। रिमझिम बारिश में क्या बच्चे और क्या बड़े सभी नहाते दिखे। कुछ गलियों में तो कई अपनी छतों पर बारिश में भीगते दिखे। अलीगंज, विकास नगर सहित अन्य इलाके के लोग बारिश का आनंद लेने के लिए सड़कों पर निकल पड़े हैं। दरअसलए बीते कई दिनों से लगातार गर्मी और लू के कारण लोग परेशान थे। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग मानसून का इंतजार कर रहे थे। वहींए अब मानसून ने राजधनी में भी दस्तक दे दी हैए जिसके कारण लोगों को बड़ी राहत मिली है।

विधायक डॉ. नीरज बोरा ने क्षेत्रों का दौरा कर शीघ्र जल निकासी के दिए निर्देश

लखनऊ। अलीगंज जोन में आने वाले जानकीपुरम के जलभराव का क्षेत्रीय विधायक द्वारा किया गया। क्षेत्रीय विधायक द्वारा बारिश से क्षेत्र में दिक्कत न हो इसके लिए जलनिकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालों की साफसफाई, नाली का लेवल सही करने, जलभराव वाले सम्भावित स्थानों पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करें। रविवार को उत्तरी सीट से विधायक डॉ. नीरज बोरा ने रविवार को जानकीपुरम के जलभराव वाले सम्भावित स्थानों का दौरा किया। विधायक ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि बारिश में क्षेत्र के लोगों को समस्या न हो इसके लिए त्वरित जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाय और संबंधित कर्मचारी अलर्ट मोड में रहें।

क्षेत्रीय नागरिकों के बीच नगर निगम, जलकल और सुएज के अधिकारियों को लेकर रविवार की दोपहर जानकीपुरम के सेक्टर जी में पहुंचे विधायक डॉ नीरज बोरा ने लोगों का फीडबैक लिया और प्रशासन द्वारा जलभराव से मुक्ति के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। गत वर्ष बरसात में लोगों के घरों में पानी भरने से हुई असुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार समय पूर्व तैयारियां की जा रही हैं। जानकीपुरम की जलनिकासी के लिए विधायक डॉ बोरा ने गत वर्षों में पम्पिंग स्टेशन में नये पम्प भी लगवाये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नालों की साफसफाई, नाली का लेवल सही करने, जलभराव वाले सम्भावित स्थानों पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने और सीवर की समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। मौके पर नगर निगम के जोनल अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री, अधिशासी अभियन्ता अतुल मिश्रा, सहायक अभियन्ता विनोदचन्द्र पाठक, जलकल के अधिशासी अभियन्ता शशि गुप्ता, जेडएसओ जितेन्द्र गांधी आदि मौजूद रहे। साथ ही स्थानीय नागरिकों मे पार्षद राजकुमारी मौर्या समेत अन्य भी उपस्थित रहे।

आयुष विभाग में स्थानान्तरण सत्र शून्य

लखनऊ। शासन स्तर पर सरकारी अधिकारियों/कर्मचारियों की वार्षिक स्थानांतरण नीति वर्ष-2024-25 के क्रम में आयुष विभाग (आयुर्वेद/यूनानी/होम्योपैथिक) ने स्थानान्तरण सत्र को शून्य घोषित कर दिया है। रविवार को इस आशय का आदेश प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि स्थानान्तरण से सम्बन्धित कार्मिकों के स्थानांतरण हेतु निदेशकों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों/ प्रस्तावों के सम्यक परीक्षणोंपरान्त प्रथम दृष्टया पाया गया है कि प्रश्नगत अभिलेख/प्रस्ताव अत्यंत विलम्ब से प्राप्त हुए हैं तथा उनमें कई विसंगतियों परिलक्षित हो रही हैं, जिनका निराकरण किया जाना वर्तमान में सम्भव प्रतीत नहीं हो रहा है। स्थानान्तरण सत्र शून्य घोषित किया गया है। यदि भविष्य में शासकीय हित के दृष्टिगत अपरिहार्यता की स्थिति उत्पन्न होती है,तो समय-सीमा के विस्तार/अनुमति के बिन्दु पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त कर स्थानान्तरण किये जायेंगे।

वीरांगना ऊदा देवी की जयंती पर सिकंदरा बाग स्थित वीरांगना ऊदा देवी वाटिका पर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान व अन्य ने माल्यार्पण कर मनाई जयंती।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला के जरिए 158279 लोगों को मिला परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में आम आदमी तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए योगी सरकार की तरफ से शुरू की गयी मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला योजना के तहत रविवार को प्रदेश भर के सीएचसी, पीएचसी से लेकर जिला चिकित्सालयों में मेले का आयोजन किया गया। पूरे दिन चले मेले के दौरान 158279 लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया।

रविवार को आयोजित 155 वां मुख्यमंत्री आरोग्य मेलें में कुल 158279 रोगी 66575 पुरूष 65041 महिलाये 26663 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1113 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 3245 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 4993 चिकित्सक तथा 14924 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2894 आईसीडीएस स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। आज के मेले में कुल 9304 फीवर केसेज आये, जिनमें 3521 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किये गये तथा 12 मलेरिया हेतु धनात्मक पाये गये। डेंगू के 1199 टेस्ट किये गये, जिसमें शून्य मरीज धनात्मक पाये गये। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1486 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें एक भी कोविड के धनात्मक मरीज नहीं पाये गये। इस प्रकार अब तक आयोजित कुल मेलों में 128440219 रोगी लाभान्वित हुये। 282747 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 1737652 गोल्डेन कार्ड बने।

लविवि में दाखिले के लिए आवेदन अब पांच जुलाई तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों के अंतर्गत दाखिले की तिथि बढ़ा दी है। छात्र अपनी सुविधानुसार पांच जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विवि की तरफ से प्रवेश परीक्षा की तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रवेश परीक्षा पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार दिनांक 11.07.2024 से ही संपादित होगी। स्नातक स्तर पर सामान्य व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 800 रुपए और अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति व विकलांग छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 400 रुपए रखा गया है। इसी तरह स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों के तीत बीबीए व बीसीए के अंतर्गत सामान्य व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए और अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति व विकलांग छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है। डीफार्म के लिए सामान्य व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1000 रुपए और अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति व विकलांग छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है। बैचलर आफ एलीमेंट्री एजुकेशन के तहत सामान्य व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1600 रुपए और अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति व विकलांग छात्रों के लिए आवेदन शुल्क 800 रुपए रखा गया है। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्क्रमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4250 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। इसके साथ ही जो महाविद्यालय केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होगें उनके महाविद्यालय की सीटों का भी प्रवेश विश्वविद्यालय के आनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की प्रक्रिया गत वर्ष की भांति ही रहेगी। जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना है उन्हे सर्वप्रथम एलयूआरएन का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा, इसके उपरान्त ही वह अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय के आनलाइन प्रवेश फार्म को भर पायेगा। एलयूआरएन लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अनिवार्य है। अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया संबंधी समस्त विवरण एवं प्रक्रिया की जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जा के देख सकते है। एडमिशन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

कोर्स	सीट
बीए	1350
बीएससी बायो	280
बीएससी मैथ	470
बीकॉम ऑनर्स	180
बीकॉम एनईपी	450
बीकॉम सेल्फ	240
एलएलबी ऑनर्स	160
बीसीए	120
बीबीए टूरिज्म	60
डीफार्म	60
बीए, बीएससी योगा	60
बीवोक रिनेवल एनर्जी	25

ऐसे करें आवेदन

1. फार्म भरने के पूर्व एडमिशन पेज पर अंकित निर्देशों एवं यूजी और पीजी के एडमिशन ब्रोशर को अवश्य पढ़ लें।
2. अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
3. सिग्नेचर की स्कैन कापी 50केबी के अंदर हो।
4. यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो।
5. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करे।
6. किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन न0 0522-4150500 पर प्रात: 10 से सायं 6 तक संपर्क कर सकते हैं।

एसडीएम सदर को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसडीएम सदर को सूडा द्वारा सम्मानित किया गया। सूडा के निदेशक द्वारा एसडीएम सदर को प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। रविवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में उत्कृष्ट कार्य के लिए उपजिलाधिकारी सदर देवेंद्र सिंह को लखनऊ में सम्मानित किया गया। इन दिनों एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह के पास डूडा के प्रभारी का चार्ज है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में पात्रों को पारदर्शिता से आवास योजना का लाभ देने के लिए लखनऊ में सूडा के निदेशक अनिल पाठक ने उन्हें सम्मानित किया। एसडीएम को वरिष्ठ व अधीनस्थों ने सराहा है।

प्राविधिक शिक्षा विभाग फार्मेसी की मान्यता को लेकर जारी किया नोटिस

लखनऊ। प्रदेश भर में फार्मेसी संस्थान खोलने और उन्हें मान्यता देने के मामले में मानकों को दरकिनार कर दी जाने वाली एनओसी जारी करने वाले अधिकारियों को प्राविधिक शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर 15 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा पूरे मामले पर रिपोर्ट तलब करने के बाद जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाकर दुबारा जांच कराई गई, जिसमें गड़बड़ी के कुछ और नए तथ्य सामने आए। इसके बाद फिर से पूरे मामले की जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट के प्राप्त होने के बाद प्राविधिक शिक्षा परिषद ने तकरीबन 105 अधिकारियों को आरोप पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा हैं। बता दें कि जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा हुआ है। मसलन, एनओसी देते समय अधिकारियों ने आवेदकों के राजस्व अभिलेखों में पाई गई कमियों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया। कई जगहों पर पीसीआई के मानकों के अनुसार पुस्तकालय, प्रयोगशालायें व उपकरणों की कमी के बावजूद एनओसी प्रदान की गई। संस्थान का भवन सोसायटी का है या किराये की इस बारे में भी कई संस्थानों की आधी- अधूरी सूचनाएं ही दी गई है।

एलयू पीजी में आवेदन की तिथि विस्तारित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने रविवार को परास्नातक स्तर पर संचालित कोर्सों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। विवि में प्रवेश के लिए छात्र 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

राजाजीपुरम के मिनी स्टेडियम से भारत के वर्ल्ड कप जीतने पर बच्चे तिरंगा लेकर विजय जुलूस निकालते हुए।

मेधावी बच्चों को साइकिल देकर किया गया सम्मानित

● अमांवा, खुशहालगंज में लगा 77 वां आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर

लखनऊ। सरोजनीनगर की जनता के साथ संवाद, मेधावियों के सम्मान और जन समस्याओं के समाधान के लिए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर अनवरत संचालित है। रविवार को ग्राम पंचायत अमांवा, खुशहालगंज में 77वें आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन कर विधायक की टीम द्वारा ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं गईं और उनके यथोचित समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, जल निकासी आदि से जुडी समस्याएं विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम के सामने रखी।

साथ ही गाँव की पहल के अंतर्गत हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अमांवा, खुशहालगंज के मेधावियों दिव्यांशु पटेल (95 प्रतिशत), अनन्या (78.83 प्रतिशत) और इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों रागिनी देवी (88 प्रतिशत) व विनीता (58.4 प्रतिशत) को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से साईकिल, घड़ी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनसुनवाई शिविर के दौरान अमांवा के बूथ अध्यक्ष अरुण सिंह, बीडीसी बाबू लाल रावत, पूर्व सेक्टर संयोजक राजवीर सिंह, शिव बोध सिंह, मुन्ना सिंह, नन्हे कुमार एवं दोसे लाल को भी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित जनों को सरोजनी नगर की पहचान बन चुकी ताराशक्ति नि:शुल्क रसोई के माध्यम से ताजा, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। शिविर के दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह (राजू), मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, सेक्टर संयोजक गोमती रावत, बीडीसी संतोष कुमार, बूथ अध्यक्ष अरुण सिंह, अवधेश कुमार, भाजपा नेता रमेश साहू, राजवीर सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहें।

सपा मुखिया के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर हवन व भंडारा आयोजित

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर रविवार को राजधानी लखनऊ में विविध आयोजन हुए। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना, हवन और भंडारे का आयोजन कर श्री अखिलेश यादव के दीर्घायु एवं स्वास्थ्य लाभ की कामना की। गोमती नदी के किनारे हनुमान सेतु पर अखिलेश यादव के दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए लखनऊ उत्तरी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी सुश्री पूजा शुक्ला ने भंडारे का आयोजन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा, प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल समेत अन्य नेताओं ने श्री हनुमान जी के दर्शन किये और भंडारे में प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर सर्वश्री शकील खां, विनीत कुशवाहा, डॉ0 हमजा बिलाल, जावेद खां, नवीन धवन बंटी, सऊद मसीद, ललित तिवारी, नदीम खां, गुलशन अब्बास आदिल, देवीबख्स सिंह, राजू यादव, सुधीर मौर्य, अतहर हुसैन, अनुराग मिश्र, इमरान खान, सूरज वर्मा, जगलाल यादव, शैलेन्द्र लोधी, जावेद खां, फारूख जहां, शर्मिला महाराज, शाहीन खान, फारूख जहां, शहनाज बानो, नरगिस फातिमा, रजिया नवाज आदि नेता मौजूद रहे।

हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में पूर्व महानगर अध्यक्ष लखनऊ सुशील दीक्षित ने अखिलेश यादव के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना के लिए हवन पूजन का आयोजन किया। इसमें राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, विधायक रविदास मेहरोत्रा, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, पूर्व मेयर प्रत्याशी मीरा वर्धन, जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत ने आहुति डाली। इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह, जीतू यादव, रामसिंह राणा, राम सागर यादव, विजय सिंह, नवीन धवन बंटी, शर्मिला महाराज, सिकन्दर यादव, अनुराग मिश्र, अतहर हुसैन, इमरान खान, सरवर अली, अरविन्द यादव, शब्बीर खान, मनोज पासवान, धीरज यादव, राधाकांत, प्रदीप शर्मा, फरहाना, संतोष श्रीवास्तव, रीता जायसवार, दीपक पहलवान, वंदना चतुर्वेदी, राजकिशोर सुहैल अहमद, दिलीप कमलापुरी, राजकुमार मौर्य, इब्राहिम मंसूरी, विभव यादव, मोहम्मद सिराज खान, एकलाख अहमद मुन्ना, रितेश साहू, सनी सिंह, प्रियंका, अतुल यादव, सतेन्द्र सोनकर, संजय यादव, शफीक अंसारी, राम सिंह, राजकुमार सिंह, नवनीत तिवारी, राजकिशोर धानुक, मेहनाज खान, सिराज अहमद खान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही है।

समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर बी. पांडे के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर लखनऊ के बिजनौर स्थित मलिन बस्ती में जाकर गरीब बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल, केक, फ्रूटी आदि का वितरण किया किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री कुलदीप यादव, नरेंद्र सिंह, अजरा मुस्ताक, अजय यादव, दीपक विजय पांडे, अमित कुमार यादव, डॉ. लल्लन सिंह, डॉ. अजयवीर, डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह, डी.पी. लाल श्रीवास्तव आदि समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। अखिलेश यादव के दीर्घायु और स्वास्थ्य के लिए कई स्थानों पर समाजवादी पार्टी नेताओं ने वृक्षारोपण किया।

समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप के नेतृत्व में गोमती रिवरफ्रंट पर वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सर्वश्री रामसागर यादव, श्यामकृष्ण गुप्ता, मनीष सिंह, राजेन्द्र लोधी, मनोज पाल, आशीष यादव, गोविन्द रावत, राजेश पाल, आशीष पाल, मोनू, सूरज यादव, नयन वर्मा, मुकेश बाल्मीकि, अरविन्द यादव आदि लोग मौजूद रहे। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा, युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरविन्द गिरि तथा लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष राम करन निर्मल ने राजधानी लखनऊ, हजरतगंज में पौधे बांटे।

धार्मिक परम्पराओं एवं आस्था को सम्मान दें: योगी

- मलिन बस्तियों के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए
- हर किसी को सतर्क एवं सावधान रहने की आवश्यकता: सीएम
- मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की समीक्षा की

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में आगामी पर्व एवं त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून-व्यवस्था तथा महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस कमिश्नरों, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/पुलिस अधीक्षकों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास प्रारम्भ हो रहा है। इस अवधि में श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। श्रावण मास में परम्परागत कांवड़ यात्रा निकलेगी। 07 से 09 जुलाई तक श्री जगन्नाथ रथ यात्रा, 07-08 जुलाई से 17-18 जुलाई तक मोहर्रम तथा 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन अवसर है। बरसात का मौसम भी प्रारम्भ हो रहा है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का आयोजन भी होना है। स्पष्ट है कि कल से प्रारम्भ हो रहा माह कानून-व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा सहित अनेक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है। ऐसे में हर किसी को सतर्क एवं सावधान रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारम्परिक कांवड़ यात्रा की दृष्टि से उत्तराखण्ड की सीमा से लगे जनपद तथा गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, बाराबंकी, बस्ती आदि जनपद अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश में जनपदों के बीच तथा सीमावर्ती जनपदों का स्थानीय प्रशासन दूसरे सीमावर्ती राज्यों से सतत संवाद, सम्पर्क एवं समन्वय बनाये रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था के उत्साह का आयोजन है। परम्परागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। यह सुनिश्चित करें कि डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो। डीजे की ऊंचाई तय सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की खरीद-बिक्री न हो। यात्रा मार्ग पर स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा स्ट्रीट लाइट की अच्छी व्यवस्था हो। कांवड़ शिविर लगाने वाली समितियों का सहयोग लें। यात्रा मार्गों को चिन्हित करते हुए भीड़ प्रबन्धन, रूट डायवर्जन, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों आदि की व्यवस्था समय से कर ली जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर बिजली के जर्जर खम्भे तथा झूलते-लटकते तार आदि को समय से ठीक कर लिया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो और किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न आए। श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा के अतिरिक्त हर गांव, कस्बे तथा नगर में सोमवार को शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाले ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ स्थानीय प्रशासन द्वारा संवाद एवं समन्वय बनाया जाए। विगत वर्ष कुछ स्थानों पर दुर्घटनाएं घटित हुई थीं। उनसे सीख लेते हुये इस वर्ष सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाने चाहिए। ताजिया की ऊंचाई परम्परा के अनुरूप ही हो। दुर्घटना का कारक बनने वाले अनावश्यक रूप से ओवरसाइज ताजिया जुलूस में शामिल न हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व एवं त्योहारों में प्रशासन द्वारा आम जन को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परम्परा एवं आस्था को सम्मान दें, लेकिन परम्परा के विरुद्ध कोई कार्य न हो। धार्मिक यात्राओं/जुलूसों में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों। ताजिया वहीं रखे जाएं जहां किसी प्रकार का विवाद न हो। हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। कांवड़ शिविर लगाए जाने के स्थान पहले से चिन्हित हों, ताकि आवागमन बाधित न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक रूप से उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। सुरक्षा में कोई सेंध न लगा पाये, इसके लिए हमें हर समय अलर्ट रहना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम प्रारंभ हो चुका है ऐसे में स्वास्थ्य की आपातकालीन सेवाएं अलर्ट मोड में रहें। कांवड़ यात्रियों को आपातकाल में तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। अयोध्या के श्रावण मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबन्ध समय से कर लिए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष अप्रैल, जुलाई तथा अक्टूबर माह में संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ विशेष अभियान संचालित होता है। इस वर्ष 01 जुलाई से इसका नवीन चरण प्रारम्भ हो रहा है। अभियान को प्रभावी बनाना सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अभियान की सफलता के लिए सरकारी प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। पूर्व के अनुभवों को देखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय महत्वपूर्ण आधार है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, मेडिकल एजुकेशन, ग्राम्य विकास, नगर विकास, महिला एवं बाल विकास, कृषि, बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा का ठोस प्रयास किया जाए। इस वर्ष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत हमें 'स्टॉप डायरिया' के संकल्प को लेकर भी कार्य करना है। हमारा लक्ष्य है पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में दस्त के कारण मृत्यु की आशंका को समाप्त करना। फ्रंटलाइन वर्कर्स अपने साथ ओआरएस तथा क्लोरीन की गोलियां लेकर जाएं। सभी को मिलकर इस अभियान को सफल बनाना होगा।

मुख्यमंत्र ने कहा कि सतत तथा समन्वित प्रयासों से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आगामी 01 जुलाई से प्रदेशव्यापी 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण प्रारंभ हो रहा है। यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूल चलो अभियान में सांसद, विधायक, जिला एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान सहित हर जनप्रतिनिधि की सहभागिता होनी चाहिए। मलिन बस्तियों में बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। कक्षा 01 व 02 में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को लागू किया गया है, इस सम्बन्ध में आवश्यक पाठ्य सामग्री यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दिवस एक साथ परिषदीय विद्यालय के 88 लाख से अधिक बच्चों को पाठ्य सामग्री, यूनिफॉर्म, जूता-मोजा तथा स्वेटर आदि के लिए प्रति छात्र 1200 रुपये डीबीटी के माध्यम से उनके अभिभावकों के खातों में उपलब्ध कराये गए हैं। यह सुनिश्चित करायें कि स्कूल में विद्यार्थी 'पूरी बांह की शर्ट' ही पहन कर आये। बीमारियों से बचाव में यह उपयोगी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई माह का प्रथम सप्ताह पौधरोपण महाभियान को सफल बनाने हेतु जनजागरूकता बढ़ाने के लिए होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर देशवासी को 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने की प्रेरणा दी है। उत्तर प्रदेश का हर नागरिक प्रधानमंत्री के भाव से जुड़कर इस वर्ष के 'वन महोत्सव' को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में अपना योगदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की संभावना के दृष्टिगत राहत एवं बचाव से जुड़ी सभी तैयारियां कर ली जायें।

सपा मुख्यालय में मनाई वीरांगना ऊदादेवी की जयंती

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की आरे से रविवार को वीरांगना ऊदादेवी की 151वीं जयंती सादगी से मनाई गई। राज्य मुख्यालय 19, विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और सिकंदरबाग स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल ने माल्यार्पण कर नमन किया।

वीरांगना ऊदा देवी अवध के अंतिम नवाब वाजिद अली शाह की बेगम हजरतमहल की सुरक्षा में तैनात थी। नवाब के निर्वासन के बाद 1857 की क्रांति में ऊदादेवी ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। लखनऊ के सिकन्दरबाग में अंग्रेज फौज पहुंचने से पहले ऊदादेवी ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया था। मौके पर पहुंचे कैप्टेन वायलस और डगलस हैरान परेशान थे तभी उनकी नज़र पेड़ पर बैठे लालवर्दी में सिपाही पर पड़ी। अंग्रेज फौज ने वीरांगना को मार गिराया। उनकी वीरता और बलिदान इतिहास का एक अमर पृष्ठ है। सपा के राज्य मुख्यालय में वीरांगना ऊदादेवी को सर्वश्री सी.एल. वर्मा, मनोज कुमार पाल, तारिक खान, आशुतोष यादव, दिनेश सिंह, एस.के. राय, डॉ0 हरिश्चन्द्र, शिव शरन तिवारी, अतुल यादव, शिव सिंह चौहान, मोहित यादव, दिलीप कमलापुरी, शमसाद हुसैन, योगेश पाल, अजहर रहमान, सतीश मौर्य, अमित कुमार, दिलीप कुमार, नेहा पाण्डेय, शुभम पाल, अशोक सिंह चौहान, संतराम यादव, विकास मौर्य, रोहित कुमार मोहम्मद वसीम ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

सिकन्दरबाग चौराहे पर स्थित वीरांगना ऊदादेवी की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सी.एल. वर्मा, प्रदेश महासचिव श्री अताउर्रहमान तथा पूर्व विधायक श्री अम्बरीष पुष्कर, सहित सर्वश्री रामसागर रावत, अर्चना रावत, मनोज पासवान, अनोद कुमार रावत, अनिल पासी, मनोज पाल, सुनील रावत, सचिन रावत, यशवंत सिंह आदि ने भी श्रद्धासुमन भेंट किए तथा उनके शौर्य एवं देशभक्ति की सराहना की।

सीएमओ ने किया एक पीएचसी व एक नगरी स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओयल और नगरी स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैयाबाग का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गोट्टैयाबाग में तैनात फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले। वहीं पीएचसी ओयल में समस्त कर्मचारी उपस्थित मिलेए और समस्त स्वास्थ्य सेवाएं संचालित मिलीं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टिगत उन्होंने रविवार दोपहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओयल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय तक 116 मरीज देखे गए थेए वहीं 20 विभिन्न रोगों से सम्बंधित जांचें भी की जा चुकी थीं। बारिश के कारण छत पर जमा पानी और गंदगी को लेकर नाराजगी जाहिर की और उन्होंने छत की सफाई और ड्रेनेज पाइप को भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बरसात में पानी जमा न होने दें। सफाई की व्यापक व्यवस्था रखें। वह नगरी स्वास्थ्य केंद्र गोट्टैयाबाग पहुंचे। जहां पर तैनात फार्मासिस्ट प्रशांत राज अनुपस्थित मिले, अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

दुष्कर्म के आरोपी सहित दो गिरफ्तार

मुसाफिरखाना, अमेठी। एसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस लगातार सघन तलाशी अभियान चला रही है।इसी क्रम में स्थानीय कोतवाली पुलिस ने अलग अलग मामलों में नामजद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने मय हमराही बीते दिनों एक गांव निवासिनी किशोरी से दुष्कर्म करने अश्लील वीडियो बनाने व धमकी देने के मामले में नामजद आरोपी मोहम्मद कासिफ उर्फ पप्पू पुत्र अकील अहमद निवासी ग्राम पूरे जोरई मजरे औरंगाबाद मुसाफिरखाना अमेठी को रेलवे स्टेशन रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया वही एक अन्य अपहरण सहित अन्य धाराओं वांछित चले रहे आरोपी को इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।पुलिस टीम नामजद आरोपी राज बहादुर यादव पुत्र केदार नाथ यादव निवासी ग्राम पूरे भारी मजरे पिंडारा महराज मुसाफिरखाना अमेठी को दबिश के दौरान उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनो व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही में जुट गई।

बारिस न होने से बढ़ रही किसानो की चिंता

लालगंज रायबरेली। नहरो में पानी न आने व इंद्रदेव के रूठने से किसान व जनता बेहाल है। बादलो की बेरूखी किसानो के लिये परेशानी का सबब बनती जा रही है। बारिस न होने से धान की फसल पिछड़ रही है जिससे पैदावार कम होने की आशंका बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग के तमाम दावों के बावजूद क्षेत्र में अभी तक बारिस न होने से जहां किसान अपनी फसलो को नही बो पा रहे है। वही उमस के चलते लोग परेशान है। किसान धनपाल सिंह ने बताया कि बारिस न होने से धान के बेड़ नही बढ़ पा रही है। फसल लेट हो रही है जिसके चलते पैदावार में असर पड़ने की संभावना है। किसान रणविजय ने बताया कि बारिस की बेरूखी के चलते अभी तक खेत खाली पड़े है। वही ग्रामीण सोनू, बउवा व शिब्बू आदि ने बताया कि बारिस न होने के चलते दिन रात उमस व गर्मी से जीवन बेहाल हो गया है।

कार सवार बकरी चोरो के आंतक से ग्रामीण भयभीत

लालगंज। क्षेत्र में कार सवार बकरी चोरो के आतंक से क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में घटनायें करने के बाद बीती रात चोरो ने पूरे पासिन मजरे धन्नीपुर गांव निवासी मंगल पासवान की 4 बकरियां तथा पूरे ओरी मजरे महाखेड़ा गांव निवासी रामअधार की 2 बकरियां चोरो ने पार कर दी। पीड़ितो ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद चोरो को पकडने की गुहार लगाई है। पीड़ितो के अनुसार सफेद रंग की कार से इन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। यह घटनायें रात लगभग 2 से 3 के बीच की बताई गई है।

ट्रक व कार के बीच भिड़ंत में कार चालक घायल

ऊंचाहार। ट्रक व कार के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में कार चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर ब्रहमौली के निकट ट्रक व कार के बीच जोरदार टक्कर हो गईए घटना में कार चालक पुनीत कुमार निवासी बरोह थाना कुंडा जिला प्रतापगढ़ घायल हो गयाए सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने उसे जीप से ऊंचाहार सीएचसी पहुंचायाए जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक सीएचसी आया थाए जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई युवक घायल

बछरावा। रायबरेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा के पास प्रियांशु पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम इशिया थाना क्षेत्र बछरावां, लखनऊ से वापस अपने गांव की तरफआ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक टोल प्लाजा के निकट पहुंची की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। परिणाम स्वरूप युवक गिरकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के सिर पर गंभीर चोट होने के चलते वह गिरने के बाद अचेत अवस्था हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

करंट की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल

बछरावा। रायबरेली थाना क्षेत्र के थुलेडी गाँव निवासिनी कुरेश पत्नी मोहम्मद अहसान शनिवार शाम को घर में अकेली थी। और भीषण गर्मी के चलते फर्राटा लगाने के लिए पहुंच गई। बरसात होने के चलते फर्राटे में करंट उतर रहा था, जिसकी जानकारी महिला को नहीं थी। अचानक फर्राटे को जैसे ही बिजली के बोर्ड में लगाया और फर्राटा छूते ही करंट की चपेट में आ गई और महिला नीचे गिरकर मरणासन्न स्थिति में हो गई। थोड़ी देर के बाद जब परिजन घर पहुंचे तो महिला को देख परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां महिला का इलाज किया जा रहा है।

तीन के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। खेत में शौचक्रिया को गये युवक के साथ गांव के ही एक परिवार के तीन सदस्यों द्वारा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामलें में पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीडित नें न्यायालय की शरण ली है। ग्राम मायानगर निवासी रामनारायण दोहरे पुत्र मंगल द्वारा कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें मे कहा गया है कि विगत 27 मई को वह प्रभात के खेत में शौचक्रिया करनें गया था तभी जसोदा निवासी प्रभात व उसकी पत्नी रामादेवी, पुत्री रोली ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते धमकी दी है।

महिला एसो ने तीन दम्पतियों में कराया सुलह

सन्तकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाये जा रहे साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के तहत आज 30.06.2024 को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना जनपद संतकबीरनगर पर थानाध्यक्ष पूनम मौर्या एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी के अध्यक्षता में 03 मामले आये। जिसमें सुलह समझौता करवाया गया।

सेवानिवृत होने पर सीओ सहित 5 पुलिस कर्मियों दी गईं विदाई

संतकबीर नगर। पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए क्षेत्राधिकारी मेंहदावल व 04 पुलिसकर्मियों के विदाई समारोह का आयोजन कर सुखमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। रविवार को जनपद संतकबीरनगर में तैनात क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्र सिंह राठौर एसआईसीपी शमंजूर हसन अंसारीए एसआई लिपिक श्रीमती प्रेमशीला उपाध्याय हे0का0 डीआर श्यामानंद यादव आरएसआई राम कोमल अपनी . अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए । इस अवसर पर पुलिस लाइन संतकबीरनगर सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी मेंहदावल व अन्य पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

डिप्टी एसपी के पद पर हुई पदोन्नति, हर्ष की लहर

गोंडा। जिले के सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ऊंचे झंझरी गांव निवासी इंस्पेक्टर बसंत कुमार दूबे की पदोन्नति डिप्टी एसपी के पद पर होने से उनके गांव व इष्ट मित्रों में खुशी का माहौल है। तमाम लोगों ने उनके घर पहुंचकर खुशी जताते हुए परिजनों को बधाई दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के यहां गोपनीय विभाग में तैनात इंस्पेक्टर बसंत कुमार दूबे का शासन से प्रोन्नति पुलिस उपाधीक्षक के पद पर हुई है। गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने उन्हें सिल्वर बैज लगाया और पदोन्नति की बधाई दी। एसपी सिटी केके विश्नोई समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बनाए जाने पर उनके बड़े भाई लालजी दूबे, हुकुमचंद दूबे, पाटेश्वरी दूबे, भतीजे शैलेंद्र दूबे, उपेंद्र दूबे, धर्मेंद्र दूबे, दिलीप दूबे, अरविंद दूबे, रवि दूबे, अभिषेक दूबे, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, संगठन मंत्री बागीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजभूषण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी 'बुलेट', जिला महामंत्री विजय सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन तिवारी, अनिल यादव, पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिला प्रभारी ए.आर. उस्मानी, जिलाध्यक्ष नरेंद्रलाल गुप्ता, मनू यादव, अशोक पाठक, यू.पी. जर्नलिस्टस एसो. (उपजा) के जिलाध्यक्ष श्रवण त्रिपाठी, जिला महामंत्री हेमन्त पाठक, सुनील तिवारी, लवी श्रीवास्तव, पुनीता मिश्रा अमित पांडेय, राहुल तिवारी, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला कोऑर्डिनेटर किशोर चंद्र जायसवाल, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल, काशीराम मौर्य, खुशबू कनौजिया, रविचंद कनौजिया, रणविजय सिंह, दीपक कौशल, पवन जायसवाल, कल्पराम त्रिपाठी, प्रमोद पांडेय आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

दो किलो 900 ग्राम गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहें अभियान के तहत रविवार को दो अलग अलग घटनाओं में पुलिस को दों अभियुक्तों को गिरफ्तार करतें हुए 2 किलों 900 ग्राम गांजा बरामद करनें मे सफलता मिली रॉबर्ट्सगंज थानें के उ0नि0 बृजेश कुमार सिंह का0 दीपक मिश्रा व अभिषेक पाण्डेय द्वारा 01 अभियुक्त विजय केशरी पुत्र स्व0 सुर्यनरायन केशरी नि0 पूरब मोहाल वार्ड नं0 02 थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। वही दुद्धी थानें के उ0नि0 वंश नारायण राय हे0का0 अशोक कुमार यादव द्वारा बैजनाथ राम पुत्र रामप्यारे राम निवासी दुसइया थाना धुरकी जिला गढ़वा झारखण्ड उम्र करीब 48 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

शादी हुए तीन माह भी नहीं बीते, पेंट भरने की मजबूरी ने ले ली जान

मड़िहान। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के खचहा गांव निवासी एक युवक की पेट भरने की मजबूरी इस कदर सताई कि? नई नवेली दुल्हन ;अप्रैल में हुई शादी द्धको छोड़कर कर परिवार के भरण.पोषण के लिए अपने जीवन साथी जिनके साथ दो माह भी ठीक से नहीं बीता पाया था। उसका मोह माया त्याग कर गाढ़ी कमाई के लिए ट्रक चलाने निकल पड़ा। गौरतलब हो कि मड़िहान क्षेत्र विगत दो वर्षों से सूखे के चपेटे में है। क्षेत्र में कोई कमाई का स्त्रोत नहीं है। क्षेत्र की जनता पलायन न करें तो ।खाने के लिए लाला पड़ जाय। ऐसी ही मजबूरी का शिकार विजय कोल पुत्र कन्हई उम्र 25 वर्ष निवासी खचहाए थाना मड़िहानए मिर्जापुर हो गया। पेट भरने की ललक उसे रातए दिन ट्रक चलाने के मजबूर कर दिया। उसे क्या पता था कि जिस न ईए नवेली दुल्हन को छोड़ कर पेट भरने के लिए ट्रक पर जा रहा है। वो ट्रक वैरन जीवन साथी से दुबारा भेंट कराने के लिए लौटायेंगी कि नहीं। ऐसा ही हुआ। विजय कोल विगत दो दिन पहले शुक्रवार को गोरखपुर से ट्रक खाली करके केराकत जौनपुर जा रहे थे। केराकत पहुंचे ही थे कि रात के 12 बजे सामने से आ रहा ट्रक टक्कर मार दिया। मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करावा के ।शव को घर पहुंचवाया। शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। युवक के नई नवेली दुल्हन का रो रो कर बुरा हाल है। पेट भरने की मजबूरी ने युवक की जान ले ली।

बरसात से पहले हो सभी बड़े नाले व नालियों की सफाई: आयुक्त

गोंडा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने शनिवार को गोंडा नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर पहुंच कर साफसफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सिविल लाइंस की बाल्मीकि बस्ती, गांधी पार्क के सामने नाला सफाई, मेवातियान, तोपखाना, शास्त्री नगर व नगर पालिका कार्यालय के पास हो रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए की बरसात आने से पहले सभी नाले और नालियों की साफ सफाई करा दी जाए, जिससे कि कहीं भी जल भराव की समस्या उत्पन्न होने पाये। साथ ही घनी बस्ती में निरंतर साफसफाई की जाए कूड़े को कहीं भी एकत्रित न होने दिया जाए। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मिले सभासदों से बातचीत कर साफसफाई की व्यवस्था का हाल-चाल जाना। जिस पर सभासदों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नियमित रूप से साफसफाई कराई जाती है। उन्होंने वार्डों में होने वाली सफाई व्यवस्था का नियमित तौर पर निरीक्षण करने के लिए ईओ को निर्देशित किया। कमिश्नर ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए की पूरे शहर में कहीं पर भी साफसफाई को लेकर लापरवाही ना बरती जाए। सफाई कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफकार्यवाही की जाए। इस दौरान नगर पालिका से सम्बन्धित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

वर्षों से उखाड़ी पड़ी सड़क, विभाग नहीं ले रहा कोई सुध

संवाददाता। निघासन खीरी

क्षेत्र के कर्मू पुरवा से गुलरीपुरवा जाने वाली सड़क मरम्मत हेतु लगभग एक वर्ष पहले उखाड़ी गई थी। दोबारा बनाने हेतु विभाग बनाना ही भूल गया।कर्मू पुरवा निवासी कुर्बान अली का कहना है कि एक वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मरम्मत हेतु सड़क को उखाड़ा गया था। लेकिन किसी कारणवश करमूपुरवा गांव के अंदर लगभग तीन सौ मीटर खोद कर डाल दिया गया था। जो आज तक वैसे ही पड़ी है बरसात होते ही उस पर चहला कीचड़ अधिक होने से राहगीरों व ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो गया है।

इस मार्ग से दर्जनों गांवों को लाभ मिलता है ।और गुलरी पुरवा में स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर जो आस्था का केंद्र है वहां दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और प्रत्येक माह की ग्यारह तारीख को मेला भी लगता है लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है यहां आने जाने वालों का तांता लगा रहता है। यह उस क्षेत्र का मुख्य मार्ग है । लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते भूल जैसे गये है।

हिन्दू युवा वाहिनी ने ओवैसी का पुतला फूंका, देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की

मुगलसराय/चन्दौली। हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला महामंत्री तेजप्रताप सिंह उर्फ लकरु सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने रोडवेज बस स्टैंड से असदुद्दीन ओवैसी का मुर्दाबाद देशद्रोह के नारा लगाते हुए वीआईपी गेट पर पुतला फूंका गया। आक्रोशित हिन्दू युवा कार्यकर्ताओ ने असदुद्धीन ओवैसी मुर्दाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं के हाथ में तख्ती थी जिस पर लिखा था, फिलिस्तीन की जय बोलने वाले की जगह जेल है। ओवैसी का एक ही काम देश विरोधी सारे काम, यदि भारत में रहना है तो भारत मां की जय कहना है। इस दौरान ओवैसी द्वारा संसद में जय फ्लिस्तीन बोले जाने की कड़ी निंदा की गई। हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान महामंत्री तेजप्रताप सिंह उर्फलकरु ने कहा कि संसद में शपथ के दौरान ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला है जो देश विरोधी है, जिससे पूरे भारतवासियों के दिलों पर गहरी ठेस पहुंची है।

आपदा मित्र साथियों ने मुख्य सचिव को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के आपदा मित्र साथियों के हितों के लिए विभिन्न जिलों से आए हुए आपदा मित्र साथियो नें बुधवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन मुख्य सचिव को सौपा सिद्धार्थनगर से आपदा मित्र जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्रा सुनील कुमार यादव मीडिया प्रभारी बहराइच से जिला अध्यक्ष पवन अवस्थी बलरामपुर से जिला अध्यक्ष अमित तिवारीए रामपुर से

डाक कर्मियों की भूमिका में हो रहे तमाम बदलाव

नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे आज, डाक ही नहीं- बैंकिंग और आधार सेवाएं भी घर बैठे उपलब्ध करा रहा डाकिया : पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

प्रयागराज। विश्व भर में डाक सेवाओं में आमूल चूल परिवर्तन आये हैं। फिजिकल मेल से डिजिटल मेल के इस दौर में डाक सेवाओं में विविधता के साथ कई नए आयाम जुड़े हैं। डाककर्मी सरकारों और आमजन के बीच सेवाओं को प्रदान करने वाले एक अहम कड़ी के रूप में उभरे हैं। ऐसे में एक जुलाई को पूरी दुनिया में नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे के दिन डाककर्मियों का आभार व्यक्त करने का प्रचलन उभरा है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि नेशनल पोस्टल वर्कर डे की अवधारणा अमेरिका से आई जहाँ वाशिंगटन राज्य के सीऐटल शहर में वर्ष 1997 में कर्मचारियों के सम्मान में इस विशेष दिवस की शुरुआत की गई। धीरे धीरे इसे भारत सहित अन्य देशों में भी मनाया जाने लगा। यह दिन दुनिया भर में डाककर्मियों द्वारा की जाने वाली सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। वाराणसी और प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाककर्मियों की भूमिका में तमाम परिवर्तन आए हैं। डाकिया डाक लाया के साथ डाकिया बैंक लाया भी अब उतना ही महत्वपूर्ण है। पत्रों और पार्सल के साथ.साथ आधुनिक दौर में लोगों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें पोस्टमैन ही घर घर वितरित करता है। आधार कार्डए पासपोर्ट पैन कार्ड वोटर आईडी ड्राइविंग लाइसेंस बैंक चेक बुक एटीएम जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ.साथ विभिन्न मंदिरों के प्रसाद दवाईयां और रक्षाबंधन पर्व पर राखियाँ भी डाकियों द्वारा ही पहुँचायी जा रही हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में दो हजार से ज्यादा पोस्टमैन लोगों के दरवाजे पर हर रोज दस्तक लगाते हैं। जिनके द्वारा औसतन प्रति माह 8ण्5 लाख स्पीड पोस्ट और पंजीकृत पत्र और 15 लाख साधारण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। ई कामर्स को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी लेटर बाक्स से नियमित डाक निकालने हेतु नन्यथा मोबाईल एप एवं डाकियों द्वारा एण्ड्रोयड बेस्ड स्मार्ट फोन आधारित डिलीवरी और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना जैसे तमाम कदम डाक विभाग की अभिनव पहल हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग का सबसे मुखर चेहरा डाकिया है। डाकिया की पहचान चिट्ठी पत्री और मनीऑर्डर बाँटने वाली रही है। पर अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन और बैग में डिजिटल डिवाइस भी है। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक समावेशन के तहत पोस्टमैन चलते फिरते एटीएम के रूप में नई भूमिका निभा रहे हैं और जन सुरक्षा योजनाओं से लेकर आधार डीबीटी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ई श्रम कार्ड वाहन बीमा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तक की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। घर घर जाकर आईपीपीबी के अंतर्गत डाकियों द्वारा घर बैठे पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने के तहत प्रति माह 20 हजार लोगों का आधार नामांकन अद्यतनीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहीं 40 हजार लोगों को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से घर बैठे उनके विभिन्न बैंक खातों से नगदी उपलब्ध करायी जा रही है। आज भी डाककर्मी जाड़ा गर्मी बरसात की परवाह किये बिना सुदूर क्षेत्रों तक डाक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

डाक्टर एम एम त्रिपाठी को मिला काल्विन अस्पताल का कार्यभार

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय कॉल्विन अस्पताल की प्रमुख चिक्तिसा अधीक्षक डॉ नाहिदा खातून सिद्दीकी रविवार को सेवानिवृत हो गईं। उनके सेवानिवृत होने के बाद उनका समस्त कार्यभार वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एम एम त्रिपाठी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ के के पांडेय डॉ सुरेश मौर्य डॉ रामचंद्र राजेश अवधेश प्रमोद यादव सुजीत कुमार अध्यक्ष कर्मचारी यूनियन के महेश कुमार शोभा समेत अस्पताल के तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ मुरारी मोहन त्रिपाठी ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस एवं एमडी की उपाधि प्राप्त की थी। वह पिछले 32 वर्षों से चिकित्सकीय सेवा में हैं।

जनपद की खूबियों का बखान करता है प्रयागराज चालीसा

प्रयागराज। प्रयागराज में रहने वाले सुप्रसिद्ध समाजसेवक कवि रचनाकार और निदेशक सचिव व्यवस्थापक गंगा प्रदर्शनी यूपी रिसर्च एसोसिएशन डॉ वशिष्ठ नारायण शुक्ल द्वारा रचित प्रयागराज चालीसा इन दिनों प्रयागराज में गुनगुनाया जा रहा है। जिसकी खूबियों का बाखूबी बखान प्रयागराज में हो रहा है। वैसे डॉ वशिष्ठ नारायण शुक्ल के पचासों गीत यूट्यूब पर छाए हुए हैं जो लोगों के मध्य चर्चा का विषय बने हुए हैं। यहाँ पर यह बताना समीचीन होगा कि लेखन पर्यावरण पर कार्य करने के लिए डॉ वशिष्ठ नारायण शुक्ल को कई मंचों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। डा शुक्ला गंगा प्रदर्शनी के लिए पिछले कई वर्षों से गंगा की अविरलता और निर्मलता को लेकर प्रयासरत हैं। डा शुक्ला के पिता इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे डा दीनानाथ शुक्ल दीन ने भी गंगा की अविरलता और निर्मलता को लेकर जीवन भर प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक करने का पुनीत कार्य किया।

जिलाधिकारी ने मण्डलीय अस्पताल का निरीक्षण किया, सीएमओ को फटकार

मीरजापुर । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मण्डलीय अस्पताल पहुंचकर पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशो का अनुपालन अभी तक न किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त तथा मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि दो दिवस के अन्दर मण्डलीय के इमरजेंसी भवन के पीछे वाले खाली हिस्से मे झाड़ियो को कटवाकर निष्प्रयोज्य 108 एम्बुलेंस वाहनो को कतारबद्ध खड़ा किया जाए तथा इसके निष्प्रयोज्य कराकर नीलामी आदि की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल के पीछे परिसर में सभी झाड़ियो कटाकर प्लेन बनाते हुये मोटरसाइकिल व चार पहिया वाहन स्टैण्ड बनाया जाए। इमरजेंसी वार्ड के बगल बनाये गये पर्ची काउंटर को दुरूस्त कराते हुये तत्काल सक्रिय करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा लगभग 10 दिवस पूर्व अस्पताल का निरीक्षण किया गयाए जिसमें पाया गया था इमरजेंसी भवन के बगल का रास्ता टूटा तथा मेन होल टूटा हुआ तथा तथा नालियों की सफाई न होने से पानी ऊपर बह रहा था जिसे दुरूस्त अथवा मरम्मत व नालियों की सफाई का निर्देश दिया गया था परन्तु अनुपालन न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया सोमवार तक प्रत्येक दशा में सभी व्यवस्थाए पायी गयी कमियो को जल्द से जल्द दुरूस्त कराए पुन: निरीक्षण में गड़बड़ी पायी जाती है तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी के आदेशानुसार मुख्य चिकित्साधीक्षक ने रविवार की शाम तक काम खत्म करके जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दिया । डॉ सिन्हा कोविड के दौरान भी अपनी जिम्मेदारी को कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाया था और फिर शासन के द्वारा एक बार फिर जिम्मेदारी दी । इनके कार्यो को लेकर सीडीओ ने भी संचारी की बैठक के दौरान काफी प्रशंसा की।

प्रो. पीपी दुबे मुक्त विश्वविद्यालय से हुए सेवानिवृत्त

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कृषि विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो पी पी दुबे शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर आयोजित अभिनंदन समारोह में कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय के हर सदस्य को प्रोफेसर दुबे के आदर्श गुणों को आत्मसात करना चाहिए। प्रो पी पी दुबे ने विश्वविद्यालय को कृषि शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ाया। विश्वविद्यालय को हरित परिसर बनाने में उनका योगदान उल्लेखनीय है। इस अवसर पर प्रो आशुतोष गुप्ता प्रो एस कुमार प्रो सत्यपाल तिवारी प्रो पी के स्टालिन प्रो पी के पांडेय आदि ने प्रोफेसर दुबे के कार्यों की सराहना करते हुए उनके साथ व्यतीत किए समय को साझा किया। कुलपति प्रो सत्यकाम ने प्रोफेसर दुबे को स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सकारात्मक व्यवहार करना हो जाता है बेहद मुश्किल

प्रयागराज। मैं हूं साथ तेरे की मानसी श्रीवास्तव ने अपने को स्टार करण वोहरा के साथ अपने रियल और रील रिलेशनशिप के बीच फर्क बताया है। हम सभी की जिंदगी में दोस्त बहुत खास हिस्सा होते हैं। अक्सर कहा जाता है कि डेली सोप के एक्टर्स के बीच सेट पर काम करते हुए गहरी और लंबी दोस्ती हो जाती है। अक्सर शूटिंग के दौरान कई घंटों तक काम करते हुए और एक जैसी पसंद के चलते इस तरह के गहरे रिश्ते बन जाते हैं। ऐसे ही एक रिश्ते की सच्ची मिसाल है करण वोहरा और मानसी श्रीवास्तव की दोस्ती जो जी टीवी के शो मैं हूं साथ तेरे में खास रोल्स निभा रहे हैं। जानने के लिए देखिए मैं हूं साथ तेरे रोज शाम साढ़े सात बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। हालांकि शो में रैना मानसी श्रीवास्तव अपने जीजा आयर्मन करण वोहरा से नफरत करती है लेकिन परदे के पीछे असल जिंदगी में मानसी और करण के बीच दोस्ती का बड़ा खूबसूरत और प्यारा रिश्ता है। मानसी कहती हैं करण के साथ काम करना एक बढ़िया अनुभव है। धीरे धीरे हम दोनों ऐसे दोस्त बन गए हैं जो एक दूसरे के साथ बहुत कम्फर्टेबल रहते हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

सोनभद्र। विधानसभा रावर्टसगंज चुर्क मंडल के बूथ संख्या 02 ग्राम पंचायत जामगांव में देश के प्रधानमंत्री की मन की बात रेडियो पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में सुनी गई। जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 24 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें, 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज 30 जून का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को हमारे आदिवासी भाई बहन हूल दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन वीर सिद्धो कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे मां हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां, हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां, अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन, और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं और मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है चाहे वो अमीर हो या गरीब, चाहे वो कामकाजी महिला हो या गृहिणी। इस अभियान ने सबको मां के प्रति अपना स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। इस दौरान प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को पुरा सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान कामेश्वर पिछड़ा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री अमन वर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डू संजय भारती राम प्रताप कनौजिया कमलेश गणेश प्रसाद बृजेश कुमार दिलीप भारती मनोज कनौजिया रमेश पासवान चंदन कुमार समेत सैकड़ो की संख्याा में लोग उपस्थित रहें।

नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ का शुभारंभ 6 को

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ 6 जुलाई से शुरू होगी। जिसका समापन 14 जुलाई को गरीब कन्याओं की शादी के साथ होगा। अयोध्या एवं प्रयागराज से आए महंत एवं संत भी विवाह के साक्षी बनेंगे। प्रतिदिन विशाल भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ एवं गरीब कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 6 जुलाई को कलश यात्रा, कलश स्थापना व अग्नि प्रवेश के साथ ही मारुति नंदन महायज्ञ शुरू होगी। यज्ञाचार्य राधेकृष्ण तिवारी रेवती रमण तिवारी समेत अन्य आचार्यों के जरिए मारुति नंदन महायज्ञ एवं निर्धन कन्याओं की शादी कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारा भी चलेगा। उन्होंने बताया कि गरीब कन्याओं की शादी 14 जुलाई को होगी, कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज व प्रयागराज के महंत बलबीर गिरी जी महाराज भी आएंगे। भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़ व शिव शक्ति महिला मंडल के पदाधिकारी सदस्य व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक शिव शक्ति महिला मंडल सुशीला पाठक सविता देवी संगीता देवी किरन मोदनवाल कृष्णावती देवी चिंता मौर्य विमला देवी जगवंती केशरी कालो देवी हीरा सिंह मनोज केशरी शालिक राम शाहू अजय सिंह परमानन्द बिरजू दास रमेश बैश राजेंदर दास जवाहर केशरी का विशेष योगदान है।

लावारिस मिला बालक, चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा दिया गया संरक्षण

सोनभद्र। रविवार को दोपहर तीन बजे सूचना प्राप्त हुई की एक तीन वर्ष का बालक लावारिस हाल मे थाना रावर्टसगंज अन्तर्गत कस्बा मे भटक रहा है जिसे तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे एवं चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट से परामर्शदाता अमन कुमार सोनकर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अज्ञात बालक को संरक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें जिसके बाद तत्काल टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बालक को अपने संरक्षण में लिया गया ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया की बालक के परिजनों के बारे में पता लगाया जा रहा है जैसे ही परिजनो का पता चलेगा तो नियमानुसार बालक को उनको सूपूर्द कर दिया जायेगा। बालक इस समय चाईल्ड हेल्पलाइन टीम के संरक्षण मे है। उन्होनें बताया की यदि इस प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल चाईल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचित किया जा सकता है जिससे बच्चो को सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जा सके। चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर नीलू यादव द्वारा बताया गया कि इसी तरह से दो नाबालिक भाई बहन थाना दुद्धी से ज्ञात अवस्था में पाए गए हैं जिन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन से सुधा गिरी सत्यम चौरसिया एवं अंशु गिरी को भेज करके संरक्षण में ले लिया गया है जिनके संबंध में उनके माता पिता का पता लगाया जा रहा है। मौके पर परामर्शदाता अमन कुमार सोनकर सहीत अन्य लोग उपस्थित रहे।

आयुष्मान योजना के लाभार्थी हो रहे परेशान

नही मिल पा रहा है उचित उपचार

मिर्जापुर। आयुष्मान भारत योजना जो प्रधानमंत्री की कल्याणकारी योजना है जिसके लिए सरकार अत्यन्त सक्रियता के साथ कार्य कर रही है लेकिन जिले में योजना में लगे कर्मचारियों के द्वारा नाकार्ड का करेक्शन करने के लिए इधर उधर भटकाने का कार्य किया जा रहा है। योजना के लगे कर्मचारी आफिस के समय में हाजिरी लगाकर अपने कार्यो में लग जा रहे है या लाभार्थियों को निजी दुकान पर भेजने का कार्य कर रहे है और वही से आफिस को चलाने का कार्य कर रहे है। जिसके वजह से आफिस में स्थित खाली मिल रहा है। जिससे आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल में ही एक लाभार्थी ने हार थक कर अपना आयुष्मान कार्ड से नाम निरस्त करने का प्रार्थना पत्र मुख्य चिकित्साधिकारी को दे दिया और सारी जानकारी भी दिया परन्तु कार्ड में सुधार करने के बावजूद उनसे मिलने को कहा गया और कहे कि हमसे कोई मतलब नही है इससे यह साबित हो रहा है कि योजना जमीनी स्तर तक पहुंचाने व लाभार्थियों का लाभ देने के बावजूद निजी कार्यो में लगे है और शासन के आदेशो की खुलमखुला धज्जियों उड़ा रहे है। पिछले दो माह से कार्ड बनाने की अपेक्षा निरस्त कराने वाले लाभार्थियों की संख्या अधिक है। नगर स्थित सीटी कोतवाली के निवासी पिछले चार से अपने कार्ड को सही करवाने में लगे रहे लेकिन उनके कार्ड को जब सही नही किया गया तो उन्होने ने कार्ड निरस्त करने के लिए आवेदन कर दिया है उन्होने बताया कि कार्ड बनाते समय गलती कर दी जा रही है जिससे उचित समय कार्ड नही बन पा रहा है। इसलिए मैंने कार्ड को निरस्त कराने का निर्णय लिया है। यही हाल मंडलीय चिकित्सालय में भी यहां पर नोडल की देखरेख में आयुष्मान के लाभार्थियों का उपचार होता है लेकिन यहां पर बाहर से मंहगी दवाओं को लिखने का कार्य किया जा रहा है।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं

अंबेडकर नगर ।जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण;01 जुलाई से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान;11 जुलाई से 31 जुलाई के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी

ने सभी विभागो से उनके द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये।डेंगूए मलेरियाए चिकनगुनियाएफाइलेरियाएदिमागी बुखार तथा अन्य संचारी रोग यथा क्षय रोगएकुष्ठरोगए डायरिया;स्टॉप डायरियाद्ध प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन हेतु अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाये तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा छिड़काव व साफ सफाईए फॉगिंग एझाड़ियों की कटाई कराया जाना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉग्राजकुमारए जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारीएअपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ए जिला पंचायत राज अधिकारीए जिला बेसिक अधिकारीए जिला मलेरिया अधिकारीए समस्त केन्द्र अधिक्षक ए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफए जिला उद्यान अधिकारीए समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति का अभिभाषण

उपलब्धियों का उल्लेख

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अनेक उपलब्धियों का उल्लेख किया है। हालांकि, 18वीं लोकसभा का उद्घाटन सत्र आगे बढ़ने के साथ ही स्पष्ट हो गया है कि यह पहले की तुलना में ज्यादा जीवन्त और घटना प्रधान होगा। इसका कारण सत्ता पक्ष और विपक्ष की संरचना है। यह बात पहले ही दिन से और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा संसद के दोनों सदनों को संबोधन से स्पष्ट है। उनके संबोधन ने महत्वपूर्ण रूप से विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया, पर वह विवाद का विषय भी बना। संसद के संयुक्त सत्र को अपने परंपरागत संबोधन में राष्ट्रपति मूर्मू ने सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का वर्णन किया जिनमें व्यापक कल्याणकारी योजनायें तथा भारतीय अर्थव्यवस्था की दृढ़ता शामिल हैं। लेकिन सरकार की विभिन्न उपलब्धियां उजागर करने वाला अभिभाषण राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर मौन भी था। इस कारण विपक्ष ने अभिभाषण की विषयवस्तु तथा उसमें छूटी चीजों, खासकर मणिपुर हिंसा को बाहर रखने के लिए उसकी आलोचना की। राष्ट्रपति के अभिभाषण का उद्देश्य संसदीय सत्र की दिशा निर्धारित करना होता है और इसमें अनेक आलोचनात्मक मुद्दों तथा उपलब्धियों का उल्लेख किया गया था। महत्वपूर्ण रूप से इसमें परीक्षाओं में अनियमितताओं समेत 1975 में लागू किए 'आपातकाल' का ऐतिहासिक संदर्भ भी शामिल था। आपातकाल के संदर्भ से कांग्रेस आगबबूला हो गई और उसने इसे वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से ध्यान भटकाने की चाल बताया।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने परीक्षा पेपरों की लीक की परेशान करने वाली प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हुए स्वीकार किया कि इसका प्रभाव अकादमिक प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता पर पड़ता है। उन्होंने परीक्षा व्यवस्थाओं में अपनी सरकार की पारदर्शिता व सुधारों के लिए प्रतिबद्धता प्रकट की तथा निष्पक्षता एवं निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए कठोर उपायों की आवश्यकता भी रेखांकित की। आपातकाल का संदर्भ 'संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और अंधकारमय अध्याय' के रूप में दिया गया। यह ऐतिहासिक भूल याद दिलाने का एक रणनीतिक कदम था। यह संदर्भ लोकतंत्र के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित करने के लिए था, पर इससे कांग्रेस में घबराहट पैदा हुई क्योंकि उसे यह ऐसे समय की याद दिलाता है जिससे वह स्वयं को दूर रखना चाहती है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में पूर्वोत्तर में सरकार द्वारा उठाए कदमों की जानकारी देते हुए 'एक्ट ईस्ट पालिसी' के अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं और पहलों के लिए आबंटन बढ़ाने का उल्लेख किया, हालांकि बहुत से सांसदों की राय है कि इतना आबंटन नाकाफी है। लेकिन अभिभाषण में मणिपुर हिंसा का सीधा उल्लेख न होने के कारण विपक्ष ने इस संकट को महत्व न देने तथा जवाबदेही से बचने का प्रयास बताया। विपक्ष के अनुसार, राष्ट्रपति के अभिभाषण में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को नहीं उठाया गया जबकि वर्तमान समय में इनको संबोधित करना जरूरी है। इसके विपरीत सत्तारूढ़ पक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'विकसित भारत' की दिशा में देश की प्रगति का महत्वपूर्ण रोडमैप बताया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के कई मुख्यमंत्रियों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण में रेखांकित सरकार की भावी पहलों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सर्वानुमति विकसित करने पर जोर दिया है। इसे देखते हुए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच रचनात्मक राजनीतिक संवाद का रास्ता खुलता है जो पार्टियों के संकीर्ण दायरों से आगे जाता है।

वेंकैया गारू: भारत की सेवा में समर्पित

वेंकैया नायडू ने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया।

नरेंद्र मोदी
(लेखक, भारत के प्रधानमंत्री हैं)

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक हमारे श्री एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायुहोने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहते वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुये है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए।

राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति उनकी सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है। वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है, और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर आम लोगोंके प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला।

वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं बीजेपी को मजबूत किया। लगभग 50 साल पहले जब काँग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र प्रदेश में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र के लिए उनकी ये प्रतिबद्धता, उनके राजनीतिक जीवन में हर जगह दिखाई देती है। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान एनटीआर की सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त कर दिया था, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1978 में आंध्र प्रदेश ने जब कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया था, तब वेंकैया जी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एक युवा विधायक के रूप में जीतकर आए थे। पांच साल बाद, राज्य चुनाव में एनटीआर की लोकप्रियता अपने सर्वोच्च स्तर पर थी। तब भी वे बीजेपी के विधायक चुने गए। उनकी जीत ने आंध्र समेत दक्षिण में बीजेपी के लिए भविष्य के बीज बोये थे। युवा विधायक के रूप में ही, वे विधायी मामलों में अपनी दृढ़ता और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की आवाज उठाने के लिए सम्मानित होने लगे।

उनकी वाकपटुता, शब्दशैली और संगठन सामर्थ्य से प्रभावित होकर एनटीआर जैसे दिग्गज ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। एनटीआर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करना चाहते थे, लेकिन वेंकैया गारू हमेशा की तरह अपनी मूल विचारधारा पर अडिग रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश में बीजेपी को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई, गांवों में जाकर सभी क्षेत्रों के लोगों से जुड़े। उन्होंने विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व किया और आंध्र प्रदेश बीजेपी के अध्यक्ष भी बने। 1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुये उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ था। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि अपनी पार्टी को सत्ता में कैसे लाया जाए! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को बीजेपी का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने।

वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वो वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को अपनी प्राथमिकता के रूप में चुना। उनकी इस पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी- वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, अगर कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी।

2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवासन एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने 'स्वच्छ भारत मिशन' और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है। 2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया था। मैं उस समय दिल्ली के लिए एक बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में ही काम करते हुये बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम ये जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन साथ ही,हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया।

जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित किया था,जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा!

काम और राजनीति के अलावा, वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं। उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसेबात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाक़ात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

स्वास्थ्य पर समावेशी दृष्टिकोण आवश्यक

> भारत को 2030 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, नवाचार और पहुंच पर अधिक खर्च करने की आवश्यकता है।

सुगंध अहलूवालिया
(लेखिका, स्तम्भकार हैं)

जबकि भारत मोदी 3.0 सरकार के तहत पहले व्यापक केंद्रीय बजट के अनावरण की प्रतीक्षा कर रहा है, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र खुद को एक महत्वपूर्ण चौराहे पर पाता है। अंतरिम बजट ने एक प्रारंभिक रोडमैप निर्धारित किया है, फिर भी स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के परिवर्तनकारी सुधार को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत और एकीकृत प्रयास की आवश्यकता है।

भारत के महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य सेवा उद्देश्यों का समर्थन करने वाले एक नए पारिस्थितिकी तंत्र को बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे, नवाचार और पहुंच के लिए बढ़ी हुई निधि को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। आगामी बजट से प्राथमिक अपेक्षाओं में से एक अस्पतालों को बुनियादी ढांचे के निवेश के रूप में पुनर्वर्गीकृत करना है। इस पुनर्वर्गीकरण में पर्याप्त निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने की क्षमता है, जो देश भर में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

इसके अतिरिक्त, चिकित्सा उपकरणों के लिए ब्याज दर में छूट देने से अस्पतालों पर वित्तीय दबाव कम हो सकता है, जिससे प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण और सेवा वितरण में सुधार हो सकता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण कदम सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के 3त्न तक बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार करना होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ और भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमानों के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा व्यय को 18.9 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की आवश्यकता है। वर्तमान लक्ष्य 2025-26 तक स्वास्थ्य सेवा पर 2.5 प्रतिशत सार्वजनिक व्यय और 2030-31 तक 3 प्रतिशत प्राप्त करना है।

हालांकि ये लक्ष्य महत्वाकांक्षी हैं, लेकिन इन्हें प्राप्त करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और रणनीतिक क्रियान्वयन की आवश्यकता है। स्वास्थ्य सेवा लागत का आर्थिक बोझ भारत में निम्न और मध्यम आय वर्ग के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय, बढ़ती स्वास्थ्य सेवा लागत और बीमा बाधाओं के साथ, तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में उन्नत उपचार विधियों को शामिल करना और निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को इसी तरह की प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना इन समूहों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को काफी हद तक बढ़ा सकता है। सरकार को अपने बजट आवंटन में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर भी जोर देना चाहिए।

स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और चिकित्सा कर्मियों में प्रत्यक्ष निवेश, साथ ही डॉक्टरों और अस्पतालों को कम सेवा वाले क्षेत्रों में आकर्षित करने के लिए लक्षित प्रोत्साहन, महत्वपूर्ण हैं। यह दृष्टिकोण स्वास्थ्य सेवा कवरेज का विस्तार करेगा और बीमा उत्पादों में नवाचार को बढ़ावा देगा, जिससे सभी के लिए व्यापक स्वास्थ्य सेवा सुलभ हो जाएगी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ इसकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मानव संसाधन के साथ-साथ भौतिक बुनियादी ढांचा भी ज़रूरी है।

2030 तक यूएचसी हासिल करने की भारत की आकांक्षा का समर्थन करने के लिए तर्कसंगत नियम और नीतियां महत्वपूर्ण हैं। ऐसे नियमों से सभी हितधारकों के बीच सहज सहयोग संभव होना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों। यह दृष्टिकोण स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने और देश में समग्र स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में मदद करेगा। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूएचसी को प्राप्त करने के लिए सेवा वितरण में महत्वपूर्ण अंतराल को पाटना आवश्यक है, विशेष रूप से गैर-संचारी और संचारी रोगों के दोहरे बोझ को संबोधित करने में। सभी के लिए स्वास्थ्य की ओर यात्रा में स्वास्थ्य बीमा एक महत्वपूर्ण घटक है। कम बीमा कवरेज के साथ, कई व्यक्तियों को स्वास्थ्य सेवाओं की तलाश करते समय काफी अधिक खर्च का सामना करना पड़ता है। अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा को लागू करना और धीरे-धीरे स्व-नियोजित पेशेवरों और अन्य वर्तमान में बहिष्कृत समूहों को शामिल करने के लिए कवरेज का विस्तार करना अधिक न्यायसंगत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि सभी नागरिकों को वित्तीय कठिनाई के बिना आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच हो। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सभी के लिए मौलिक है, और इस संबंध में यूएचसी महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, यूएचसी का अर्थ है वित्तीय कठिनाई के बिना सस्ती दवाओं और टीकों सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच। यूएचसी को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों और आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में निजी क्षेत्र का निवेश इस लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में 2030 तक सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य को प्राप्त करना कई अवसर प्रस्तुत करता है, लेकिन इसके लिए महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की भी आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच बढ़ाने और उसे प्रदान करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है। प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक देखभाल प्रणालियों को एकीकृत करने वाला एक स्थायी स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय मॉडल विकसित करना महत्वपूर्ण है।

इस तरह के मॉडल में वहनीयता और उच्च गुणवत्ता पर जोर दिया जाना चाहिए, जिससे भारतीय स्वास्थ्य सेवा की प्रतिष्ठा बढ़े। अस्पताल क्षेत्र के लिए पर्याप्त समर्थन भी आवश्यक है, जिसमें निवेश और कर राहत का संयोजन शामिल है, ताकि देश भर में बुनियादी ढांचे की संपत्ति का निर्माण किया जा सके और शीर्ष स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके।

2030 तक सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण देखभाल सुविधाओं में ग्रामीण-शहरी विभाजन को पाटना अनिवार्य है।

आप की बात

झूठा विपक्षी प्रचार

दिल्ली टर्मिनल एक पर हुए हादसे में एक कार चालक की मृत्यु हो गयी। विपक्ष ने इसका ठीकरा प्रधानमंत्री पर मढ़ने का प्रयास किया और जनता को भ्रमित करने के लिए झूठ परोसना शुरू कर दिया। कांग्रेस की एक महिला प्रवक्ता ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित किया कि प्रधानमंत्री ने टर्मिनल एक का उद्घाटन 2024 में किया था, जबकि 2009 में कांग्रेस सरकार के अंतर्गत निर्मित हिस्सा टूटा और दुर्घटना हुई। इसी प्रकार अटल टनल के बारे में भी झूठी खबर फैलाई गयी। सर्विस रोड को मुख्य मार्ग बताकर छायाचित्र प्रचारित किए गए। राममंदिर को लेकर भी झूठी खबरें फैलाई गयी कि पहली बारिश में ही राममंदिर की छत टपकने लगी जबकि राममंदिर ट्रस्ट द्वारा इसका खंडन किया गया। चुनाव से पहले और उसके दौरान अनगिनत झूठ प्रचारित-प्रसारित किए गए। इसका खामियाजा भाजपा को चुनाव में भुगतना पड़ा। इसी प्रकार यदि विपक्ष जनता को झूठ परोसता रहा और उस पर कोई अंकुश नहीं लगा तो भविष्य में समस्या पैदा हो सकती है। सरकार को संचार माध्यमों द्वारा झूठ का खंडन कर सच सामने लाना चाहिए। इस प्रकार हुई दुष्प्रचार की अनेक घटनाओं से सबक लेकर सरकार को झूठे प्रचार पर रोकथाम के कठोर उपाय अवश्य करने चाहिए।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

न्याय की उम्मीद

गिरफ्तारी के करीब 5 महीने बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत मिल गई, जबकि केजरीवाल फिर जेल चले गए हैं। इससे पहले चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को जमानत दी गई थी मगर सारेन को नहीं। देश में एक संविधान और समान कानून होने के बावजूद अलग-अलग तरह के फैसले आते हैं जिनसे आम जनता कई बार भ्रमित हो जाती है। बड़े नेताओं, अभिनेताओं, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों तथा आम जन के मामले में होने वाले फैसलों में कई बार साफ फर्क नजर आता है। इससे न्याय व्यवस्था में अकूत विश्वास रखने वाली जनता को भी लगने लगा है कि न्यायालयों में पैसे से मजबूत लोगों को ही न्याय मिल पाता है। पैसे वाले तो सुप्रीम कोर्ट तक जा सकते हैं। मगर पूरे भारत में बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी जेल में बंद है। इनकी चार्ज शीट तक महीनों तक पेश नहीं की जाती और उन्हें कई कई महीनो तक बिना वजह बंद करके रखा जाता है। उनकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। देश में लागू होने वाले तीन नए अपराध न्याय कानूनों से आम आदमी को राहत दिलाने का वादा सरकार ने किया है। देखना होगा कि जमीनी स्तर पर इन कानूनों का क्रियान्वयन जनता की न्याय की उम्मीद कहां तक पूरी करता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

सरकार का कामकाज

भाजपा नीत एनडीए ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में किसी भी अन्य सरकार द्वारा किए कार्यों के मुक़ाबले तीव्र गति से समर्पित होकर कार्य किया है। मोदी न सिर्फ18 घंटे कार्य करते हैं बल्कि अपनी मिनिस्ट्री के सभी साथियों से भी निश्चित समय पर सभी कार्य निपटने के लिए प्रेरित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आज भारत की साख एवरेस्ट की तरह उच्च स्तर पर है। मगर हमारा विपक्ष सब कार्यों को नजरअंदाज करके सरकार को जनता की नजर में गिरने के लिए अनवरत प्रयासरत रहता है। ऐसी नकारात्मक राजनीति के चलते अब की बार मोदी को देश के बाहर और देश के भीतर दोनों तरफ से पहले की तुलना में अधिक चुनौतियां मिल सकती हैं। उन्हें इनसे निपटना होगा। विडंबना है कि कांग्रेस समेत अनेक विपक्षी दल अपने राजनीतिक व दलगत स्वार्थ के चलते राष्ट्रहित की भी चिन्ता नहीं करते हैं। विपक्ष संभवत: अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े करने की तैयारी कर रहा है जिससे देश की सुरक्षा कमजोर हो सकती है। एनडीए सरकार ने पिछले दस साल में देश की सुरक्षा मजबूत करने में असाधारण योगदान किया है। इसे स्वीकार करते हुए अग्निवीर योजना पर सवाल खड़े करना बिल्कुल गलत होगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

द्रोपदी मुर्मू का अभिभाषण

राष्ट्रपति सत्ता-विपक्ष के साथ ही दोनों सदनों के लिए सम्माननीय हैं। उनके अभिभाषण का सम्मान करते हुए सबको तर्कसंगत बात करनी चाहिए। लेकिन विपक्ष सत्ता की आलोचना करते-करते राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना में भी नहीं चूका और इस दौरान शोरगुल भी किया। हालांकि, अभिभाषण एक प्रकार से सरकारी होता है और उसमें सरकार की उपलब्धियों पर ही अधिक विचार होता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा तथा उसमें व्यक्त सरकार की नीतियों व विकास की दिशा पर आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन इसे सत्ता पक्ष को ब्लैमेल करने या उस पर अपना राजनीतिक एजेंडा थोपने का प्रयास नहीं बनाना चाहिए। अत: अभिभाषण पर चर्चा शुरू करने से पहले नीट पर चर्चा के लिए जोर देना और खड़गे जैसे वरिष्ठ नेता के संसद के वेल में जाने को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। द्रोपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में प्रश्नपत्रों की लीक का मामला भी उठाया है, इसलिए नीट का मामला उस चर्चा का हिस्सा बन सकता है। समुचित चर्चा के बजाय संसदीय कामकाज में बाधा डालने से विपक्ष का सम्मान नहीं बढ़ेगा।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

गौशाला बनी अव्यवस्थाओं का अड्डा

जगदीशपुरएअमेठी। सरकार द्वारा जहां गौशालाओ के लिए लाखों करोडो रूपए खर्च कर गौशालाओ को सुसज्जित करके गौवंशों को हष्ट.पुष्ट रखने के लिए आए दिन कडे निर्देश जारी होते रहते हैं तो वहीं जिम्मेदारों की घोर लापरवाही के चलते गौशाला मे अव्यवस्थाओ का अंबार लगा हुआ है आला अफसर बेखबर हैं ।

विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरौचा तेतारपुर जहां गौ संरक्षण केंद्र का नजारा देखते ही बनता है हाल ही मे जिलाधिकारी अमेठी निशा अनंत ने भयंकर गर्मी व तपन को देखते हुए गौशाला मे लगे टिन शेड के ऊपर पैरा पुआल डालने के कडे निर्देश देने के बाद भी मामला ज्यो का त्यों बना हुआ है तो वहीं गौवंशो के लिए हरा चारा नदारद है सूखा भूंसा के सहारे गौवंश आए दिन कमजोर व दुबले पतले होकर दम तोड देते हैं मात्र दिखाने के लिए कुछ पशु आहार रखकर महज कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है बताते चलें कि गौशाला पर चल रही अव्यवस्था होना आज कोई नई बात नहीं है पूर्व मे भी गौशाला के कुछ दूर पर गौवंश वध की घटना घटने पर जिलाधिकारी द्वारा खुद मौका निरीक्षण के पश्चात जारी निर्देश पर ग्राम प्रधान व सेक्रेट्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी जिसमे कुछ अन्य मुल्जिमों के जेल जाने के बाद किसी तरह प्रधान व सेक्रेटरी ने अपना दामन बचा लिया ।ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला मे गौवंश भरपेट चारा ना पाने से कमजोर होकर दम तोड देते हैं जिन्हे जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफनाया नहीं जाता बल्कि आसपास के गड्ढो व झाड़ियों मे फेंक दिया जाता है जिससे क्षेत्र वासियो मे घोर आक्रोश व्याप्त है ।इस संबंध मे खण्ड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ला ने बताया कि फिलहाल पानी बरसने से टीन शेड पर पैरा पुआल डालने की आवश्यकता नहीं है फिर भी मामले की जांच करवाने के पश्चात अव्यवस्था मिलने पर दोषियों के विरूद्ध कडी कार्यवाई की जा एगी।

किशोरी ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार देर शाम गरीब खेड़ा मजरे राघवपुर की रहने वाली चांदनी उम्र (16) पुत्री श्रीपाल ने अपने घर में पंखे के हुक के सहारे रस्सी का फंदा बनाकर लटक गई । जिससे उसकी मौत हो गई है । घटना के समय परिजन खेत धान की नर्सरी की रखवाली कर रहे थे । जब वह घर पहुंचे । तो देखा घर का एक कमरा अंदर से बंद है । परिजनों ने किशोरी को आवाज़ लगाई । पर कोई जवाब नहीं मिला । चीख पुकार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए । ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर देखा, तो किशोरी का शव फंदे के सहारे लटक रहा था । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैस कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी ।

भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

अयोध्या। प्रधानमंत्री की मन की बात महानगर तथा जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के द्वारा सुनी गई। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता विधानसभा कैम्प कार्यालयए जिपंअ रोली सिंह ने सरायरासी आवास परए महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तवए वासुदेव मौर्य सहादतगंज पार्टी कार्यालयए महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिरामदास जी की छावनीए पूर्व सांसद लल्लू सिंह सहादतगंज स्थित आवासए प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय विद्याकुंड ए जिलाध्यक्ष हैरिंगटनगंज मंडल के पलिया लोहानी ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। इस दौरान बूथों पर पौधरोपण भी किया गया।पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठ व्यक्ति को सरकार की योजनाओं व पहल का लाभ मिला है यह सब पीएम मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण सम्भव हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने से देश की विकास को और गति मिलेगी। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि नयापन स्वीकार करने का सामर्थ्य होना चाहिए। उसमें प्रगतिशील मानसिकता भी होनी चाहिए। बिना भेदभाव सभी के कल्याण का भाव होना चाहिए। इन सभी के साथ सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान की दिशा में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से काम किया है। विधायक वेद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा देश हित के अभियानों को गति प्रदान करने के साथ राष्ट्र व समाज के हित में अच्छा कार्य कर रहे लोगों से सीधे संवाद कर प्रधानमंत्री ने उनका उत्साह वर्धन किया है।पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्राए अवधेश पांडे बादलए शैलेंद्र कोरीए तिलक राम मौर्यए परमानंद मिश्राए अरविंद सिंहए संजय निषादए शकुंतला गौतमए कमला शंकर पांडेए जिपं सदस्य इंद्रभान सिंहए कृष्ण कुमार पांडे खुन्नूए सुनील तिवारी शास्त्रीए राम मोहन भारतीए राधेश्याम त्यागी ने भी अपने बूथों पर प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।

त्यौहार पर माहौल बिगड़ने न दें

ऊंचाहार रायबरेली ऊंचाहार में पीस कमेटी की बैठक थाना अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में रविवार दिन को संपन्न किया गया जिसमें आए हुए ग्राम प्रधान वह मुस्लिम समुदाय के लोगों को बुलाकर बताया कि आपका हजरत मोहम्मद का रमजान का महीना एवं सावन का महीना कांवड़ियों का साथ में हो रहा है इसीलिए खास करके आप लोगों को बुलाकर बतलाना चाहता हूं की दोनों समुदाय के लोग आपसी तालमेल रखकर त्यौहार का आनंद ले और किसी जगह झगड़ा वगैरा न होने को मिले जिससे आपसी मतभेद हो दोनों समुदाय के लोगों ने बताया कि हमारे ऊंचाहार टाउन में जो भी ताजिया निकलता है बड़े प्रेम भाव से हिंदू समुदाय और लोग देखने को आते हैं और आज तक हिंदू मुस्लिम का कोई विवाद नहीं हुआ और ना होगा इसी तरह कावड़ियों का आना.जाना रहता है हम लोग मान सम्मान करते हैं पीस पार्टी के बैठक में साजू नागवी मेहंदी हसन मोहम्मद फारूक मोहम्मद अहमद ग्राम प्रधानों में कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे अनिल सिंह ने बताया की ताल मेल लेकर चलना है ऐसा व्यवहार रखना है कोई कार्यवाही मुझे ना करना पड़े इसलिए आप लोगों को बैठक बुलाकर संदेश दिया जा रहा है

जल जमाव कहीं नजर न आएः कोहली

संतकबीरनगर। नोडल अधिकारी बस्ती मण्डल वस्ती व विशेष सचिव डॉ0 दीपक कोहली ने आज निरीक्षण भवन खलीलाबाद में नगर निकायों की नाला नालियों की सफाईए शुद्ध पेयजलापूर्ति एवं जल निकासी की समीक्षा कियाए तथा जल निकासी की व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए निर्देशित किया गया।

विशेष सचिव डॉ0 दीपक कोहली ने नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के मोहल्ला मड़या में स्थित जल जमाव का निरीक्षण निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि शीघ्र जल जमाव की स्थिति का निस्तारण करावें। उन्होंने अन्य स्थानों पर भी नाला नालियों की साफसफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा निर्देशित किया कि साफसफाई एवं जल निकासी पर विशेष ध्यान रखा जायए कही पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न होने पायेए तथा जल भराव वाले स्थानों पर कीट नाशक दवाओं को विशेष रूप से प्रयोग किया जायें। सभी अधिशासी अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि अपने.अपने निकायों में जल निकासी की व्यवस्था को देख लेवे किसी भी स्थिति में जल जमाव न होने पाये। इसके अतिरिक्त निकायों में हो रहे वायोरेमेडिएशन में प्रयुक्त होकने वाले सूक्ष्म पौधों व फाइटोप्लांट का प्रयोग कर जलशुद्धि का कार्य करने पर प्रयास किया जाए। खराब हैण्डपम्पों को तत्काल ठीक कराया जाय। सर्किट हाउस में नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार भारतीए अमित सिंह अधिशासी अधिकारी बेलहरकलाए अवनीश यादव अधि0अधि0 हरिहरपुरए उमेश कुमार अधि0अधि0 हैसर बाजारए एवं मेंहदावल एवं बखिरा तथा धर्मसिंहवा के अधिशासी अधिकारीए निकाय सहायक राम स्वरूप मौर्याए कलेक्ट्रट सहित अन्य संबंधित आदि उपस्थित रहे।निरीक्षण के क्रम में नोडल अधिकारीध्विशेष सचिव डा0 दीपक कोहली द्वारा नगर पंचायत मगहर एवं बखिरा का भी निरीक्षण किया गया। विशेष सचिव ने मगहर में संत कबीर दास जी की मजार पर चादर चढ़ाते हुए पूजा.अर्चना भी किया।

सबसे अधिक टीकाकरण के लिए डा. संतोष को राज्यमंत्री ने किया सम्मानित

अमेठी। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य स्वास्थ्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा शुक्रवार को जिले के फुरसतगंज मे वर्चुअल माध्यम से एमएनसीयू का उद्घाटन किया था इस अवसर पर जिले के 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यों की भी समीक्षा की गई थी ।जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य के संग्रामपुर के प्रभारी डॉक्टर संतोष सिंह को मिशन इंद्रधनुष के तहत सबसे अधिक टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य मंत्री के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज को अधिक बच्चों के जन्म और शाहगढ़ को नसबंदी के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अमेठी जिला अधिकारी निशा आनंद अमेठी मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सीएमओ डॉक्टर अंशुमान सिंह व जिले के सभी स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

मेहनत से सफलता जरूर मिलेगीः डीएम

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्राओं को मेडल प्रशस्वी पत्र व टैबलेट वितरित किया। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य में मेहनत से पढ़ाई करने अपने लक्ष्य को पूरा करने परिवार व देश का विकास करने को लेकर संदेश दिया। डीएम ने कहा कि जीवन में सफलता पाने का एकमात्र मंत्र मेहनत है। बिना मेहनत के कोई भी सफलता नहीं पाई जा सकती है। इसलिए सभी बच्चे मेहनत से कभी भी पीछे ना हटें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्तर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 25 छात्र-छात्राओं को मेडल, चेक व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा हाई स्कूल की प्रज्ञा श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार, इसमीत कौर को सम्मानित किया गया। इसके अलावा इंटरमीडिएट की सना खातून, शिवाकांत पांडे, बुशरा जबी, स्मृति शुक्ला, अनुकृति श्रीवास्तव, शशि वर्मा, शिव दर्शन तिवारी, अजीत कुमार, मानस पांडे, प्रमोद मौर्या सुमन यादव को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार व विद्यालयों के आये छात्र छात्राएं उनके अभिभावक व शिक्षक गण उपस्थित रहे।

हत्यारोपी को किया पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुसाफिरखानाए अमेठी।शुक्रवार की शाम भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीनगर गांव में सेहन की भूमि को लेकर हुई मारपीट में बुजुर्ग की मौत मामले में स्थानीय पुलिस नामजद आरोपियों में शामिल शुभम मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही दो अन्य की तलाश जारी है।शुक्रवार की देर शाम अलीनगर गांव में घर के सेहन की भूमि पर दीवाल बनाने को लेकर दो सगे भाइयों राम जग व राम नेवाज के परिवार के बीच कहासुनी के दौरान हुई मारपीट की घटना में घायल राम नेवाज की अस्पताल में मौत हो गई थी वही पत्नी सुषमा व पुत्र राम चरन घायल हो गए थे।मामले में मृतक के पुत्र राम चरन की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे।रविवार को थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार दोपहर करीब में चेकिंग के दौरान घटना में नामजद आरोपी शुभम मौर्य पुत्र राम जग मौर्य को क्षेत्र के दिछौली मोड़ रानीगंज से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी शुभम मौर्य को विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने लिया यू टर्न, आठ छात्रों के विरुद्ध कार्रवाई वापस

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तेवर देख विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ पांव फूले

मिल्कीपुर अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अध्यनरत आठ छात्र.छात्राओं के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई दंडात्मक कार्यवाही को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आंदोलन के आगे आखिरकार विश्वविद्यालय प्रशासन को मुंह की खानी पड़ गई है। नाराज एवं आक्रोशित छात्रों के तेवर देख विश्वविद्यालय प्रशासन ने आखिरकार यू टर्न ले लिया है। जिसके क्रम में छात्रों के विरुद्ध विश्वविद्यालय एवं छात्रावास से निष्कासन सहित अन्य कार्यवाही को समाप्त करते हुए उन्हें चेतावनी देकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने समूचे प्रकरण पर विराम लगा दिया गया है। बता दें कि बीते 13 मई को एमएससी तृतीय वर्ष के छात्र यशपाल सिंह यादव का शव सरयू छात्रावास स्थित उसके कमरे में छत से लटका मिला था। इसके बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर व छात्र के गाइड डॉ विशुद्धानंद के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय में जमकर प्रदर्शन किया था। छात्रों के प्रदर्शन से खार खाए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आठ छात्र छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें छात्रावास सहित विश्वविद्यालय से निष्कासित किए जाने का आदेश दे दिया था। इसके बाद छात्र.छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया था। कार्यवाही के शिकार छात्र.छात्राओं के समर्थन में एबीवीपी संगठन उतर आया थाए और कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी के उद्घाटन में पहुंचे प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के समक्ष जमकर हंगामा काटा था। उधर दो दिन पूर्व एबीवीपी के प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर छात्रों के विरुद्ध की गई कार्यवाही वापस न लिए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दे दी थी। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने बीते 29 जून को शाम 4रू00 बजे विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद की आपात बैठक बुला ली थी। बैठक में कार्यवाही की जद में आए 7 छात्र छात्राओं विकास चौधरीए अश्वनी वर्माए पंकज यादवए हर्षवर्धन सिंहए कामरान आजमए कुरंजना एवं कुसिदरा किदवई को भविष्य में पुनरावृत्ति न किए जाने की कड़ी चेतावनी दी गई है। जबकि विश्वविद्यालय से निष्कासित किए गए छात्र ऋषभ मिश्रा को शिक्षण सत्र 2024 . 25 के प्रथम सेमेस्टर के लिए छात्रावास से निष्कासित किया गया है। शेष शिक्षा अवधि में कंडक्ट प्रोवेशन पर रखे जाने का आदेश देते हुए उन्हें भी कड़ी चेतावनी दी गई है। वही अब विश्वविद्यालय प्रशासन की फजीहतों को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि काश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मामले का संज्ञान लेकर आक्रोशित छात्र.छात्राओं से वार्ता कर उन्हें समझाया बुझाया होता तो मामला तूल न पकड़ता और विश्वविद्यालय प्रशासन की किरकिरी न होती।

सफाई कर्मी का सेवानिवृत्त विदाई समारोह,छलका दर्द

डलमऊ रायबरेली नगर पंचायत डलमऊ में 40 वर्ष का श्रम कार्यकाल के समापन दिवस के अवसर पर सफाई कर्मी और सज्जनता की मिसाल के रूप में मुन्ना के कार्यकाल का अंतिम दिन था जहां सेवानिवृत्त के सम्मान समारोह आयोजित कर अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने संम्मानित कर उनके कार्यकाल के योगदान का एक एक पल याद किया. सम्मान समारोह के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में सेवानिवृत्ति विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसने सफाई कर्मचारी मुन्ना को सेवानिवृत्ति होने पर अध्यक्ष द्वारा अंग वस्त्र भेंट करते हुए हार्दिक शुभकामनाएँ दिया और कहा हमारे पूज्य पिता जी के कार्यकाल से कार्यरत कर्मचारी का सेवानिवृत्त होने के उपरांत उनका सम्मान करना मेरे लिए गर्व का विषय है सफाई कर्मी मुन्ना 13 फरवरी 1984 को सफाई कर्मचारी के पद पर स्थायी चयनित हुए थे मुन्ना ने अपनी नौकरी में कभी भी अपने कार्य के प्रति लापरवाही नहीं की ना ही विभाग द्वारा कभी निलंबित हुए सभी कर्मचारियों को आपसे प्रेरणा लेनी चाहिए अध्यक्ष श्री गौड़ ने कहा किसी प्रकार की कोई भी जरूरत मेरी पड़े तो 24 घंटे हम आपके लिए खड़े रहेंगे वही समस्त कर्मचारियों ने भी माला पहनाकर सम्मानित किया इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ सभासद मोहम्मद शकील अहमद जितेंद्र सोनकर फिरोज अहमद, राहुल यादव अनन्त श्रीवास्तव, लिपिक सोहराब अली ,सतीश जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव, एवं समस्त कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

क्षेत्र में सेवाभाव और मानवता की मिसाल बनकर उभरे विकास सिंह-इंद्रमणि शुक्ला

मैं अकेले ही चला था जानिबे मंजिल!.लोग आते गए कारवां बनता गया!

डलमऊ रायबरेली। आज के परिवेश में जहां मानवता और इंसानियत की अवधारणा लोगों में शून्यता की ओर अग्रसर है वही क्षेत्र के बैरहना निवासी विकास सिंह का नाम किसी परिचय का मोहताज नही है सेवाभाव की अप्रतिम मिसाल बनकर उभरे विकास सिंह किसी बड़े राजनीतिक या व्यसायिक परिवार से नही है फिर भी जिले और क्षेत्र की जनता के बीच काफी लोकप्रिय व्यक्तित्व है जिनके पीछे क्या युवा ,क्या बुजुर्ग,क्या बच्चे, क्या महिला ऐसा कोई भी नही है जिनके बीच ये युवा व्यक्तित्व लोकप्रियता न हासिल की हो ये लोकप्रियता सेवाभाव समर्पण और सादगी का जीवंत उदाहरण है रविवार को भागीरथी सभागार में आयोजित संम्मान समारोह में ग्राम पंचायत सदस्यों, पूर्व व वर्तमान प्रधानों के सम्मान समारोह के अवसर पर विकास सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम प्रधानो और सदस्यों के सम्मान का कोई विशेष या राजनीतिक कारण नही है बल्कि इसका एक निश्छल उद्देश्य ये है कि हमारा आपका मित्रवत दायरा बढ़े और असहाय और गरीबों की अधिकाधिक मदद हो सके ताकि उन जरूरत मंद को अकेले होने का एहसास न हो. इस अवसर पर इंद्रमणि शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, राजेश सिंह, निसार बाबा, रामसनेही यादव, कमलेश यादव, जितेंद्र पटेल, आलोक यादव, दीपू सिंह, सिद्धार्थ सिंह सहित सभी आमंत्रित सदस्य व प्रधानों की उपस्थिति रही।

व्यापार मंडल ने अमेठी सांसद को क्षेत्रीय समस्याओं से कराया अवगत

किशोरीलाल शर्मा ने समस्याओं को दूर करने के लिये अधिकारियों को किया निर्देशित

लालगंज रायबरेली। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने अमेठी के सांसद किशोरीलाल शर्मा से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर श्री शर्मा ने संबधित विभागो को निर्देशित कर समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। व्यापार मंडल ने नगर में प्रतिदिन लग रहे जाम की समस्या से ग्रसित व्यापारियों की समस्या को प्रमुख से उठाया। जिस पर श्री शर्मा ने एनएचआई व रेलवे के अधिकारियों को दूरभाष पर बंद पड़े रेलवे ओवर ब्रिज का जल्द निर्माण किये जाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधि मंडल ने नहरो में पानी, लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली, खराब सड़को व ऐहार में अवैध टोल वसूली को लेकर भी सांसद को अवगत कराया। जिस पर उन्होने सभी समस्याओं के जल्द निस्तारण के लिये संबधित विभागो को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया है। इस मौके पर व्यापार मंडल के सूर्य प्रताप सिह, निर्मल शुक्ला, राहुल गुप्ता, सचिन सिंह, सौरभ सिंह, अखिलेश सिंह, संतोष मिश्रा, विपिन वर्मा, सनद द्विवेदी, फैजल, मो0 कासिफ मो0 निसार आदि मौजूद रहे।

ट्रेन से कटकर अज्ञात वृद्ध की मौत

बछरावां रायबरेली लखनऊ रायबरेली रेलवे ट्रैक पर बछरावां रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर एक अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि हादसा शनिवार रात लगभग दो बजे के करीब का है । जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

नये कानूनों के सम्बन्ध में एसपी ने आयोजित की बहुविकल्पीय प्रश्न परीक्षा

कनपुर देहात। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिती में पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में दिनांक 01ण्07ण्2024 से लागू होने जा रहे तीन नये आपराधिक कानूनों ;त्र01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नये भारतीय न्याय संहिता 2023ए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023त्रद्ध के संबंध में एक बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें नये आपराधिक कानूनों से सम्बन्धित धाराओं तथा नये कानूनों के अन्तर्गत कार्यवाही करने की प्रक्रिया आदि के ज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछे गये। उक्त परीक्षा में सभी क्षेत्राधिकारीए थाना प्रभारीए शाखा प्रभारीए थानोंध्कार्यालयोंध्शाखाओं में नियुक्त उप निरीक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।'

सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को विदाई

अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को पुष्प.माला, प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्रए व उपहार भेंट कर खुशहाल जीवन की शुभकामनायें देते हुये विदाई दी गई

कनपुर देहात। जनपद में तैनात कुल 04 पुलिसकर्मीए क्रमशरू निरीक्षक ना0पु0 श्री श्यामवृत सिंहए मु0आरक्षी सं0पु0 श्री ओमप्रकाश सिंहए मु0आरक्षी चालक चन्द्रभान सिंहए मु0आरक्षी चालक श्री शिवलायक सिंह भदौरिया अधिकारीध्कर्मचारीगण अपनी.अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाईन कानपुर देहात के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात द्वारा उपरोक्त सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को पुष्प.मालाए प्रशस्ति पत्रए अंग वस्त्रए व उपहार भेंट कर अच्छे स्वास्थए खुशहाल जीवन एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक महोदय कानपुर देहात द्वारा सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस दौरान अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण व परिवारीजन मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट किरण में 5 परिवार साथ रहने को हुये राजी

कानपुर देहात। पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की अध्यक्षता में की गई । नई किरण में 36 मामले आयेए जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 05 परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया । पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ रहने को तैयार हो गयेए शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी । प्रोजेक्ट नई किरण के तहत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस कार्यक्रम में महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी नि0 सीमा सिंह व महिला थानाध्यक्ष श्रीमती सुमन दीक्षितए म0का0 1282 आरतीए म0का0 1228 इन्दूए म0का0 1214 रामा देवीए म0का0 1149 शालूए म0का0 345 रागिनी ;म0स0प्रकोष्ठद्ध तथा नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य गण डॉ0 पूनम गुप्ताए श्रीमती कंचन मिश्रा व श्री रामप्रकाश आदि मौजूद रहे तथा सबका विशेष सहयोग रहा।

भारत के वर्ल्ड कप जीतने पर चारों ओर जश्न का माहौल

कानपुर देहात। भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा शनिवार की देर रात्रि वेस्टइंडीज में खेले गये टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर जनपद में चारों ओर जश्न का माहौल व्याप्त हो गया, लोगो ने रात्रि में ही अपने घरो से बाहर आकर आतिशबाजी चलायी, ढोल की धुन पर जमकर नाचे लोगों ने गौरवमयी क्षणों को आत्मसात करते हुये इस मौके को यादगार बनाया। भारत ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को रोमॉचक फाइनल मुकाबले में 7 रन से पराजित कर पूरे देश को झूमने का मौका दिया। लोगों ने एक बार पक्की हार की ओर बढ रहे मुकाबले में हार्दिक पाण्डयॉ द्वारा विध्वसॅक क्लासेन के आउट होने से पहले अपने टीवी सेटों को बन्द करने का मन बना लिया था, परन्तु अनिश्चताओं के खेल क्रिकेट में भारतीय टीम ने चमत्कार करते हुये क्लासेन को आउट करने के बाद किलर मिलर सहित अन्य बल्लेबाज को आउट करने के बाद स्कोर बोर्ड पर जबरदस्त अॅकुश लगा दिया। जीत के बाद भारतीय टीम जहॉ भावनाओं के अतिरेक में बही नजर आयी, वहीं भारतीय टीम द्वारा खुशियॉ मनाने के साथ जनपदवासी भी सडक पर उतर आये और अपने उत्साह से इस गौरवपूर्ण क्षणों की बधाई एक दूसरे को दी। पूर्व क्रिकेटरों उपदेश पाण्डेय, रामशरण त्रिपाठी, धर्मेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीकान्त, अनिल गुप्ता, विनय चौबे सहित क्रिकेट प्रेमियों ने 13 वर्ष बाद भारत के वर्ल्ड कप जीतने पर एक दूसरे को बधाई दी है।

एजुकेशन मूवमेंट सोसायटी मेधावियों को करेगी सम्मानित

फर्रुखाबाद। एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ की अहम् बैठक आज इस्लामिया जुनियर हाईस्कूल फतेहगढ़ में सोसायटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सैय्यद रिज़वान अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सोसायटी द्वारा कराये जाने वाला सालाना प्रोग्राम के जरूरी व अहम मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें सोसायटी के सभी सदस्यों ने अपनी.अपनी राय रखी। जिसमें छात्रों की मार्कशीट जमा करने पर भी बात हुईएजिसमें सोसायटी के सभी सदस्यों की आपसी सहमति से फैसला लिया गया कि अभी तक स्कूल कालेज बंद होने की वजह से छात्रों ने निर्धारित केन्द्रों पर मार्कशीट जमा नहीं कर पाये हैं। इसलिए निर्धारित केन्द्रों पर मार्कशीट जमा करने की जो आखिरी तारीख 30 जून तय की गयी थी उस तारीख को अब बढ़ाकर 6 जूलाई 2024 कर दिया गया है। श्री अली ने बताया कि अब सभी बोर्डों के छात्र जो 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा नम्बर हासिल करने वाले ऐसे सभी छात्र सोसायटी के पहले से निर्धारित केन्द्रों पर अपनी.अपनी मार्कशीट की फोटो कापी 6ध्7ध्2024 तक हर हाल में जमा कर दें। इसके बाद में आने वाली किसी भी मार्कशीट को सूची में शामिल नहीं किया जायेगा। मीटिंग में मौजूद सोसायटी के सेक्रेटरी डॉ0अफ़ज़ल हुसैनए कार्यवाहक सेक्रेटरी अनवर जमाल सिद्दीकी एडवोकेट एनसर ख़ालिक़ एडवोकेट,शमीम खान एडवोकेट, शमीउल्लाह सिद्दीकी,असलम अब्बासी, शाहिद हुसैन,शोहेल अहमद फारूकी एडवोकेट, सलीम खान, महफ़ूज़ जैदी,तौसीफ़ अली एडवोकेट,और भी तमाम लोग मीटिंग में मौजूद रहे।

आशिक व दोस्त ने की प्रेमिका के पति की हत्या

पुलिस अधीक्षक नें प्रेसवार्ता कर किया हत्या का खुलासा

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक सौरिख दिग्विजय सिंह के नेतृत्व मे थाना सौरिख पुलिस एवं सर्विलांस सेल द्वारा हत्या के मामले में तीन आरोपियों को हसेरन प्रतीक्षालय से हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की गई है।

रविवार को पुलिस कार्यालय में एसपी अमित कुमार आनन्द नें हत्या का खुलाया करते हुये बताया कि 01 जून की सुवह 112-पीआरवी द्वारा ग्राम सलेमपुर (रैपालपुर) थाना सौरिख के बाहर खेत में गड्ढे के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा होनें की सूचना मिली जिसपर थाना सौरिख पुलिस मौके पर पहुंची जहाँ ज्ञात हुआ कि 35 वर्षीय अमरीश उर्फ ऋषि पुत्र कुँवरपाल निवासी ग्राम सलेमपुर (रैपालपुर) का शव है जो दिनांक 31 मई की शाम अपने घर से निकला था। पोस्टमार्ट में मृत्यु का कारण प्रथम द्रष्टया में प्राकृतिक मृत्यु थी। परन्तु मृतक की माँ गुड्डी देवी पत्नी कुवर पाल द्वारा मृतक की पत्नी आस्था उर्फ माधुरी व उसके प्रेमी अंकित के साथ हत्या करने की आशंका जताते हुये प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस नें आस्था उर्फ माधुरी पत्नी स्व. अमरीश उर्फ ऋषि व अंकित पुत्र राम सिंह उर्फटल्ले निवासीगण ग्राम सलेमपुर रैपालपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। दौराने विवेचना मोबाइल नम्बर के सीडीआर के विश्लेषण से कन्हैया का नाम प्रकाश में आया तथा अमरीश उर्फ ऋषि की हत्या के तथ्य प्रकाश में आए।

इनामी गिरफ्तार

कनपुर देहत। महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा दिनांक 23ण्04ण्2018 को थाना भोगनीपुर परण्शारुख पुत्र मकसूद अली निवासी पातेपुर भोगनीपुर कानपुर देहात मकसूद अली पुत्र अज्ञात निवासी पातेपुर थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। दौराने विवेचना पीडिता की बरामदगी व धारा 161 व 164 सीआरपीसी के बयानों एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में नामजद इनामिया ;25000ध्.रु0द्ध ध्वांछित अभियुक्त शाहरुख पुत्र मकसूद अली निवासी पातेपुर अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 27 वर्षए जो 6 साल से फरार चल रहा था को भोगनीपुर चौराहा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया।

तीनों कानून लागू होने से पूर्व कोतवाली में ली गई परीक्षा

गुरसहायगंज (कन्नौज)। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य कानून के एक जुलाई से लागू होने से पूर्व स्थानीय कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उप निरीक्षकों सहित पुलिस कर्मियों की परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें अधीनस्थ कर्मियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रविवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में 01 जुलाई को तीनों कानून के लागू होने से पूर्व आयोजित परीक्षा में कोतवाली के समस्त उप निरीक्षकों, हेड मोहर्रिर, हेड कांस्टेबल सहित महिला कोतवाली के समस्त उप निरीक्षकों, हेड मोहर्रिर, हेड कांस्टेबल सहित महिला व पुरुष कांस्टेबलों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान आलोक कुमार दुबे ने जानकारी देते हुये बताया कि इन तीन नए प्रमुख कानूनों का उद्देश्य दंड देने के बजाय न्याय देना है। बताया कि इन कानूनों में ऑन लाईन रिकॉर्ड का प्रावधान किया गया है। अपराध की सूचना प्राप्त होते ही घटनास्थल पर विचार बिना जीरो एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

गौवंश ले जाते 6 गिरफ्तार

कनपुर देहात। जनपद की थाना मूसानगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 23ण्06ण्2024 को दो ट्रक 14.14 टायरा नम्बर में कुल 53 राशि जीवित गोवंश क्रूरता पूर्वक ले जाये जाने के सम्बन्ध में थाना मूसानगर पर मु0अ0सं0 0068ध्2024 धारा 3ध्5खध्8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11;घद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर प्रकाश में आये ट्रक के चालक मोहम्मद अब्दुल्ला उम्र 28 वर्ष पुत्र अली हुसैन निवासी सैनी बस स्टाफ के पास थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को नगीना मोड थानाक्षेत्र मूसानगर से गिरफ्तार किया गया। मोहम्मद अब्दुल्ला उपरोक्त द्वारा पूछताछ में उपरोक्त दोनों ट्रकों के वाहन स्वामी तथा 08 अन्य अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाये गये तथा अभियुक्त की निशानदेही पर सराय गांव के आगे बने यादव मार्केट व पीडब्लूडी गेस्ट हाऊस के पास से प्रकाश में आये अभियुक्तगण ण्अनीश पुत्र शरीफ निवासी ग्राम बदनपुरा थाना गोहन जनपद जालौन नारु पुत्र गोरुलाल रैवारी निवासी ग्राम जगपुरा थाना रानपुर तहसील लाडपुरवा जनपद कोटा जनपद राजस्थान राजू पुत्र गोरुलाल रैवारी निवासी ग्राम जगपुरा थाना रानपुर तहसील लाडपुरवा जनपद कोटा जनपद राजस्थान मोहर सिंह पुत्र स्व0 गोपीचन्द्र रैवारी निवासी ग्राम कलमका कुआ थाना रानपुर तहसील लाडपुरा जिला कोटा राजस्थान सुरेन्द्र यादव पुत्र लालजी यादव निवासी ग्राम हुसैनपुर मधुकर पोस्ट भीमापार थाना सादात जनपद गाजीपुर हाल पता ग्राम लेढूपुर ;आशापुरद्ध थाना सारनाथ जनपद वाराणसीए सुरेन्द्र यादव पुत्र लालजी यादव निवासी ग्राम हुसैनपुर मधुकर पोस्ट भीमापार थाना सादात जनपद गाजीपुर हाल पता ग्राम लेढूपुर ;आशापुरद्ध थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा भागे हुए अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वच्छ और निडर होकर करें पत्रकारिता-विनय

पत्रकारों ने फर्रुखाबाद शहर के मुख्य चौराहे पर स्वर्गीय पत्रकार अनिल वर्मा शेखर की प्रतिमा के अनावरण की उठाई मांग

फर्रुखाबाद। बैठक का आयोजन प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा के निवास स्थान पर हुआ !इस बैठक के मुख्य अतिथि संगठन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष काफिला परिवार न्यूज पेपर व फ्व न्यूज़ चैनल के संस्थापकअरशद वारसी थे। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने व एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा ने मुख्य अतिथि अरशद वारसी का फूल माला पहनाकर, शॉल उड़ा कर व मेमोंटो भेंट कर सम्मान किया ,तथा एशोसिएशन के अनेक पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ।कार्यक्रम को एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद आमोद तिवारी ने संबोधित करते हुए पत्रकारों की ओर से फर्रुखाबाद प्रशासन से मांग की, फर्रुखाबाद के स्व. पत्रकार अनिल वर्मा शेखर की शहर के मुख्य चौराहे पर प्रतिमा का अनावरण किया जाए ।जो कि हम पत्रकारों के लिए एक प्रेरणा के सोत्र हैं आगे प्रशासन से मांग करते हुए कह की लकूना मैसेनी मार्ग का अनिल वर्मा शेखर मार्ग के नाम से नामकरण किया जाएएकलेक्ट्रेट में पत्रकारों के बैठने के लिए भवन की व्यवस्था की जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह कुशवाहा ने बैठक में अपने एसोसिएशन की मजबूती के लिए पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन कोई भी हो जब ही चलता है जब तक उसका मैनेजमेंट सही रहता है जब तक एसोसिएशन ;संगठन में एकता और अखंडता होती है ।हमें अपने संगठन में एकता और मजबूती बनाने के लिए अपने एशोशेशन के प्रति वफादार और निष्ठावान बनना होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों के बारे में बोलते हुए कहा सच्चा पत्रकार वही होता है जो स्वच्छ और निष्पक्ष पत्रकारिता करें ।तो मैं आशा करता हूं कि हमारे एसोसिएशन से जुड़ा हर पत्रकार स्वच्छ और निडर होकर पत्रकारिता करेए । एसोसिएशन किसी भी ऐसे पत्रकार की पैरवी नहीं करेगा !जो पत्रकारिता के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होगा !बैठक को पत्रकार अनिल कुमार प्रजापत, वरिष्ठ पत्रकार मोहनलाल गॉड गौड़ ने भी संबोधित किया ।बैठक के मुख्य अतिथि जयपुर से आए अरशद वारसी ने अपने संबोधन में कहा की कोई भी संगठन जब तक चलता है जब तक उस संगठन के पदाधिकारी में एकता और स्वच्छता होती है ।पत्रकार और प्रशासन शासन के बीच हमेशा से विरोधाभास रहा है !इसलिए पत्रकार को प्रशासन जब तक नहीं दबा सकता जब तक पत्रकारों में एकता बरकरा रहेगी एकता में ही अनेकता होती है ! कार्यक्रम में एसोशिएशन के पदाधिकारियों में देवेंद्र श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तवए वरिष्ठ पत्रकार मोहनलाल गौड़, बृजभान सिंह यादव, अभय प्रताप, सुंदरम सिंह,आमोद तिवारी, आरिफ सिद्दीकी, सोहराब ताज, अनिल कुमार प्रजापति, ताहिर खान, उर्फ बज्जू भाई, प्रदीप कुमार,मेराज अहमद सहित अनेक पत्रकारों ने भाग लिया ।कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक संचालन वरिष्ठ पत्रकार इरशाद अली ने किया।

अखिलेश यादव का जन्मदिन आज

फर्रुखाबाद। 1 जुलाई को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षध्पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री अखिलेश यादव जी का जन्मदिन आवास विकास स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सुबह 10 बजे मनाया जाएगा जिसमें आप सभी साथी सादर आमंत्रित हैं। इसके उपरांत समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष,एवं सभी पदाधिकारियों से अनुरोध है कि अपने-अपने क्षेत्र में एक-एक पौधारोपण अवश्य करें।

बैठक में संडे बाजार बंदी पर व्यापारियों ने सहमति जताई

फर्रुखाबाद। आज टाउनहाल से पक्कापूल तक के सभी व्यापारियों की एक सामूहिक बैठक टाउनहाल पार्क मे हुई जिसमे व्यापारियों ने एक राय होकर संडे बाजार बंदी को लेकर बैठक की गई जिसमे युवा व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव को भी बैठक मे बुलाया गया, बैठक मे मौजूद व्यापारियों ने संडे बाजार बंद करने की सहमति जताई, इसी बीच अन्य बाजारों के व्यापारियों से भी बात की गई उन्होने भी बंदी पर सहमति जताई व व्यापारियों ने व्यापार मंडल का सहयोग मांगा। अंकुर श्रीवास्तव ने कहा की यदि संडे बंदी को आप सभी व्यापारी तैयार हैँ तो हम सभी लोग आप व्यापारियों के साथ हैँ, संडे बाजार बंदी से व्यापारियों को एक छुट्टी भी मिलेगी व व्यापारी की एकता भी दिखाई देगी जिससे व्यापारियों का कद बड़ेगा। इस दौरान युवा व्यापार मंडल अध्यक्षअंकुरश्रीवास्तव,अदनान गारमेंट्स मोहम्मद अंजू, सुपर कलेक्शन रुस्तम,अमन गारमेंट्स अमन, राइन गारमेंट्स तारिक, अनमता गारमेंट्स शानू,श्री गारमेंट्स मनोज,अर्शी गारमेंट्स अर्शी,नावेद गारमेंट्स शानूँ, छ ट्रेडिंग आसिफ आयात गारमेंट्स बिलाल,सादमीर गारमेंट्स आसिफ दा क्लोज जींस नुमान,वॉलीबुड चलेक्शन अरशद, पॉपुलर कलेक्शन लकी,नाज गारमेंट्स सादमीर, पेंटालूक दानिश आदि लोग मौजूद रहे ।अली एडवोकेट,और भी तमाम लोग मीटिंग में मौजूद रहे।

प्रशासन ने परिजनों को हरसंभव मदद को लेकर किया आश्वस्त

लखीमपुर खीरी।30 जून। जिला मुख्यालय के मोहल्ला हाथीपुर कोठार में आठ साल का बालक गली में दोस्तों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान गेंद नाली में चली गई। उसे उठाते समय बालक ने बिजली खंभे के सपोर्ट वायर को पकड़ लिया था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मासूम बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया ।घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार दिनेश कुमारए क्षेत्रीय लेखपाल राजेश कुमारए विद्युत महकमें के अफसर पीड़ित परिजनों के बीच पहुंचेए जहां परिजनों को इस दुख की घड़ी में ढाढस बधाया और हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। इस विद्युत दुर्घटना पर विद्युत महकमें द्वारा फार्म.44 भराया गया। रविवार शाम तक विद्युत सुरक्षा विभाग से जाँच के उपरांत नियमानुसार अनुमन्य सहायता दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

बताते चलें कि शहर के मोहल्ला हाथीपुर कोठार निकट बंकटा देवी मंदिर शनिवार की शाम करीब 06रू15 बजे को एक उपभोक्ता के सर्विस केबिल के साथ एक जीआई तार ;स्पोर्ट तारद्ध खम्भे के स्टे मे बन्धा था। उपभोक्ता का सर्विस केबिल में कट होने कारण सर्पोट जीआई तार में करंट आ गया। साथ मे स्टे मे करन्ट आ गयाए जिससे विद्युत दुर्घटना हुई जिसका फार्म.44 भर दिया गया है। विद्युत सुरक्षा विभाग से जाँच के उपरांत नियमानुसार अनुमन्य सहायता दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उपजिलाधिकारी सदर द्वारा कहा गया कि परिवार की हर संभव मदद की जायेगी।

भाजपा का हर कार्यकर्ता कमल की पंखुड़ी, संगठित होकर कार्य करने की जरूरतः राजेश्वर सिंह

निघासन ॥ जनपद खीरी के भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश संयोजक राजा राजेश्वर सिंह ने निघासन में भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुये कहा कि हमें जनपद के हाल में हुए लोकसभा चुनावों के परिणामों से निराश होने की आवश्यकता नही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनी व माण् नरेन्द्र मोदी जी पुनरू लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने जिसका हमें गर्व है। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता कमल की पंखुड़ी है व लगातार सक्रीय रहता है बस संगठित होकर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने याद दिलाया कि किस प्रकार 2012 में निघासन विधानसभा में समाजवादी की लहर में कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम से पार्टी ने यहाँ भारी जीत हासिल की थी व तदोपरांत हर चुनावों में सफलता पाई । निघासन विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में अदभुत क्षमता है व भविष्य के चुनावों में भी एकजुट होने की आवश्यकता है ।राजा साहब ने निघासन विधानसभा के चारों मंडलों के सेक्टर से लेकर जिला स्तरीय भाजपा पदाधिकारियों को झण्डी स्थिति आनंद बाग में पौराणिक राम जानकी मंदिर के प्रांगण मे आम की दावत में अमंत्रित किया था जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुँचे थे । जिले के महामंत्री विनोद लोधीए कनक पाल सिंह राणाए महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रतिमा भदौरिया ए जिला मंत्री मुन्नी देवीए विमल तिवारी ए संगम लाल मिश्रा ए विनय जैसवालए संतोष गुप्ताए अशोक चौधरी ने पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु अपने विचार रखे। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष सिंगाही ब्रजेन्द्र सिंह ए पूण् मंडल अध्यक्ष निघासन नागेंद्र सेंगरए मंडल महामंत्री अंतरर्वेद चंद्रशेखरए बनवारी लाल यादवए सुनील बत्राए पूनम सिंह ए अशोक तिवारीए अजय गुप्ता ए सोबरन मौर्या ए पौरुष गुप्ताए अमर नाथ मिश्रा ए पारितोष मंडल ए रमेश तिवारीए दिग्विजय गुप्ता ए राजीव शुक्लाए अवधेश दूबे सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

शिकायत करने पर दबंगों ने पुलिस के सामने ही मारपीट कर घायल,रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद। भूमि विवाद की शिकायत पुलिस से करना दबंगो को नागवार गुजर गया । जिसके बाद जाँच करनें गयी पुलिस के सामने ही दबंग हमलावर हो गये और लाठी-डंडो और धारदार हथियार से हमला करके लहुलुहान कर दिया। मामले में पुलिस को तहरीर दी। मामले में घायलों को सीएचसी में भर्ती किया गया। जहाँ से एक की हालत गंभीर होनें से उसे रिफर कर दिया गया। मृतपुरथाना क्षेत्र के ग्राम हरसिहपुर गहलवार निवासी कृष्णपाल नें पुलिस को तहरीरदी। जिसमे कहा कि उसने भूमि विवाद होनें पर थानें में तहरीर दी थी। दी। जिसमे कहा कि उसने भूमि विवाद होनें पर थानें में तहरीर दी थी। उसी से आक्रोशित दबंग अशोक व सर्वेश पुत्र रामसहाय, अंकित पुत्र अशोक, रामप्रताप पुत्र श्रीराम व आधा दर्जन अज्ञात लोगों नें बीती रात लाठी-डंडो से लैस होकर निहत्थे कृष्णपाल व उसके पुत्र मदनगोपाल को जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये। जिससे कृष्ण पाल का मोबाइल भी टूट गया। अशोक नें धारदार हथियार से सिर में हमला कर दिया। कृष्णपाल की हालत गंभीर होनें पर उन्हें लोहिया अस्पताल सीएचसी से रिफर कर दिया । मामले में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद थी। उसके बाद भी दबंगो के हौसले कम नही हुए । थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया कि तहरीर मिल गयी है। मुकदमा दर्ज किया जायेगा ।

जेल से मेरी रिहाई के बाद भाजपा घबरा गई है : हेमंत

भाषा। भोगनाडीह (साहिबगंज)

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सामंती ताकतों के खिलाफ विद्रोह की रविवार को घोषणा की और कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया पूरे देश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता से बाहर कर देगा। सोरेन ने यहां हूल दिवस के मौके पर एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि जेल से उनकी रिहाई के बाद भाजपा घबरा गई है और उसके नेता फिर से उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा, अपनी रिहाई के बाद मैं पहली बार हूल दिवस पर आपको संबोधित करने के लिए अपने घर से बाहर निकला हूं। यह हम सभी के लिए प्रेरणा का दिन है। अंग्रेजों के खिलाफ संथाल विद्रोह की तरह हम झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश से सामंती ताकतों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हूल विद्रोह का ऐलान करते हैं। सोरेन ने कहा, मुझे झूठे मामलों में फंसाया गया... केंद्र सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को प्रताड़ित करने के लिए अपनी जांच एजेंसियों को लगा देती है। मुझे जेल से बाहर आए अभी दो दिन ही हुए हैं, लेकिन भाजपा घबराई हुई है। पार्टी के शीर्ष नेता झारखंड में बार-बार आ रहे हैं और मेरे खिलाफ फिर से साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड को क्रांतिकारियों की भूमि के रूप में जाना जाता है और हम जेल, लाठी या फांसी से नहीं डरते। सोरेन ने कहा, मेरी जानकारी में आया है कि वे (भाजपा) झारखंड में विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से पहले कराने की योजना बना रहे हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे जिस दिन चाहें चुनाव कराएं... हम इसके लिए तैयार हैं। उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि जब उन्होंने कोयला संसाधनों के बदले केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपए समेत आदिवासियों के अधिकारों की मांग शुरू की तो उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया गया। उन्होंने कहा, लेकिन, मैंने जो काम शुरू किया है और जो लड़ाई मैंने छेड़ी है, वह नहीं रुकेगी।

उन्होंने कहा कि एक कानून लाया जाएगा, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि खदानों और खनिजों का लाभ सबसे पहले झारखंड के लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधन अन्य स्थानों को समृद्ध बना रहे हैं, जबकि यहां के निवासी गरीबी और पिछड़ेपन में रहने को मजबूर हैं। सोरेन ने केंद्र पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं और परीक्षा के प्रश्नपत्र आए दिन लीक हो रहे हैं। झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा धनशोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा कर दिया गया था।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके पूर्ववर्ती (हेमंत सोरेन) को इसलिए जेल में डाल दिया गया क्योंकि वह गरीबों, दलितों और आदिवासियों के कल्याण की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड को लूटने वालों द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों को लेकर उन्हें (हेमंत सोरेन को) जेल भेज दिया गया। चंपई सोरेन ने लगभग 290 करोड़ रुपए की 396 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। हेमंत सोरेन की पत्नी एवं झामुमो विधायक कल्पना सोरेन और भाई बसंत सोरेन भी रैली में मौजूद थे।

भूपेंद्र यादव ने प्राकृतिक संसाधन के अत्यधिक दोहन के प्रति आगाह किया

भाषा। कोलकाता

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के प्रति आगाह किया। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के 109वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि सर्वेक्षणकर्ता लोगों में जागरुकता पैदा करने के लिए जीव-जंतुओं की प्रजातियों के वर्गीकरण, रिकॉर्डिंग और वैज्ञानिक मूल्यांकन के क्षेत्र में अग्रणी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मंत्रालय ने ओडिशा में भितरकनिका, उत्तराखंड में फूलों की घाटी, राजस्थान में रेगिस्तानी परिदृश्य, पश्चिम बंगाल में सुंदरवन में अद्वितीय मैंग्रोव बेल्ट जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए काम किया है और इन्हें प्रकृति का सर्वोत्तम उपहार बताया है। यादव ने कहा, यदि हमारे प्राकृतिक संसाधनों की लूट जारी रही तो एक दिन ऐसा आएगा जब इस दुनिया में केवल मनुष्य ही बचेंगे - पशु, पक्षी और पौधे नहीं। जरा सोचिए कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई तो हमारे भविष्य का क्या होगा। हमें पृथ्वी को बचाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग पर्यावरण को बचाने की अपनी जिम्मेदारी के प्रति गंभीर नहीं है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा, हम वातावरण से ऑक्सीजन लेते हैं बदले में वायु को प्रदूषित करते हैं। हमें पर्यावरण से शुद्ध जल मिलता है लेकिन हम पानी में औद्योगिक अपशिष्ट छोड़ देते हैं। हम शुद्ध प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हैं, लेकिन इन्हें कचरे में बदल देते हैं। यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2050 के दृष्टिकोण का उल्लेख किया, जिसमें लक्ष्य जैव विविधता और पृथ्वी को बचाने के उद्देश्यों को पूरा करना है।

पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया

बरेली गोलीबारी मामला

बरेली (भाषा)। बरेली जिले के इज्जतनगर में हुई गोलीबारी और आगजनी की घटना के दो मुख्य साजिशकर्ताओं को पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पैरों में गोली लगने से घायल दोनों मुख्य साजिशकर्ताओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बताया, पीलीभीत बाईपास पर 22 जून को हुई गोलीबारी और आगजनी की घटना के मुख्य साजिशकर्ता केपी यादव और सुभाष लोधी को शनिवार रात पुलिस दल के साथ हुई संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

भाटी ने कहा, केपी यादव और सुभाष लोधी ने इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास रोड पर एक जमीन खाली कराने के लिए मुख्य आरोपी राजीव राणा से 30 लाख रुपए लिए थे जिसके एवज में उन्होंने गोलीबारी और आगजनी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार केपी यादव रिठौरा नगर पालिका का सदस्य है तथा उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 14 मामले दर्ज हैं और सुभाष लोधी के खिलाफ भी 13 मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 22 जून को मुख्य आरोपी राजीव राणा और दूसरे पक्ष के आरोपी आदित्य उपाध्याय के बीच उपाध्याय की मार्बल की दुकान के पास स्थित एक भूखंड के कब्जे को लेकर हिंसक झड़प हो गई। उसने बताया कि अपने बेटों और 40 से 50 साथियों के संग आए राणा ने विवादित जमीन के पास खड़ी दो जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। घटना का एक कथित वीडियो सार्वजनिक हो गया। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटना के संबंध में लापरवाही बरतने के लिए इज्जतनगर थाने के प्रभारी सहित सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

अल्पसंख्यकों की निचली जातियों को हिन्दुओं की तरह सुविधाएं मिलनी चाहिए : फैजान मुस्तफा

● यह टिप्पणी बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों को दिए जाने वाले आरक्षण पर एक गहन बहस की पृष्ठभूमि में आई है।

पटना (भाषा)। पटना के चाणक्य विधि विश्वविद्यालय के कुलपति फैजान मुस्तफा ने रविवार को कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है लेकिन मुसलमानों तथा ईसाइयों की ऐसी जातियां जिनकी हालत हिन्दू दलितों से भी बदतर है, उन्हें भी वही सुविधा और दर्जा मिलना चाहिए जो दूसरे धर्म (हिंदू) के दलितों को मिलता है। पटना में महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी और शहीद अब्दुल हमीद कि जयंती कि पूर्व संध्या पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुस्तफा ने कहा कि ऐसा नहीं किया जाना धार्मिक आधार पर भेदभाव के समान है और इसलिए यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा, यह सच है कि संविधान के अनुसार धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। लेकिन यह भी सच है कि मुसलमानों और ईसाइयों में भी जाति व्यवस्था है। इनमें से कुछ जातियां हिंदू दलितों से भी बदतर स्थिति में हैं। मुस्तफा ने कहा, अगर ऐसी जातियों को दूसरे धर्म के दलितों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित किया जाता है तो यह धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। वास्तव में, ऐसी सुविधाओं से इनकार करना संविधान के खिलाफ होगा। यह टिप्पणी बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों को दिए जाने वाले आरक्षण पर एक गहन बहस की पृष्ठभूमि में आई है।

समारोह में एक पुस्तिका बिहार जाति गणना 2022-2023 और पसमांदा एजेंडा का विमोचन भी किया गया, जिसका उद्देश्य नीतीश कुमार सरकार द्वारा किए गए महत्वाकांक्षी जाति सर्वेक्षण के आलोक में निचली जाति के मुसलमानों की स्थिति को उजागर करना है। इस अवसर राज्यसभा के पूर्व सदस्य और ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के अध्यक्ष अली अनवर ने आरोप लगाया कि बिहार में जाति आधारित गणना होने के बावजूद सियासी दलों द्वारा पसमांदा समाज की हर तरह से उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा, पसमांदा समाज इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। जो इस समाज को नजरअंदाज करेगा उसे अगले विधानसभा चुनाव में सबक सिखाया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक मोहम्मद इसराइल मंसूरी ने वंचित जातियों के लिए आरक्षण में बढ़ोतरी को रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर खेद व्यक्त किया। मंसूरी ने राज्य सरकार से शीघ्र उच्चतम न्यायालय का रुख करने और संशोधित आरक्षण कानूनों की बहाली का भी आग्रह किया जिसके तहत राज्य में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया था।

राम पथ के निर्माण में लापरवाही की जांच के लिए समिति गठित

अयोध्या (भाषा)। शुरुआती बारिश में ही लगभग एक दर्जन स्थानों पर धंसने की वजह से चर्चा में आए राम पथ के निर्माण में घोर लापरवाही की जांच के लिए अयोध्या प्रशासन ने एक समिति गठित की है। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने रविवार को बताया, सभी संबंधित विभागों की एक समिति गठित की गई है, जो जांच करेगी और 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। यह समिति उन सीवेज चैंबरामैनहोल के निर्माण से संबंधित गड़बड़ियों की जांच करेगी जिनमें गड्ढे हो गए हैं।

दयाल ने कहा कि राम पथ करीब 14 किलोमीटर लंबा है और इसका निर्माण मानकों के अनुसार गुणवत्ता के साथ किया गया है। उन्होंने कहा, इस पथ में एक क्षेत्र ऐसा है, जहां सीवर लाइन बिछाई गई थी। ऐसे ही छह-सात स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो वर्षों में पूरी अयोध्या में करीब 5,500 सीवर चैंबर बनाए गए हैं, जिनमें से केवल आठ या नौ स्थानों पर ही ऐसी समस्या आई है, वह भी अत्यधिक बारिश के कारण ऐसा हुआ है। मंडलायुक्त ने कहा कि जिले में पूरे बरसात के मौसम की लगभग 30 प्रतिशत बारिश सिर्फ दो दिन में हो गई जिसकी वजह से यह समस्या हुई है। राज्य सरकार ने इस मामले के संबंध में अहमदाबाद स्थित ठेकेदार भुवन इंफ्राकॉम प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस भी जारी किया है। सरकार ने अयोध्या में नवनिर्मित राम पथ के कई हिस्सों में सड़क धंसने और जलभराव के बाद घोर लापरवाही के लिए छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इस बीच, फैजाबाद से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद ने शनिवार को अयोध्या में 14 किलोमीटर लंबे राम पथ और सड़क के नीचे सीवर लाइन के निर्माण में कथित अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। प्रसाद ने पीटीआई-भाषा से कहा था, यह एक बड़ा मुद्दा है, राम के नाम पर लूट हो रही है। कितने लोग जिम्मेदार हैं, कौन जिम्मेदार है, सब कुछ स्पष्ट होना चाहिए।

पहले दो दिनों में 28 हजार से अधिक ने अमरनाथ गुफा में दर्शन किए

भाषा। श्रीनगर

वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा के दूसरे दिन रविवार को लगभग 15,000 श्रद्धालुओं ने दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन किए। पहले दो दिनों में अमरनाथ गुफा में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की कुल संख्या अब 28,000 को पार कर गई है। गुफा मंदिर में दर्शन करने वालों में 9,979 पुरुष तीर्थयात्री और 3,439 महिला तीर्थयात्री शामिल थे। एक हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों, 83 बच्चों और दो ट्रांसजेंडर ने भी तीर्थयात्रा की। यात्रा शनिवार को दो मार्गों से शुरू हुई - अनंतनाग में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक नूनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से। बावन दिनों तक चलने वाली यह तीर्थयात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले वर्ष 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर में दर्शन किए थे।

देवरिया में मंदिर पर गिरी बिजली पुजारी समेत दो मरे, सात घायल

देवरिया (भाषा)। उप्र के देवरिया जिले में रविवार को बारिश के बीच एक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से पुजारी समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना कोतवाली प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि रविवार को अपराह्न करीब एक बजे तेज बारिश के दौरान गोपालपुर गांव में स्थित एक मंदिर में कुछ लोग शरण लिए हुए थे तभी अचानक मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरी। उन्होंने बताया कि इसका असर इतना जबरदस्त था कि इसकी जद में आने से मंदिर के पुजारी राधेश्याम गिरि (50) और राजनाथ कुशवाहा (40) नामक एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। शर्मा ने बताया कि हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजन तथा घायलों को नियमानुसार सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

हरदोई में दो पक्षों के बीच संघर्ष, एक युवक की मौत, चार घायल

हरदोई (भाषा)। उप्र हरदोई जिले के पाली क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक नृपेन्द्र ने रविवार को बताया कि खेमपुर में अमन और रिजवान के बीच पुराना विवाद था जिसके चलते देर रात रिजवान अपने साथियों के साथ अमन के घर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि रिजवान तथा उसके साथियों ने अमन तथा उसके परिजन से मारपीट शुरू कर दी और इस दौरान गोलीबारी भी की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में अमन पक्ष के पांच लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उप्र भाजपा के खराब प्रदर्शन के लिए मोदी, योगी को दोष न दें: उमा भारती

भाषा। शिवपुरी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता उमा भारती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दोष नहीं दिया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को यहां कहा कि बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद भी पार्टी ने राज्य में खराब प्रदर्शन किया था। भारती ने यहां एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजों के लिए मोदी और योगी को दोषी ठहराना सही नहीं है। भाजपा छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा ढहाए जाने के बाद भी हार गई थी। इसके बावजूद हमने अयोध्या में राम मंदिर को अपने एजेंडे से नहीं हटाया...हमने अयोध्या को कभी वोट से नहीं जोड़ा। इसी तरह अब हम मथुरा-काशी (धार्मिक स्थलों को लेकर विवाद) को वोट से नहीं जोड़ रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि हिंदू समुदाय की प्रकृति को समझने की जरूरत है जो सामाजिक व्यवस्था को धर्म से नहीं जोड़ता।

भाजपा नेता ने दावा किया, यह इस्लामिक समाज है जो सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था को जोड़कर काम करता है, इसलिए वे सामाजिक व्यवस्था के अनुसार वोट करते हैं। भारती ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नतीजों का मतलब यह नहीं है कि लोगों की भगवान राम के प्रति आस्था कम हो गई है। उन्होंने कहा, हमें यह अहंकार नहीं करना चाहिए कि हर राम भक्त भाजपा को वोट देगा। हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि जो हमें वोट नहीं देता, वह राम भक्त नहीं है। यह (चुनाव परिणाम) किसी लापरवाही का नतीजा है और कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ मिलकर केंद्र में गठबंधन सरकार चलाना मुश्किल नहीं होगा, क्योंकि अतीत में भाजपा ने उनके साथ सहयोगी के रूप में सफलतापूर्वक सरकारें चलाई हैं। इससे पहले दिन में भारती ने ग्वालियर से भोपाल जाते समय शिवपुरी में स्थानीय भाजपा नेताओं से मुलाकात की। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट में से केवल 33 सीट जीती थीं जबकि समाजवादी पार्टी ने राज्य में सर्वाधिक 37 सीट पर जीत हासिल की। भाजपा ने 2019 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश में 62 सीट पर कब्जा किया था।

मथुरा में पानी की टंकी ढही, दो लोगों की मौत

मथुरा (भाषा)। मथुरा नगर में रविवार शाम एक आवासीय कॉलोनी की टंकी अचानक ढह गई जिससे कई मकान उसके मलबे की चपेट में आ गए और घटना में कम से कम 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और दो की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि घटना शाम करीब छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा विकसित कॉलोनी कृष्णा विहार की है जब सामान्य बूंदाबांदी के बीच पानी की टंकी अचानक ढह गई। उसने बताया कि टंकी के मलबे की चपेट में आसपास के कई मकान भी आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और वहां गली में खेल रहे कुछ बच्चे भी टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचीं पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम अब तक 12 घायलों को मलबे में से निकाल चुकी है जिनकी हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी और पुलिस के अलावा राजस्व, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि की टीम मुस्तैदी से बचाव कार्य में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि इस घटना में अभी तक किसी की भी मौत होने की जानकारी नहीं है। जिलाधिकारी सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौके पर बचाव और राहत कार्य की निगरानी कर रहे हैं। राजस्व विभाग प्रभावित परिवारों को भोजन और रहने की सुविधा मुहैया कराने का काम कर रहा है। जिलाधिकारी ने कहा, टंकी का निर्माण 2021 में ही पूरा हुआ था। ऐसे में केवल तीन वर्ष में ही टंकी का इस प्रकार ढह जाना कई प्रकार के सवाल खड़े करता है, जिनकी जांच कराई जाएगी।

पेज 1 का शेष

नए आपराधिक...

सूत्रों ने बताया कि शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि ये तीनों कानून न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर आधारित हैं। नए कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गए बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा तथा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी।जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा। नए कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। इसके अलावा, गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है जिससे मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। नए कानूनों के तहत पीड़िता को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। नए कानूनों में, महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाले अपराध पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निशुल्क प्राथमिक उपचार या इलाज मुहैया कराया जाएगा। यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि पीड़ित को आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल तुरंत मिले। आरोपी तथा पीड़ित दोनों को अब प्राथमिकी, पुलिस रिपोर्ट, आरोपपत्र, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेज 14 दिन के भीतर पाने का अधिकार होगा। अदालतें समय रहते न्याय देने के लिए मामले की सुनवाई में अनावश्यक विलंब से बचने के वास्ते अधिकतम दो बार मुकदमे की सुनवाई स्थगित कर सकती हैं। नए कानूनों में सभी राज्य सरकारों के लिए गवाह सुरक्षा योजना लागू करना अनिवार्य है ताकि गवाहों की सुरक्षा व सहयोग सुनिश्चित किया जाए और कानूनी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता व प्रभाव बढ़ाया जाए। अब लैंगिकता की परिभाषा में ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं जिससे समावेशिता और समानता को बढ़ावा मिलता है। पीड़ित को अधिक सुरक्षा देने तथा दुष्कर्म के किसी अपराध के संबंध में जांच में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए पीड़िता का बयान पुलिस द्वारा ऑडियो-वीडियो माध्यम के जरिए दर्ज किया जाएगा। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी और वे अपने निवास स्थान पर ही पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

क्या है खास: आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा, रेप पीड़िताओं का बयान महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या संबंधी की मौजूदगी में दर्ज करेगी, कोई भी व्यक्ति थाना गए बिना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है, गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के शख्स को सूचित करने का अधिकार है, महिलाओं, 60 से अधिक आयु, दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को थाने आने से छूट मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने...

उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव को दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव करार देते हुए को कहा कि इसमें 65 करोड़ लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है। मन की बात की 111वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आज देशवासियों को इस बात के लिए धन्यवाद भी देता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अपना अटूट विश्वास दोहराया है। साल 2024 का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने मत डाले हैं।

मनोज कुमार सिंह....

शासन की मशीनरी एक साथ चलती रहे और अलग-अलग विभाग के मध्य अच्छा समन्वय रहे। सभी विभाग समन्वित तरीके से प्रयास करेंगे तभी मा0 मुख्यमंत्री जी ने विभागों के लिये जो लक्ष्य रखें है और उनकी जो प्रतिबद्धतायें हैं वह पूरी हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन जनता से सीधा जुड़ा हुआ होता है। उनका प्रयास होगा कि ब्लाक, तहसील और थाने स्तर पर आमजन को सुगमता से न्याय मिल सके और उनकी समस्याओं का निष्पक्ष तरीके समाधान हो सके। मनोज कुमार वर्तमान में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त जैसे नीतिगत विषयों से जुड़े दो अति महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे मनोज कुमार सिंह अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, खाद्य प्रसंस्करण, यूपीडा और उपशा के चेयरमैन तथा पिकप अध्यक्ष जैसे प्रदेश के विकास को गति देने वाले अति वरिष्ठ पदों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। कोविड काल में पहले टीम 11 और फिर टीम 9 में शामिल मनोज कुमार सिंह ने गाँवों में कोविड प्रसार को नियंत्रित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

भारतीय क्रिकेट...

उस दौर में कप्तानी को लेकर म्युजिकल चेयर हुआ करता था लेकिन इन दोनों धुरंधरों का एक दूसरे के प्रति सम्मान कम नहीं हुआ। रोहित और विराट सोशल मीडिया के दौर के दिग्गज है। तिल का ताड़ बनाने वाले इस दौर में दोनों ने अपनी गरिमा बनाए रखी। विश्व कप सेमीफाइनल 2019 में भारत की हार के बाद दोनों के संबंधों में दरार की खबरें आने लगी। कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ने का फैसला किया और बीसीसीआई ने सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में रोहित को कप्तान बनाया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई कुछ पोस्ट में पता चलता है कि दोनों के मन में एक दूसरे के लिए कितना सम्मान है।

थल सेना प्रमुख...

मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 15 दिसंबर 1984 को भारतीय सेना की 18जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। उन्होंने बाद में इस इकाई की कमान भी संभाली थी। जनरल द्विवेदी को सेना की उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी कमान में विभिन्न अभियानों में काम करने का व्यापक अनुभव है। सेना ने कहा कि जनरल द्विवेदी का लक्ष्य सेना की समग्र क्षमता को बढ़ाने के लिए देश की जीवंत, सक्षम और उत्पादक प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाकर महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के समावेश को बढ़ाना है। इसने कहा, वह ऐसे समय में सेना प्रमुख का पदभार संभाल रहे हैं, जब वैश्विक भू-रणनीतिक माहौल गतिशील बना हुआ है तथा तकनीकी प्रगति तथा आधुनिक युद्ध के निरंतर बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और अधिक स्पष्ट होती जा रही हैं। सेना प्रमुख के तौर पर, जनरल द्विवेदी को एकीकृत कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर नौसेना तथा वायुसेना के साथ भी तालमेल बनाना होगा।

एक छोटी सी..

मुदुगर आदिवासियों से संबंधित गृहिणी लक्ष्मी उन्नीकृष्णन ने कहा, मैं प्रतिदिन 10 से 20 छाते बनाता हूं और यह काम रोजगार गारंटी कार्यक्रम जैसे मेरे अन्य शेड्यूल को पूरा करने के बाद किया जाता है। इससे मुझे स्कूटी खरीदने में भी मदद मिली है। राजेंद्र प्रसाद ने कार्थुम्बी छतरियों के लॉन्च के समय कहा, वे प्रत्येक महिला को प्रति छाता 50 रुपये का भुगतान करते थे। राजेंद्र प्रसाद ने कहा, कोविड 19 महामारी, जलप्रलय आदि ने सचमुच हमारे व्यवसाय को समाप्त कर दिया। लेकिन 32,000 की संख्या वाली जनजातीय समुदायों की महिला श्रमिकों के दृढ़ संकल्प ने हमें उद्यम को बनाए रखने में मदद की। अब हम प्रति छाता 30 रुपये का भुगतान करते हैं और उम्मीद है कि अगर सरकार जीएसटी और अन्य करों को हटा देती है तो वेतन पैकेज में वृद्धि होगी। इसे एक जीवन रक्षक मिशन के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि एक व्यावसायिक उद्यम के रूप में। देश के प्रधानमंत्री द्वारा अपने भाषण में जिक्र किए जाने पर रामू और लक्ष्मी ने अपनी खुशी नहीं छिपाई।

सीबीआई ने गोधरा से स्कूल मालिक को गिरफ्तार किया

● नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताएं:

भाषा। गोधरा

गुजरात के गोधरा में मई में एक निजी स्कूल में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा आयोजित करने में हुई कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पंचमहल जिले में गोधरा के निकट स्थित जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल की गिरफ्तारी के साथ ही अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या छह हो गई है। इनमें से पांच को गुजरात पुलिस ने हिरासत में लिया है। जय जलाराम स्कूल उन निर्धारित केंद्रों में से एक था जहां पांच मई को नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की गई थी। लोक अभियोजक राकेश ठाकोर ने बताया कि पंचमहल जिले में गोधरा के निकट स्थित जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल को तड़के उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआई पटेल को अब रिमांड पर लेने के लिए अहमदाबाद ले जा रही है। ठाकोर ने कहा, क्योंकि मामला गुजरात सरकार द्वारा सीबीआई को सौंप दिया गया है, इसलिए सीबीआई की एक टीम उन्हें (दीक्षित पटेल) अहमदाबाद में एक अदालत के समक्ष पेश करेगी ताकि उनकी रिमांड हासिल की जा सके।

इस मामले में गिरफ्तार किए गए पटेल छठे व्यक्ति हैं, जिसमें आरोपियों ने कम से कम 27 अभ्यर्थियों से परीक्षा उत्तीर्ण करने में मदद करने के लिए 10-10 लाख रुपए की कथित तौर पर मांग की थी।पंचमहल पुलिस द्वारा पहले गिरफ्तार किए गए अन्य पांच लोगों में वडोदरा के शिक्षा सलाहकार परशुराम रॉय, जय जलाराम स्कूल के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम शर्मा, स्कूल शिक्षक तुषार भट्ट और कथित बिचौलिए विभोर आनंद और आरिफ वोहरा शामिल हैं। एक सप्ताह पहले जांच का जिम्मा संभालने के बाद सीबीआई ने रॉय को छोड़कर चार आरोपियों की हिरासत मांगी थी। गोधरा जिला अदालत ने शनिवार को शर्मा, भट्ट, आनंद और वोहरा को दो जुलाई तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया था। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने नीट-यूजी में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए अवैध तरीके अपनाने को तैयार अभ्यर्थियों से जय जलाराम स्कूल को परीक्षा केंद्र के रूप में चुनने के लिए कहा था। गुजरात पुलिस के अनुसार, आरोपी व्यक्तियों ने कथित तौर पर अभ्यर्थियों से कहा था कि यदि उन्हें उत्तर नहीं पता हो तो वे प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास न करें। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि भौतिकी के शिक्षक भट्ट ने परीक्षा के बाद स्कूल परिसर में ही रहते हुए प्रश्नपत्रों पर सही उत्तर लिख दिए। सीबीआई ने शनिवार को गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की थी, जिससे इस मामले की जांच और तेज हो गई।

चिराग ने नीट पर सरकार का किया बचाव, विपक्ष की आलोचना की

पटना। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक मामले में सभी हितधारकों के संपर्क में है और उपयुक्त समय पर छात्रों के सर्वोत्तम हित में निर्णय लिया जाएगा। चिराग ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष पर नीट के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की और कहा कि यह उसकी गलत सोच को प्रदर्शित करता है। पासवान ने कहा, नीट मामले की जांच संबंधित एजेंसियां कर रही है और मामला अदालत में भी विचाराधीन है। सरकार सभी हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। छात्रों के सर्वोत्तम हित में उपयुक्त समय पर उचित निर्णय लिया जाएगा। वह शुक्रवार को संसद में हुए हंगामे को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब रहे थे, जब विपक्ष के शोरगुल के कारण बार-बार संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी थी। पासवान ने कहा, विपक्ष गलत सोच प्रदर्शित कर रहा है। अगर वह जनता से जुड़े मुद्दों को उठाना चाहता है तो उसे सदन को उपयुक्त तरीके से चलने देना चाहिए और बहस व चर्चा में भाग लेना चाहिए। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद, अपने गृह राज्य बिहार के पहले दौरे पर हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी नीतीश कुमार अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। बिहार में हाल में अपराध बढ़ने से कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के संकेत मिलने संबंधी विपक्ष के आरोप पर हाजीपुर से सांसद पासवान ने कहा, स्थिति चिंताजनक हो सकती है लेकिन राज्य में सरकार इससे निपटने के लिए सक्षम है।

जीएसटी ने कर अनुपालन को सरल बनाया, कर संग्रह बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

● फर्जी आईटीसी सृजन अभी भी चुनौती

सात साल पहले पेश किए गए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने अनुपालन को सरल बनाया, कर संग्रह बढ़ा और राज्यों के राजस्व में वृद्धि हुई। विशेषज्ञों ने साथ ही जोड़ा कि फर्जी चालान और धोखे से पंजीकरण की घटनाएं अभी भी करदाताओं के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। जीएसटी देश में एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। इसने 17 करों और 13 उपकरों को पांच स्तरीय संरचना में व्यवस्थित किया, जिससे कर प्रणाली सरल हो गई। इसके तहत पंजीकरण के लिए कारोबार की सीमा वस्तुओं के लिए 40 लाख रुपए और सेवाओं के लिए 20 लाख रुपए हो गई। वैट के तहत यह सीमा औसतन पांच लाख रुपए से ऊपर थी। जीएसटी ने राज्यों में 495 अलग-अलग प्रस्तुतियों (चालान, फॉर्म, घोषणाएं आदि) को भी घटाकर सिर्फ 12 कर दिया है। सात वर्षों में पंजीकृत करदाताओं की संख्या 2017 में 65 लाख से बढ़कर 1.46 करोड़ हो गई है। जीएसटी से औसत मासिक राजस्व 2017-18 में लगभग 90,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में लगभग 1.90 लाख करोड़ रुपए हो गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जीएसटी ने कर उछाल को 0.72 (जीएसटी से पहले) से बढ़ाकर 1.22 (2018-23) कर दिया है। मुआवजा खत्म होने के बावजूद, राज्यों का कर उछाल 1.15 पर बना हुआ है। जीएसटी के बिना, वित्त वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक राज्यों का राजस्व 37.5 लाख करोड़ रुपए होता। जीएसटी के बाद राज्यों का वास्तविक राजस्व 46.56 लाख करोड़ रुपए था। वर्ष 2017 से प्रभावी भारित औसत जीएसटी दर में लगातार गिरावट आई है और जीएसटी ने कई आवश्यक वस्तुओं पर करों को जीएसटी से पहले की तुलना में कम कर दिया है। केशतेल और साबुन जैसी आम वस्तुओं पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया। बिजली के उपकरणों पर कर 31.5 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। जीएसटी ने कई आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं को छूट दी है, जैसे बिना ब्रांड वाले खाद्य पदार्थ, कुछ जीवन रक्षक दवाएं, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन, सैनिटरी नैपकिन, श्रवण यंत्र के पुर्जे, कृषि सेवाएं आदि। दूसरी ओर कर चोरी करने वाले सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं।

एनआईए ने हिज्ब-उत-तहरीर के दो लोगों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रविवार को तमिलनाडु में युवाओं को चरमपंथी बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक संगठन हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़े है। एनआईए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तंजावुर जिले के अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान उर्फ मुजीबुर रहमान अल्थम साहिब के रूप में की गई है।इसमें कहा गया कि दक्षिणी राज्य के पांच जिलों में 10 स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी हिज्ब-उत-तहरीर के सदस्य है, जो एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामिक और कट्टरपंथी संगठन है। एनआईए ने कहा कि यह संगठन इस्लामी खिलाफत की पुनर्स्थापना और अपने संस्थापक तकी अल-दीन अल-नभानी द्वारा लिखे गए संविधान को लागू करने के लिए काम कर रहा था। बयान में कहा गया है, एनआईए जांच से पता चला कि वे चरमपंथी विचारधारा के प्रति युवाओं को कट्टरपंथी बनाने, लोकतंत्र और भारतीय संविधान, कानून और न्यायपालिका आदि को इस्लाम विरोधी के रूप में दुष्प्रचारित करने के लिए गुप्त कक्षाएं आयोजित करने में शामिल थे। एनआईए ने कहा कि प्रशिक्षुओं को सिखाया गया कि भारत अब दारुल कुफ्र (इस्लाम को नहीं मानने वालों की भूमि) है और हिंसक जिहाद छेड़कर देश में इस्लामिक राज्य की स्थापना करके इसे दारुल इस्लाम में बदलना उनका कर्तव्य है।

झारखंड के गिरिडीह में निर्माणाधीन पुल का गर्डर

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। रविवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शनिवार रात भारी बारिश के कारण पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले के दूरदराज के गांवों को जोड़ेगा। एक अन्य अभियंता ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले गर्डर को तैयार किया गया था और इसमें मजबूती आने के लिए कम से कम 28 दिन का समय लगता है।

ओवैसी के जय फलस्तीन नारे के खिलाफ विहिप ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने लोकसभा में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जय फलस्तीन का नारा लगाने पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ यहां प्रदर्शन किया। विहिप ने कहा कि संसद में सांसद के रूप में शपथ लेते समय ओवैसी का नारा विदेशी राष्ट्र के प्रति निष्ठा प्रदर्शित करता है।विहिप ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि ओवैसी ने पहले भी भारत माता की जय कहने से इनकार कर दिया था, जो संविधान का अपमान था।पांच बार सांसद रह चुके ओवैसी के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व विहिप की युवा शाखा बजरंग दल ने किया। इस प्रदर्शन में विहिप और बजरंग दल के कई नेता शामिल हुए। ओवैसी के संघर्ष प्रभावित फलस्तीन पर नारे से लोकसभा में हंगामा हुआ था और सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई थी।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में उपासना स्थल पर तोड़फोड़

भाषा। जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में अज्ञात लोगों ने एक उपासना स्थल पर कथित रूप से तोड़फोड़ की। इस घटना के खिलाफ रविवार को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने कहा कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।धरमाड़ी क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम को एक आगंतुक द्वारा उपासना स्थल पर तोड़फोड़ की गई, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्वत:स्फूर्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि दोषियों की पहचान की जाए और उन्हें दंडित किया जाए।हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के सदस्यों ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं जिले में सदियों पुराने भाईचारे को नुकसान पहुंचाने के लिए उनके बीच दरार पैदा करने का जानबूझकर किया गया एक प्रयास है।अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर और धरना देकर जिले की मुख्य सड़क को अवरूद्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जब प्रदर्शनकारियों को बताया कि इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दोषियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं, तो वे शांतिपूर्वक वहां से चले गए। उपायुक्त ने कहा, शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यह सांप्रदायिक सौहार्द के साथ-साथ विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने और तोड़फोड़ करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, यह मेरी गारंटी है.... हम जिले में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

ठाणे में विवाद के चलते मंदिर की बेअदबी की गई, प्राथमिकी दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर एक मंदिर की बेअदबी करने के बाद पुलिस ने इस मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी के मुताबिक महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (किसी भी वर्ग के लोगों के धर्म का अपमान करने के इरादे से पूजा स्थल या पवित्र वस्तु को नष्ट करना, नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि यह कथित घटना 23 जून को शहर के हजूरी इलाके में हुई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर एक महिला को परेशान भी किया। उन्होंने बताया कि घटना के दिन महिला अपने रिश्तेदारों के साथ मंदिर में थी, तभी करीब 150 लोगों की भीड़ जूते पहनकर परिसर में घुस आई और हंगामा मचाने लगी। इस घटना के मद्देनजर सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

संसद 50 प्रतिशत की सीमा से ज्यादा आरक्षण उपलब्ध कराने के लिए कानून बनाए : कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद को एक कानून पारित करना चाहिए ताकि 50 फीसदी की सीमा से अधिक आरक्षण उपलब्ध कराया जा सके। कांग्रेस के इस बयान के एक दिन पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल जनता दल-यूनाइटेड(जदयू) ने मांग की थी कि बिहार में आरक्षण में बढ़ोतरी को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। जद(यू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को यहां बैठक में पार्टी ने हाल ही में पटना उच्च न्यायालय के फैसले पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के बिहार सरकार के फैसले को खारिज कर दिया था। बैठक में पारित एक राजनीतिक प्रस्ताव में जदयू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से राज्य के कानून को संविधान की 9वीं अनुसूची के तहत डालने का आग्रह किया ताकि इसकी न्यायिक समीक्षा को खारिज किया जा सके।

हैदराबाद में कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भाजपा नेता राजा सिंह की धमकी पर रद्द

हैदराबाद। हैदराबाद में शनिवार को आयोजित स्टेंड-अप कॉमेडियन डेनियल फर्नांडिस का शो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजा सिंह की कथित धमकी के बाद रद्द कर दिया गया था। जैन समुदाय के खिलाफ कॉमेडियन की कथित टिप्पणी के बाद भाजपा विधायक ने कथित रूप से धमकी दी थी। सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए फर्नांडिस ने कहा कि हैदराबाद में शो को उनके पिछले शो के कारण हुई अशांति के कारण पुनर्निर्धारित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो को हटा दिया गया और माफीनामा पोस्ट किया गया है। उन्होंने कहा, हमें अब भी हिंसा और तोड़फोड़ की धमकी देने वाले कॉल, संदेश और ईमेल मिल रहे हैं। कोई भी मेरे दर्शकों, मेरे दल और मेरी सुरक्षा की गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है। मैं पूर्व में कही गई अपनी किसी बात के कारण किसी को जोखिम में नहीं डालना चाहता। किसी कलाकार के काम से असहमत होना ठीक है। लेकिन यह कहना कि मैं किसी कलाकार के खिलाफ हिंसा करूंगा क्योंकि मुझे उसका काम पसंद नहीं है, इसका जवाब नहीं है। राजा सिंह ने एक वीडियो में आरोप लगाया कि डेनियल फर्नांडिस ने जैन समुदाय पर कॉमेडी की आड़ में आपत्तिजनक टिप्पणी की है।

भारत ने चीन, थाईलैंड, बहरीन से ग्लास फाइबर के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नई दिल्ली। भारत ने एक घरेलू कंपनी की शिकायत के बाद चीन, थाईलैंड, बहरीन से ग्लास फाइबर के आयात के संबंध में डंपिंग रोधी जांच शुरू की है।इस शुल्क का उद्देश्य घरेलू उद्योग को सस्ते आयात से बचाना है।वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) इन देशों में तैयार हुए या वहां से निर्यातित ग्लास फाइबर और इसके उत्पादों की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है।ग्लास फाइबर या फाइबर ग्लास प्रबलित प्लास्टिक है जो मजबूत, हल्का, लचीला होता है और इसे कई जटिल आकृतियों में ढाला जा सकता है। इसके कई औद्योगिक और घरेलू उपयोग हैं।ओवेन्स-कॉर्निंग (इंडिया) ने आयात पर डंपिंग रोधी जांच शुरू करने की मांग करते हुए आवेदन दायर किया है। आवेदक ने आरोप लगाया है कि कथित डंप किए गए आयातों के कारण घरेलू उद्योग को भौतिक क्षति हो रही है और उसने डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा, आवेदक द्वारा प्रस्तुत लिखित आवेदन तथा उत्पाद के डंपिंग के संबंध में आवेदक द्वारा दिए गए सबूत के आधार पर संतुष्ट होने के बाद प्राधिकरण ने डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। अगर यह साबित हो जाता है कि डंपिंग से घरेलू कंपनियों को नुकसान पहुंचा है।

महाविकास आघाडी मिलकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेगा : पवार

भाषा। पुणे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। राकांपा (शरदचंद्र पवार), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं। पवार ने कहा कि विपक्ष चुनावों में महाराष्ट्र की जनता के सामने सामूहिक रूप से उतरेंगे। पवार ने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा, "जिस तरह (महाभारत में) अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी।

10 लाख करोड़ रुपए के साथ, खानपान के बाद शादी में सबसे ज्यादा खर्च करते हैं भारतीय

भाषा। नई दिल्ली

● एक रिपोर्ट में खुलासा

भारतीय विवाह उद्योग का आकार लगभग 10 लाख करोड़ रुपए है, जो खाद्य और किराना के बाद दूसरे स्थान पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि आम हिंदुस्तानी शिक्षा की तुलना में विवाह समारोह पर दोगुना खर्च करते हैं। भारत में सालाना 80 लाख से एक करोड़ शादियां होती हैं, जबकि चीन में 70-80 लाख और अमेरिका में 20-25 लाख शादियां होती हैं। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा, भारतीय विवाह उद्योग अमेरिका (70 अरब अमेरिकी डॉलर) के उद्योग के आकार का लगभग दोगुना है। हालांकि, यह चीन (170 अरब अमेरिकी डॉलर) से छोटा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में खपत श्रेणी में शादियों का दूसरा स्थान है। अगर शादी एक श्रेणी होती, तो वे खाद्य और किराना (681 अरब अमेरिकी डॉलर) के बाद दूसरी सबसे बड़ी खुदरा श्रेणी होती। भारत में शादियां भव्य होती हैं और इनमें कई तरह के समारोह और खर्च होते हैं। इससे आभूषण और परिधान जैसी श्रेणियों में खपत बढ़ती है और अप्रत्यक्ष रूप से ऑटो तथा इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लाभ मिलता है। खर्चीली शादियों पर अंकुश लगाने के प्रयासों के बावजूद, विदेशी स्थानों पर होने वाली आलीशान शादियां भारतीय वैभव को प्रदर्शित करती रहती हैं। जेफरीज ने कहा, हर साल 80 लाख से एक करोड़ शादियां होने के साथ, भारत दुनिया भर में सबसे बड़ा विवाह स्थल है। कैट के अनुसार इसका आकार 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। भारत का विवाह उद्योग अमेरिका के मुकाबले लगभग दोगुना है और प्रमुख उपभोग श्रेणियों में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय शादी कई दिनों तक चलती हैं और साधारण से लेकर बेहद भव्य तक होती हैं। इसमें क्षेत्र, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भारत में विवाह पर शिक्षा (स्नातक तक) की तुलना में दोगुना खर्च किया जाता है, जबकि अमेरिकी जैसे देशों में यह खर्च शिक्षा की तुलना में आधे से भी कम है।

असम सरकार ने बलात्कार के आरोपियों, अन्य के घर ढहाए

ग्वालपाड़ा (असम)। असम के ग्वालपाड़ा जिले में रविवार को सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण के चलते पांच व्यक्तियों के मकान ढहा दिए गए। ढहाए गए मकानों में बलात्कार और हत्या के तीन आरोपियों के मकान भी शामिल हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दुधनोई राजस्व क्षेत्र की सीमा अंतर्गत तंगाबारी गांव में कुछ व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर अपने मकान बनाए थे और उन्हें इन ढांचों को हटाने के लिए नोटिस दिए गए थे।उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, चूंकि उन्होंने जमीन से कब्जा हटाने के नोटिस का पालन नहीं किया, इसलिए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया।

क्विक न्यूज

माध्यमिक परीक्षा पास करने वाले कई छात्र ठीक से पढ़ना-लिखना तक नहीं जानते : केरल के मंत्री

अलप्पुझा (केरल)। केरल के मत्स्य पालन मंत्री साजी चेरियन ने राज्य की शिक्षा प्रणाली पर आलोचनात्मक टिप्पणी करते हुए कहा है कि सेकेंडरी स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (एसएसएलसी) परीक्षा पास करने वाले कई छात्र ठीक से पढ़ना-लिखना तक नहीं जानते। मंत्री ने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है जब राज्य सरकार अपनी शिक्षा प्रणाली के मानकों का गुणगान कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 210 प्राप्त करना कठिन था, लेकिन अब हर कोई परीक्षा पास कर रहा है। उन्होंने शनिवार को अल्पुझा में एक कार्यक्रम में कहा, लेकिन इन छात्रों का एक बड़ा हिस्सा ठीक से पढ़ना-लिखना नहीं जानता। मंत्री ने कहा कि यदि कोई परीक्षा में असफल होता है तो इसे राज्य सरकार की विफलता के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। चेरियन ने कहा कि मौजूदा सामान्य शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि माध्यमिक परीक्षा के मूल्यांकन में उदारता बरतने का चलन सही नहीं है, और वह इसमें बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले महीने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के परिणाम घोषित किए गए थे। इसमें दसवीं कक्षा की परीक्षा में विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.69 था। अधिकारियों ने बताया कि इसबार कुल 4,25,563 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए और उत्तीर्णता प्रतिशत 99.69 रहा।

अलीगढ़ में भीड़ हिंसा में मारे गए युवक समेत नौ के खिलाफ डकैती का मामला दर्ज

अलीगढ़ (उप्र)। अलीगढ़ की मामू-भांजा कॉलोनी में एक युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले के करीब दो हफ्ते बाद मृतक समेत नौ लोगों के खिलाफ डकैती समेत भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, भीड़ द्वारा हिंसा किए जाने के मामले में गिरफ्तार राहुल मित्तल की मां लक्ष्मी मित्तल की शिकायत पर यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। भीड़ द्वारा हिंसा की यह घटना मित्तल के घर के बाहर हुई थी। लक्ष्मी मित्तल ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि 18 जून की रात को मोहम्मद फरीद उर्फ औरंगजेब (35) ने उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की और उसने घर से कीमती सामान भी लूट लिया। लक्ष्मी मित्तल ने इस शिकायत में मोहम्मद फरीद, सलमान मोहम्मद जकी और छह अन्य का भी नाम लिया है। उसने अपनी शिकायत में कहा है कि जब उसके परिवार के सदस्य उसे बचाने के लिए दौड़े और उन्होंने आरोपियों को वहां से भगाया, तभी फरीद का संतुलन बिगड़ गया और वह सीढ़ियों से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मृतक और अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से आपराधिक बल का प्रयोग) और 395 (डकैती) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर इस बात का कोई कारण नहीं बताया है कि लूट का मामला घटना के इतने दिनों बाद क्यों दर्ज किया गया।

सुभद्रा योजना प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू की जाएगी: मोहन चरण माझी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि सुभद्रा योजना 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू की जाएगी। यह एक वित्तीय सहायता योजना है जिसका वादा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार (खजाना) जल्द ही खोला जाएगा और इसके अंदर संग्रहित कीमती सामान की एक सूची बनाई जाएगी।माझी यहां राज्य में पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों और विधायकों को सम्मानित करने के लिए ओडिशा भाजपा द्वारा आयोजित एक अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, सुभद्रा योजना 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू की जाएगी। भगवान जगन्नाथ की बहन के नाम पर रखी गई इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को 50,000 रुपए के नकद वाउचर प्रदान किए जाएंगे। माझी ने कहा कि रत्न भंडार जल्द ही खोला जाएगा और भगवान के कीमती सामान की एक सूची बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई अनियमितता पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। पुरी में 12वीं सदी के मंदिर के तहखाने में स्थित रत्न भंडार को फिर से खोलना राज्य विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा था।

सरकार ने बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए एक पोर्टल शुरू किया

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बच्चों को मादक पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए एक पोर्टल शुरू किया है, जो विद्यालयों के आसपास प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री को रोकने और छात्रों और शिक्षकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत निगरानी प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने युवाओं को मादक पदार्थों की समस्या से बचाने तथा विद्यालयों के आसपास ऐसे पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए निगरानी तंत्र विकसित करने के उद्देश्य से प्रहरी पोर्टल की शुरुआत की है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने इस संबंध में एक राष्ट्रीय समीक्षा और परामर्श बैठक का आयोजन किया था। इस बैठक में संयुक्त कार्य योजना के कामों पर चर्चा की गई जिसका उद्देश्य नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण के तहत बच्चों में मादक पदार्थों का सेवन और उनकी अवैध तस्करी को रोकना है।

बंगाल में अवैध संबंध के आरोप में जोड़े से मारपीट का वीडियो सामने आया

रायगंज (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने अवैध संबंध के आरोप में एक जोड़े के साथ मारपीट किए जाने का वीडिय

दक्षिणी यूक्रेन में मिसाइल हमले में सात की मौत

भाषा। कीव

रूस ने दक्षिणी यूक्रेन के एक शहर पर मिसाइल के जरिए हमला किया, जिसमें बच्चों सहित सात नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी अधिकारियों ने विल्नियांस्क के एक पार्क में पड़े शव की तस्वीरें जारी कीं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को हुए इस हमले में 36 लोग घायल हो गए और रविवार को शोक दिवस घोषित किया गया है। विल्नियांस्क जापोरीज्जिया क्षेत्र में है, जो स्थानीय राजधानी से 30 किलोमीटर (20 मील) से भी कम दूरी पर स्थित है। स्थानीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। फेडोरोव ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि हमले में विल्नियांस्क में एक दुकान, आवासीय भवन और एक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।विल्नियांस्क में हुए हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कीव के पश्चिमी साझेदारों से रूसी हमलों को रोकने का आह्वान किया। स्थानीय गवर्नर के अनुसार यूक्रेन के हिंसाग्रस्त पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में शनिवार रात को आठ नागरिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को दावा किया कि उसके बलों ने रातभर में रूस के दक्षिण-पश्चिम में छह क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूस की ओर से पूरे पूर्वी यूक्रेन में किए गए हमले में शनिवार को कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि निप्रो शहर में रूसी हमले से ध्वस्त इमारत के मलबे से एक और व्यक्ति का शव बरामद किया गया।

सूडान में अर्धसैनिक बलों ने सेना के नियंत्रण वाले शहर पर किया हमला

काहिरा। सूडान के सेन्नार प्रांत के एक शहर में सूडानी सेना और एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह के बीच संघर्ष छिड़ गया है, जिससे 14 महीने से जारी संघर्ष में एक और मोर्चा खुल गया है। इस संघर्ष के चलते अफ्रीकी देश अकाल के कगार पर पहुंच गया है। यह जानकारी अधिकारियों ने रविवार को दी। अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने इस सप्ताह के प्रारंभ में सेन्नार प्रांत पर अपना आक्रमण शुरू किया था और प्रांतीय राजधानी सिंगा की ओर बढ़ने से पहले जेबल मोया गांव पर हमला किया, जहां नया संघर्ष शुरू हो गया। निवासियों और एक स्थानीय अधिकार समूह के अनुसार, ट्रकों में सवार होकर आए स्वचालित राइफलों से लैस आरएसएफ लड़ाकों ने सप्ताहांत में राजधानी खार्तूम से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में सिंगा में उत्पात मचाया। उन्होंने बताया कि लड़ाकों ने स्थानीय बाजार में घरों, दुकानों में लूटपाट की और शहर के मुख्य अस्पताल पर कब्जा कर लिया। समूह ने शनिवार को एक बयान में दावा किया कि उसने सिंगा में सेना की 17वीं इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय पर कब्जा कर लिया है। स्थानीय मीडिया ने यह भी बताया कि आरएसएफ सेना के सुरक्षा घेरे में सेंध लगाने में कामयाब रहा। हालांकि, सूडानी सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर नबील अब्दुल्ला ने कहा कि सेना ने मुख्यालय पर फिर से नियंत्रण पा लिया है और रविवार सुबह भी लड़ाई जारी थी। किसी भी पक्ष के दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। कम से कम 327 परिवारों को जेबल मोया और सिंगा से सुरक्षित क्षेत्रों में भागना पड़ा। संगठन ने एक बयान में कहा, "स्थिति तनावपूर्ण और अप्रत्याशित बनी हुई है।

सिंध प्रांत में सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक तेज रफ्तार वाहन के एक ट्रेलर ट्रक से टकराकर पलट जाने से चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांतीय राजधानी कराची में उस समय हुई जब ट्रेलर ट्रक ने यू-टर्न लिया और पीछे से आ रही मिनी बस उससे टकराकर पलट गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। वे सभी हॉक्सबे समुद्र तट पर घूमने गए थे। उन्होंने बताया, जिस बस में वे यात्रा कर रहे थे वह ट्रेलर से टकराने के बाद पलट गई। वहीं, इस दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। मौरीपुर के थाना प्रभारी चौधरी तुफैल ने बताया कि इस घटना में अन्य छह लोग भी घायल हुए हैं और उनमें दो बच्चे शामिल हैं। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल ने घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की। मृतकों के शवों को आगे की कानूनी प्रक्रियाओं के लिए सिविल अस्पताल कराची (सीएचके) में स्थानांतरित कर दिया गया है।सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने इस घटना में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया। एक बयान में उन्होंने सीएचके, जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर और एसएमबी इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रॉमा के प्रशासन को घायल यात्रियों को उचित इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सिंध के महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन को इस घटना के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

चीन के राष्ट्रपति चिनफिंग अस्ताना में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस सप्ताह कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 24वें शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि वह ताजिकिस्तान की राजकीय यात्रा भी करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि दो से छह जुलाई तक राष्ट्रपति चिनफिंग अस्ताना में एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 24वीं बैठक में भाग लेंगे। अधिकारियों का कहना है कि शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान की स्थिति, रूस-यूक्रेन युद्ध और एससीओ सदस्य देशों के बीच समग्र सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होने की उम्मीद है।

अमेरिका में पुलिस अधिकारी ने 13 वर्षीय किशोर को गोली मारी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में शनिवार देर रात जारी की गई एक वीडियो में एक पुलिस अधिकारी 13 वर्षीय किशोर को गोली मारते दिख रहा है। पुलिस ने बताया कि मैनहट्टन से करीब 400 किलोमीटर उत्तरपश्चिम में पुलिस ने एक लूटपाट की जांच के संबंध में शुक्रवार देर रात 10 बजे दो किशोरों को रोका था, जिसके बाद एक किशोर को अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 13 वर्ष की आयु के दोनों किशोरों का विवरण लूटपाट की एक घटना के संदिग्धों से मेल खा रहा था और वे लूटपाट वाले दिन उसी इलाके में थे। पुलिस द्वारा जारी बॉडी कैमरा फुटेज में एक अधिकारी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसे इन दोनों किशोरों की तलाशी लेनी होगी कि कहीं उनके पास कोई हथियार तो नहीं है। इसके तुरंत बाद उनमें से एक भागने लगता है। वीडियो में न्याह वे नामक किशोर उसका पीछा कर रहे अधिकारियों पर पिस्तौल ताने देखा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को लगा कि यह पिस्तौल है लेकिन बाद में पता चला कि वह एक खिलौना था। इसके बाद पुलिस किशोर को जमीन पर गिरा देती है और एक अधिकारी गोली चलाता है जो उसकी छाती पर लगती है। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

श्रीलंका में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में 200 लोग गिरफ्तार, अधिकतर भारतीय

कोलंबो। श्रीलंकाई पुलिस ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल होने के आरोप में कम से कम 200 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से अधिकतर भारतीय हैं। शनिवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। आपराधिक जांच विभाग को यह भी पता चला कि धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि ब्रिटेन, दुबई और भारत में बैंक खातों में जमा कराई गई है। समाचार पोर्टल न्यूजफर्स्ट.एलके ने आपराधिक जांच विभाग के अधिकारियों के हवाले से बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल के नागरिक शामिल हैं, लेकिन भारतीय नागरिकों की संख्या अधिक है।

सुनक ने स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए, पीएम ने कहा: हिंदू धर्म से मुझे प्रेरणा मिलती है

भाषा। लंदन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने चार जुलाई को होने वाले आम चुनाव से पहले अपने प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताहांत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मंदिर को नेसडेन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति का काफिला शनिवार शाम को जब भव्य मंदिर के परिसर में पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद दोनों ने पुजारियों के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना की। ऋषि सुनक ने मंदिर में दर्शन करने के बाद स्वयंसेवकों तथा समुदाय के नेताओं के साथ बातचीत की। क्रिकेट प्रशंसक सुनक ने अपने संबोधन की शुरुआत टी-20 विश्व कप में भारत की जीत के जिक्र से की और कहा कि उन्हें हिंदू धर्म से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा, मैं आप सभी की तरह हिंदू हूं और मेरा धर्म मुझे प्रेरित करता है। ऋषि सुनक ने कहा, मुझे संसद सदस्य के रूप में भगवद्गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने पर गर्व है। हमारा धर्म सिखाता है कि हमें अपना कर्तव्य निभाना चाहिए और यदि हम इसे ईमानदारी से निभा रहे हैं तो हमें परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे प्रिय माता-पिता ने मुझे यही सिखाया है और मैं इसी तरह अपना जीवन जीता हूं। यही मैं अपनी बेटियों को सिखाना चाहता हूं। यह धर्म ही है जो सार्वजनिक सेवा के प्रति मेरे दृष्टिकोण में मेरा मार्गदर्शन करता है। सुनक ने अपने पिता और मां द्वारा की गई समुदाय की सेवा का जिक्र किया। उन्होंने अपनी सास सुधा मूर्ति के भारत में किए गए शानदार कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी न केवल मेरे लिए सबसे बड़ा सहारा हैं, बल्कि वह सार्वजनिक सेवा के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री के रूप में 44 वर्षीय सुनक ने समुदाय के सदस्यों की प्रार्थनाओं और प्रेम के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा उन्हें गौरवान्वित करने का प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

कनाडा: कर्मचारी संघ की अचानक हड़ताल के बाद वेस्टजेट की 400 से अधिक उड़ानें रद्द

टोरंटो। कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी विमानन कंपनी वेस्टजेट ने रखरखाव कर्मचारी संघ की हड़ताल की घोषणा के बाद 407 उड़ानें रद्द कर दीं, जिससे 49,000 यात्री प्रभावित हुए। एयरक्राफ्ट मैकेनिक्स फ्रेटरनल एसोसिएशन ने कहा कि उसके सदस्यों ने विमानन कंपनी की संघ के साथ बातचीत करने की अनिच्छा के कारण शुक्रवार शाम को हड़ताल शुरू कर दी। इस हड़ताल के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें प्रभावित हुईं। वेस्टजेट ने 407 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। विमानन कंपनी वेस्टजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलेक्सिस वॉन होन्सब्रोच ने इस स्थिति के लिए कनाडा में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे अमेरिका के एक संघ को दोषी ठहराया।

पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई न करने पर अफगानिस्तान की आलोचना की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस्लामाबाद के बार-बार के अनुरोध के बावजूद पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर आतंकवादियों के खिलाफ कार्वाई न करने के लिए काबुल की अफगान तालिबान सरकार की आलोचना की। आसिफ ने शनिवार को बीबीसी उर्दू को दिए एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा की ओर भेजने के लिए 10 अरब रुपए की पेशकश भी की है। जियो न्यूज ने आसिफ के हवाले से कहा, पाकिस्तान को अफगान सरकार से सहयोग की उम्मीद थी लेकिन वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्वाई करने के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार से बार-बार यह अनुरोध किया है कि वह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) तथा अन्य आतंकवादी समूहों को अपनी जमीन का इस्तेमाल न करने दे। हालांकि, काबुल पाकिस्तान के इस दावे को खारिज करता रहा है। आसिफ ने कहा कि सरकार ने आतंकवादियों को पश्चिमी सीमा के इलाकों में स्थानांतरित करने के लिए 10 अरब रुपए की पेशकश भी की थी लेकिन उसे आशंका है कि आतंकवादी वहां से भी पाकिस्तानी सीमा की ओर लौट सकते हैं।

ट्रंप के साथ बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडन के चुनाव की दौड़ से हटने की मांग बढ़ी

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव के तहत अटलांटा में हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी और मुख्यधारा की अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से हटने की मांग बढ़ रही है। बाइडन (81) और उनके प्रचार अभियान ने कहा कि वह हार नहीं मान रहे हैं और पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध हैं। प्रचार अभियान के नेतृत्व ने कहा, बाइडन डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। प्रत्याशी नहीं बदला जा रहा है। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बाइडन ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल कर ली है। व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल पाने के इच्छुक बाइडन की आवाज बहस के दौरान लड़खड़ाती नजर आई, जिससे डेमोक्रेट के शीर्ष नेता यह सोचने को मजबूर हो गए हैं कि क्या मौजूदा राष्ट्रपति चुनाव से पहले के कठिन महीनों के दौरान शीर्ष पर रह सकते हैं। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार ट्रंप (78) ने 90 मिनट की बहस के दौरान शुरुआत से ही बाइडन को कड़ी टक्कर दी। राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए अटलांटा में बृहस्पतिवार रात पहली बहस के बाद से ही द न्यूयॉर्क टाइम्स समेत कई मीडिया संस्थान और बाइडन की पार्टी के समर्थक तथा अहम नीति निर्माता उनसे इस दौड़ से हटने की मांग कर रहे हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर कतर के पीएम से मिले, द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की

भाषा। दोहा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की राजधानी दोहा में वहां के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की जिसमें राजनीति, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंध से जुड़े मुद्दों पर जोर दिया गया। यहां एक दिवसीय यात्रा के तहत पहुंचे जयशंकर ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी शेख मोहम्मद के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। शेख मोहम्मद के पास विदेश मंत्री का भी प्रभार है। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज दोपहर दोहा में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री एमबीए अलथानी से मिलकर खुशी हुई। महामहिम अमीर तक उनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दी गईं शुभकामनाएं पहुंचाईं। राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। गाजा स्थिति पर उनकी साझा अंतर्दृष्टि की सराहना करते हैं। जयशंकर की यह यात्रा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर द्वारा रिहा किए जाने के साढ़े चार महीने बाद हो रही है, जिन्हें अगस्त 2022 में गिरफ्तार होने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी।कतर में भारतीय दूतावास ने दिन की शुरुआत में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विदेश मंत्री एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर दोहा पहुंचे।

तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने अफ़गानिस्तान पर कतर में संयुक्त राष्ट्र बैठक में भाग लिया

इस्लामाबाद। तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफ़गानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई वाली बैठक में शामिल हुआ। आयोजकों के इस आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। दो दिवसीय यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में अफ़गान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित तीसरी बैठक है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से इतर रूस, भारत और उज्बेकिस्तान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि तालिबान ने फरवरी में हुई दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए कुछ शर्तें रखीं, जिनमें अफ़गान नागरिक समाज के सदस्यों को वार्ता से बाहर रखने तथा तालिबान को देश का वैध शासक मानने की शर्त शामिल थी।

बंदूक नियंत्रण खत्म हो चुका है: दुनिया की सबसे लोकप्रिय 3डी प्रिंटेड आग्नेयास्त्र के निर्माता

लंदन। प्रत्एक वर्ष ईस्टर रविवार को आयरिश रिपब्लिकन अपने शहीदों और 1916 के ईस्टर विद्रोह तथा उसके बाद के वर्षों में जान गंवाने वाले लोगों को याद करते हैं। इस तरह के आयोजनों की एक पद्धति होती है: सड़क पर परेड, भाषण और कब्रिस्तान में पुष्पांजलि अर्पित करना। हालांकि, 2022 का कार्यक्रम काले कपड़े पहने चार पुरुषों की उपस्थिति के कारण असामान्य था। वे रिपब्लिकन अर्द्धसैनिक के असंतुष्ट समूह ओग्लाइग ना इरेन (ओएनएच) के सदस्य थे। जनवरी 2018 में संघर्ष विराम की घोषणा के बाद से यह समूह की पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी, लेकिन विशेषज्ञों के लिए भी इसका व्यापक महत्व था क्योंकि इनमें से दो व्यक्ति हथियार लेकर आए थे। ऐसा पहली बार हुआ, जब उत्तरी आयरलैंड में अर्द्धसैनिक बल के सदस्यों को 3डी-प्रिंटेड बंदूकों- विशेष रूप से, एफजीसी अर्ध-स्वचालित आग्नेयास्त्र के प्वाइंट 22 कैलिबर प्रारूप के साथ देखा गया था। एफजीसी का मतलब बंदूक नियंत्रण नहीं से है और यह संक्षिप्त नाम इसके डिजाइनर के वैचारिक झुकाव को और 3डी-प्रिंटेड हथियारों के विकास में शामिल कई अन्य लोगों को भी दर्शाता है। पहला 3डी-प्रिंटेड आग्नेयास्त्र मई 2013 में लिबरेटर के रूप में आया, जो कि टेक्सास विश्वविद्यालय के विधि छात्र एवं स्वतंत्रता समर्थक आग्नेयास्त्र कार्यकर्ता कोडी विल्सन द्वारा निर्मित एक बंदूक थी। वर्ष 2020 के वसंत तक एफजीसी-9 के उभरने के साथ 3डी-प्रिंटेड बंदूकों का खतरा काफी बढ़ गया था। ओपन-सोर्स डिजाइन - जिसे कई समान विचारधारा वाले चैटरूम में तत्काल साझा किया गया था - के साथ एक सावधानीपूर्वक, चरणबद्ध निर्देशात्मक मार्गदर्शिका थी। बंदूक के निर्माता ने लिखा कि यह सब बंदूक के स्वामित्व पर नियमों और अत्याचारी कानूनों को दूर करने के लिए था। बाद में, उनके समूह ने नौ मिलीमीटर का देसी गोला-बारूद बनाने के लिए एक दिशानिर्देश जारी किया। तब से, हमने दुनिया भर में आग्नेयास्त्र के उपयोग के सबूत देखे हैं। इस 3डी-प्रिंटेड आग्नेयास्त्र को लेकर ऑनलाइन पर काफी चर्चा देखी जाती है और इसे इसके शौकीन लोगों, संगठित अपराधियों, विद्रोहियों और आतंकवादियों द्वारा व्यापक रूप से अपनाया गया है। एफजीसी-9 के जारी होने के बाद से 3डी-प्रिंटेड बंदूकों का प्रचलन पूरे विश्व में बढ़ गया है। यूरोप में संगठित अपराधियों से लेकर म्यांमा में सैन्य शासन विरोधी विद्रोहियों तक में इसका प्रचलन बढ़ा है। मई 2022 में, पुलिस ने ब्रिटेन के ब्रैडफोर्ड में जब एक कार को रोका तो एक व्यक्ति एफजीसी-9 ले जाता पाया गया। पता चला कि वह अपने दो साथियों के संग कालाबाजार में 3डी-प्रिंटेड बंदूकें बेच रहा था। वर्ष 2023 में, ए तीनों ब्रिटेन में ऐसे पहले व्यक्ति बन गए जिन्हें अन्य आपराधिक समूहों को 3डी-प्रिंटेड आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति करने का दोषी ठहराया गया। उन्हें कुल 37 साल जेल की सजा सुनाई गई।किंग्स कॉलेज लंदन में कट्टरपंथ के अध्ययन के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र में एक शोधार्थी के रूप में, मैं दुनिया भर में 3डी प्रिंटेड बंदूकों के उत्पादन और इस्तेमाल से जुड़े कई अन्य मामलों पर नजर रख रहा हूं।

सऊदी ने लाल सागर स्थित एक रिट्ज कार्लटन रिजर्व नुजुमा का उद्घाटन किया

दुबई। सऊदी देश ने आतिथ्य भावना को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए हाल ही में नुजुमा एक रिट्ज कार्लटन रिजर्व लाल सागर के लिए अपने दरवाजे खोले हैं। आश्चर्यजनक प्राकृतिक सुंदरता और स्वदेशी डिजाइन के साथ सहज और हार्दिक सेवा का मिश्रण नुजुमा मध्य पूर्व में ब्रांड की पहली संपत्ति है और दुनिया भर में केवल पाँच रिट्ज कार्लटन रिजर्व के एक विशेष संग्रह में शामिल हो गई है। नुजुम शब्द से प्रेरितए जिसका अरबी में अर्थ है सितारे नुजुमा यात्रियों को दुनिया के सबसे एकांत और संरक्षित द्वीपसमूहों में से एक की एक अनजान यात्रा पर जाने के लिए आमंत्रित करता है। यह होटल निजी द्वीपों के एक प्राचीन समूह पर स्थित है, जो लाल सागर के द्वीपों के ब्लू होल समूह का हिस्सा हैं। प्राकृतिक सुंदरता से घिरे और पर्यावरण के साथ सहज रूप से घुलने.मिलने के लिए डिज़ाइन किए गए इस रिसॉर्ट में 63 एक से चार बेडरूम वाले वाटर और बीच विला हैं। फ़ॉस्टर एंड पार्टनर्स द्वारा डिज़ाइन किए गएए नुजुमा की व्यापक शैल.प्रेरित वास्तुकला और सुरुचिपूर्ण अंदरूनी भाग प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किए गए हैंए जो शांत समुद्र और रेत के रंगों से भरे हुए हैंए और ज्यामितीय पैटर्न क्षेत्र के डिज़ाइन रूपांकनों की याद दिलाते हैं। आगंतुक अरबी कलाकृतियोंए पारंपरिक चीनी मिट्टी की चीज़ें, बुने हुए सऊदी पैटर्न वाले गलीचे और स्थानीय शिल्प कौशल का जश्न मनाने वाली जटिल दीवार पर लटकने वाली चीज़ें भी देख सकते हैं। जब मेहमान अपने विला में बैठकर शांत वातावरण का आनंद नहीं ले रहे होते हैंए तो वे एक शानदार स्पाए स्विमिंग पूलए कई तरह के रेस्तराँ और एक खुदरा क्षेत्र का आनंद ले सकते हैं या संरक्षण केंद्र में बेशकीमती प्राकृतिक सेटिंग के बारे में अधिक जान सकते हैं।

दस्तूर को डीकार्बनाइजेशन एक्सीलेंस पार्टनर का विश्व पुरस्कार मिला

ग्लोबल। क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में प्रमुख कंपनी दस्तूर एनर्जी को डीकार्बनाइजेशन एक्सीलेंस पार्टनर का अवार्ड दिया गया है। यह अवार्ड द ग्लोबल रिफाइनिंग एंड पेट्रोकेमिकल कांग्रेस जीआरपीसी 2024 की शासकीय परिषद और डाउनस्ट्रीम इंडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 के आयोजकों की ओर से दिया गया है। यह अवार्ड दस्तूर एनर्जी द्वारा डीकार्बनाइजेशन वैल्यू चेन में गहन विशेषज्ञता प्रदान कर औद्योगिक स्तर पर क्?लीन एनर्जी को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। इस वैल्यू चेन में रिन्यूएबल एनर्जी, हाइड्रोजन जैसे क्लीन फ्यूल्स, निर्माण प्रक्रिया में बदलाव और कार्बन कैप्चर उसकी उपयोगिता तथा प्राप्ति शामिल है। दस्तूर एनर्जी की औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशनए टेक्नोनॉमिक नियामक और प्रोजेक्ट के जोखिम विशेषज्ञों की टीम एक किफायती रणनीतिक तरीके से काम करती हैए जिसे व्यापार पर महत्वपूर्ण प्रभाव लाने के लिए तैयार किया गया है। इसके साथ ही क्लीन एनर्जी में बदलाव और कार्बन प्रबंधन की क्षमता भी विकसित की जा रही है। इस पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन ग्लोबल रिफाइनिंग एंड पेट्रोकेमिकल्स कांग्रेस-जीआरपीसी 2024 के साथ किया गया। इंडस्ट्री के ऐसे लीडर्स तथा संस्थानों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिन्होंने वैचारिक नेतृत्व, प्रबंधन, शोध, तकनीक, नवाचार तथा भारतीय डाउनस्ट्रीम तेल व गैस उद्योग में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया हो। अतानु मुखर्जी सीईओ दस्तूर एनर्जी ने पुरस्कार मिलने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि इतना प्रतिष्ठित पुरस्कार पाकर हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह पुरस्कार एक स्थायी भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए नए.नए समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता को मान्यता देता है।

फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए मतदान जारी, धुर दक्षिणपंथी दल की जीत की संभावना

पेरिस। फ्रांस में संसदीय चुनाव के पहले दौर के लिए रविवार को मतदान जारी है और यह अनुमान जताया जा रहा है कि नाजी युग के बाद, सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जा सकती है। दो चरणों में हो रहे संसदीय चुनाव सात जुलाई को संपन्न होंगे। चुनाव परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों, यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल एवं परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है। कई फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं और वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी नेशनल रैली पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से टिकटॉक जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। चुनाव-पूर्व सभी जनमत सर्वेक्षणों में नेशनल रैली की जीत का अनुमान जताया गया है। नया वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन टुगेदर फॉर द रिपब्लिक के लिए चुनौती पेश कर रहा है। फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ और चुनाव परिणाम के शुरुआती रुझान रात आठ बजे आने की उम्मीद है। इस साल जून की शुरुआत में यूरोपीय संसद के चुनाव में नेशनल रैली से मिली करारी शिकस्त के बाद मैक्रों ने फ्रांस में मध्यावधि चुनाव की घोषणा की थी। नेशनल रैली का नस्लवाद और यहूदी-विरोधी भावना से पुराना संबंध है और यह फ्रांस के मुस्लिम समुदाय की विरोधी मानी जाती है। चुनाव परिणाम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार, संसदीय चुनाव में नेशनल रैली की जीत की संभावना है।

स्वीडन में तलाक लैंगिक समानता को बढ़ावा दे रहा है

भाषा। स्टॉकहोम

दुनिया भर के समाजों में एकल माताएं सबसे असुरक्षित समूहों में से एक हैं। स्वीडन में पिछले दो दशकों में देखभाल करने और जिम्मेदारियां निभाने वाली इन महिलाओं की संख्या लगभग आधी हो गई है। इस बदलाव का कारण क्या है? क्या हम अलगाव और तलाक़ की बढ़ती वैश्विक प्रवृत्ति में नाटकीय उलटफेर देख रहे हैं? नहीं, स्वीडन में शादी टूटने के मामले अभी भी दुनिया में सबसे अधिक है। स्वीडन न केवल तलाक की दर में आगे है, बल्कि यह बच्चों की अभिरक्षा को 50:50 के अनुपात में विभाजित करने के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे है। जिन बच्चों के माता-पिता अलग-अलग रह रहे हैं उनमें लगभग आधे बच्चे अब अपना समय दोनों घरों के बीच बराबर-बराबर बिताते हैं। जर्नल सोशल फोर्सेज में प्रकाशित हमारे नए अध्ययन में हम यह पता लगाना चाहते थे कि रहने की व्यवस्था में इस उल्लेखनीय बदलाव ने पूर्व पति और पत्नियों के बीच देखभाल के काम के लैंगिक विभाजन को किस हद तक बदल दिया है। हमने परिकल्पना की कि जब बच्चे केवल अपनी माताओं के साथ रहने चले जाते हैं तो इस तरह के परिवार विघटन के प्रभाव से लैंगिक समानता अधिक हो सकती है। आखिरकार 50:50 के अनुपात में बच्चों को साथ रखने के लिए पिता को आधे समय तक बच्चे की पूरी देखभाल की जिम्मेदारी लेनी पड़ती है और ऐसा बहुत कम पिता करते हैं। इसलिए यह माता-पिता को देखभाल के काम के अधिक समतावादी

विभाजन की ओर धकेल सकता है। देखभाल कार्य के एक उपाय के रूप में हमने अधिक आय वाले देशों में महिलाओं और पुरुषों के बीच सबसे कठोर असमानताओं में से एक के बारे में जानने की कोशिश की। यह बच्चे की देखभाल के लिए वेतनभोगी काम से छुट्टी लेना था। हमने स्वीडन की पूरी आबादी को शामिल करने वाले प्रशासनिक रजिस्टर डेटा का इस्तेमाल किया जिसमें तलाक से पहले और बाद में प्रत्एक बच्चे की मां और पिता की छुट्टी लेने की जानकारी शामिल हैं। हमारे नतीजे बताते हैं कि स्वीडन में तलाक के कारण बच्चों के पिता के काम से छ

दिग्गजों के सही समय पर संन्यास से युवाओं को मिलेगा पूरा मौका

● विराट, रोहित के बाद जडेजा ने टी-20 को कहा बाय-बाय

भाषा। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के टी20 से संन्यास लेने से भारतीय क्रिकेट में एक युग का अंत हो गया है, लेकिन इससे चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को 2026 में घरेलू मैदान पर होने वाले इस प्रारूप के विश्व कप के लिए टीम की योजना बनाने का पर्याप्त समय मिल गया है। विश्व चैम्पियन बनने के बाद रोहित और कोहली के पदचिन्हों पर चलते हुए जडेजा ने भी खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी। भारतीय एकादश में इन तीन मैच विजेताओं का विकल्प ढूंढने में समय लगना तय है। लेकिन टीम में परिवर्तन का चरण अगले सप्ताह की शुरू होगा जब दूसरी पंक्ति की भारतीय टीम छह जुलाई से पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। इस श्रृंखला से हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया और उम्मीद है कि वह टी20 प्रारूप में टीम के नए कप्तान होंगे। वह इस ब्रेक के दौरान खिलाड़ियों की प्रगति पर नज़र रखेंगे। हार्दिक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद कहा, 2026 टी20 विश्व कप में अभी काफी समय है। मैं रोहित और विराट के लिए बहुत खुश हूं। भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज जो पूरी तरह से इसके हकदार थे। रोहित और कोहली ने सलामी बल्लेबाजी के लिए जो दो स्थान खाली किए हैं, उनके लिए टीम के पास कई विकल्प हैं। जिम्बाब्वे दौरे के लिए चार सलामी बल्लेबाज भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसमें यशस्वी जायसवाल विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे जबकि कप्तान शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़ और अभिषेक शर्मा भी जिम्बाब्वे जाने वाली टीम का हिस्सा है। पूरी संभावना है कि गिल और जायसवाल शनिवार को हरारे में पहले टी20 मैच में पारी का आगाज करें।

खाई को पाटने में समय लगेगा , बिन्नी ने रोहित , विराट के बिना भारतीय टी20 टीम के बारे में कहा

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि भारतीय टी20 टीम को रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी की भरपाई करने मे दो तीन साल लगेगे। सैतीस वर्ष के रोहित और 35 वर्ष के कोहली ने टी20 विश्व कप जीतने के साथ इस प्रारूप से विदा ली। बिन्नी ने फाइनल के बाद मीडिया से कहा , आईपीएल मे काफी प्रतिभाएं है। इससे कई क्रिकेटर आ रहे है लेकिन इस कमी को पूरा करने मे समय लगेगा (रोहित और विराट के संन्यास के बाद)। उन्होने कहा , इन दोनो ने इतना योगदान दिया है कि इसमे समय लगेगा।

गंभीर, तेंदुलकर और अश्विन ने कोहली, रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा, किसी भी लिखित स्क्रिप्ट से बेहतर

नई दिल्ली। राहुल द्रविड़ की जगह भारत के मुख्य कोच बनने की दौड़ मे सबसे आगे चल रहे गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को विश्व कप जीतते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पहले से लिखी स्क्रिप्ट से बेहतर था। कोहली और रोहित दोनो ने भारत की टी20 विश्व कप जीत मे अहम भूमिका निभाने के बाद क्रिकेट के इस प्रारूप मे अपने करियर को अलविदा कह दिया। गंभीर ने पीटीआई वीडियो से कहा, उन्होने विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनो खिलाड़ी शानदार है। उन्होने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मै उन्हे बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। गंभीर ने हालांकि उम्मीद जताई कि दोनो दिग्गज टेस्ट और वनडे मे शानदार प्रदर्शन करते रहेगे। पूर्व सलामी बल्लेबाज गंभीर ने कहा, लेकिन वे खेल के दो अन्य प्रारूप टेस्ट क्रिकेट और वनडे क्रिकेट मे खेलते रहेगे। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेगे। महान क्रिकेटर सचिन तेदुलकर ने कोहली और रोहित दोनो के करियर को करीब से देखा है। उन्होने मुंबई के साथी खिलाड़ी की प्रतिबद्धता की सराहना की। तेदुलकर ने एक्स पर लिखा, मैने एक उदीयमान युवा से लेकर विश्व कप विजेता कप्तान बनने तक के आपके सफर को करीब से देखा है। आपकी अटूट प्रतिबद्धता और असाधारण प्रतिभा ने देश को बहुत गौरव दिलाया है। टीम की अगुआई करते हुए टी20 विश्व कप जीतना आपके शानदार करियर का सही समापन है। शाबाश रोहित।

शाह ने 125 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा की

कहा-इस भारतीय टीम ने आलोचकों को चुप कराया

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने टी20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। भारत ने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर अपना दूसरा टी20 विश्व खिताब जीता। शाह ने एक बयान में कहा, रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है। उन्होंने कहा कि टीम ने असाधारण प्रदर्शन से अपने आलोचकों को चुप करा दिया। शाह ने भारत के खिताबी अभियान को प्रेरणादायक करार देते हुए कहा, खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया।

सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत मे निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा मेडियों के झुंड से की जिन्होने अपना सर्वश्रेष्ठ करने मे कोई कसर नही छोड़ी।

पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 मे मलेशिया मे मर्डेका कप मे खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार मे पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हे स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, भूपिदर सिंह रावत शानदार विगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होने खेल मे बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होने कहा, मै दुख की इस घड़ी मे उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

त्वेसा स्विस लेडीज ओपन के प्लेऑफ में हारी

रोटक्रेज (स्विट्जरलैंड)। भारत की त्वेसा मलिक तीसरे दौर मे पांच अंडर 66 का स्कोर करने के बाद तालिका मे संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचने के बाद स्विस लेडीज ओपन के प्लेऑफ मे एलिस हेवसन (65) से पिछड़ गई। शुरुआती दो दौर मे 68-68 का स्कोर करने वाली त्वेसा ने आखिरी दौर मे पांच अंडर का कार्ड खेल कुल 11 अंडर का स्कोर किया। हेवसन ने शुरुआती दो दौर मे 68 और 69 का स्कोर किया था। त्वेसा ने चार होल के प्ले ऑफ मे एक ओवर का स्कोर कर गई जबकि हेवसन ने पार कार्ड खेला। कट मे जगह बनाने वाली अन्य भारतीयो मे वाणी कपूर संयुक्त 35 जबकि रिद्धिमा दिलावरी संयुक्त 62वे स्थान पर रही।

कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ मे जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वे मिनट मे दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हे 12वे मिनट मे पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल मे जगह बना ली जब ग्रुप ए मे शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2 . 0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच मे पेरू को हराया था।

कोपा अमेरिका : मेस्सी के बिना अर्जेंटीना ने पेरू को हराया

मियामी गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच मे पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वे मिनट मे पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होने 86वे मिनट मे दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट मे उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच मे पैर मे चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच मे नही खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल मे पहुंच चुका है।

यूरो 2024 : डेनमार्क को हराकर जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच मे डेनमार्क को 2- 0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश कर लिया। अब जर्मन टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्ट्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट मे उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच मे यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

राणा के आठ विकेट, दक्षिण अफ्रीका सहमा

● फॉलोऑन के बाद दो विकेट पर 232 रन

भाषा। चेन्नई

स्पिनर स्नेह राणा के आठ विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के फॉलोऑन देने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन शीर्ष क्रम बल्लेबाज सुने लुस के शतक से दूसरी पारी में वापसी करने करते हुए दो विकेट पर 232 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत से 105 रन से पीछे है। इससे पहले स्नेह राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी महज 266 रन पर सिमट गई। लुस ने 203 गेंद की पारी में 18 चौके की मदद से 109 रन बनाए। उन्हें कप्तान लौरा वुलवार्ट (नाबाद 93 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष जारी है।दक्षिण अफ्रीका ने सुबह पहली पारी में चार विकेट पर 236 रन से खेलना शुरू किया। मारिजाने काप (74) और नाडिने डि क्लर्क (39) लय जारी नहीं रख सकीं। काप कुछ ही देर में राणा का शिकार हुईं जिसके बाद पूरी टीम 17 रन के अंदर पवेलियन लौट गई। राणा और दीप्ति शर्मा ने आराम से यह जिम्मेदारी संभाली। राणा का यह प्रदर्शन भारत की नीतू डेविड (53 रन पर आठ विकेट) और ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (66 रन पर आठ विकेट) के बाद महिला टेस्ट की एक पारी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है।

राणा को कड़ी मेहनत का मिला फल: मजूमदार

चेन्नई। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच की पहली पारी मे आठ विकेट लेने वाली स्पिनर स्नेह राणा की तारीफ करते हुए कहा कि वह अपने कौशल मे सुधार करने के लिए मेहनत से पीछे नही हटती है। मजूमदार ने कहा, उसने ऑस्ट्रेलिया (दिसंबर, 2023) के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, और फिर उसने अप्रैल मे अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंट मे हिस्सा लिया। इस मैच से पहले उसने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी मे आयोजित गेदबाजी शिविर मे भाग लिया और अपने कौशल मे सुधार के लिए कड़ी मेहनत की। ।रतीय कोच ने यहां संवाददाता सम्मेलन मे कहा, संदेश बहुत स्पष्ट है कि वह टीम का अभिन्न अंग है और उसने सुबह सही समय पर प्रदर्शन किया।

रोहित ने जोकोविच की तरह केनिंग्सटन ओवल की पिच का स्वाद चखा

ब्रिजटाउन (बारबाडोस)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्व की खिताबी जीत के बाद यहां केंसिंग्टन ओवल मैदान की पिच का स्वाद उसी तरह से चखा, जैसा की नोवाक जोकोविच विंबलडन जीतने के बाद करते हैं। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को 11 वर्षों में पहली वैश्विक ट्रॉफी दिलाने के बाद रोहित मैदान पर जश्न बनाने के बाद चुपचाप उस पिच की ओर बढ़े जिस पर यह मुकाबला खेला गया था। उन्होंने थोड़ी सी मिट्टी उठा कर उसे अपनी जीभ पर रखा। महान टेनिस खिलाड़ी जोकोविच के प्रशंसकों के लिए यह दृश्य कोई नया नहीं था। सर्बिया का यह खिलाड़ी विंबलडन खिताब जीतने के बाद आम तौर पर सेंटर कोर्ट से एक चुटकी घास को उखाड़ कर उसे चबाना पसंद करता है।

क्विक न्यूज

मेरे लिए जिंदगी भर की यादें , लेकिन मैं विरासत , भारमुक्ति में भरोसा नही करता :द्रविड़

ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चो की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नही जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिए उन्होने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी मे भारत ने रोमांचक फाइनल मे दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा , पिछले कुछ घंटो मे मेरे पास शब्द नही है। मुझे इस टीम पर गर्व है , जिस तरह से कठिन परिस्थितियो मे टीम ने संघर्ष किया। उन्होने कहा , पहले छह ओवर मे तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नही है। एक खिलाड़ी के तौर पर मै इतना खुशकिस्मत नही रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैने खेलने के दिनो मे अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल मे यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी मे 2007 वनडे विश्व कप मे टीम पहले दौर मे बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दो मे विश्वास नही करते। उन्होने कहा , पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नही है। मै इस तरह की बाते नही सोचता। ऐसे कई खिलाड़ी है जो खिताब नही जीत सके। मै खुशकिस्मत हूं कि कोच बना और यह टीम मिली जिसने यह संभव कर दिखाया कि मै ट्रॉफी जीतकर उसका जश्न मना सकूं।

दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसकों ने भारत के साथ अपनी टीम की भी सराहना की

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका करीबी अंतर से टी20 विश्व कप खिताब जीतने से चूक गया लेकिन उसके प्रशंसको ने पहली बार किसी विश्व कप के फाइनल मे पहुंचने पर टीम को बधाई देने के साथ चैम्पियन भारतीय टीम की भी सराहना की। दक्षिण अफ्रीका के इकलौते राष्ट्रीय भारतीय रेडियो स्टेशन, लोटस एफएम पर पूर्व खेल प्रस्तोता, विमला फ्रैंक ने कहा, हमने प्रोटियाज के फाइनल मे पहुंचने के लिए बहुत लंबे समय तक इंतजार किया और हम सभी वास्तव मे उम्मीद कर रहे थे कि वे खिताब लेकर आएंगे। उन्होने कहा, लेकिन ऐसा नही हुआ इसका मतलब यह नही है कि हम इस अभियान का इसका हिस्सा नही है। फाइनल मे पहुंचकर इन खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए जो किया वह बहुत मायने रखता है। हमे उन पर गर्व है। उन्होने कहा, मै भारतीय मूल की हूं लेकिन पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की समर्थक हूं। मै भारतीय टीम की सफलता से खुश हूं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोलेत्सी मोसेकी ने फ्रैंक की भावनाओं को दोहराया।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया की प्रतिक्रिया, भारत ने खिताब जीता, दक्षिण अफ्रीका फिर हुआ चोक

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने रविवार को भारत की टी20 विश्व कप जीत की प्रशंसा की जबकि दक्षिण अफ्रीका के फिर से चोक होने को निराशाजनक करार दिया। भारत ने फाइनल मे दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब जीता। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड का शीर्षक था, निराशाजनक: दक्षिण अफ्रीका के चोक होने से भारत ने टी20 विश्व मे खिताब जीता। इसमे आगे लिखा, टी20 विश्व कप मे जहां भारत को सभी तरह के फायदे मिले, फिर भी रोहित शर्मा की टीम को बारबाडोस मे ट्रॉफी जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका की विफलता और अंपायरो के करीबी फैसलो की जरूरत पड़ी। दक्षिण अफ्रीका की चोक होने की कहानी आस्ट्रेलिया के खिलाफ 1999 के विश्व कप सेमीफाइनल मे ज्यादा सामने आई। इसमे दक्षिण अफ्रीका आखिरी ओवर मे नाटकीय रन आउट के कारण हार गई। तब से दक्षिण अफ्रीका ने 2007 और 2015 के विश्व कप तथा चैम्पियंस ट्रॉफी मे इसी तरह की स्थितियो का सामना किया है। लंदन के संडे टाइम्स ने भी दक्षिण अफ्रीका के चोक होने की बात करते हुए लिखा कोहली ने भारत को खिताब दिलाने के लिए कमर कस ली। लंदन के द टेलीग्राफ का शीर्षक था, ताजा चोक होने की घटना मे भारत को विश्व कप सौपने के बाद दक्षिण अफ्रीका की आंखो मे आंसू। आस्ट्रेलिया के क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने अपनी मैच रिपोर्ट का शीर्षक दिया, रोमांचक विश्व कप फाइनल मे भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया।

यह दिल को झकझोरने वाली हार है: दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मारक्रम

ब्रिजटाउन। टी20 विश्व कप के फाइनल मे भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जताई कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेद मे 52 रन की पारी के दम पर 15वे ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति मे थी। टीम को आखिरी 30 गेद मे 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की। आखिरी ओवरो मे जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने कमाल की गेदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति मे कमाल का कैच लपका। इससे पहले विराट कोहली ने 76 रन की पारी खेल भारत को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। मारक्रम ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, यह क्रिकेट का पहला मैच नही है जिसमे 30 गेदो मे से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की। इस 29 साल के खिलाड़ी ने कहा, अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है।

राजपाल, नारंग पेरिस में भारत के दल प्रमुख के रूप में मैरीकॉम की जगह लेने की दौड़ में: आईओए सूत्र

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग और डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल पेरिस खेलो मे भारतीय दल प्रमुख (शेफ डी मिशन - सीडीएम) बनने के प्रबल दावेदार के रूप मे उभरे है। यह पद एमसी मैरी कॉम के निजी कारणो से हटने के बाद खाली हो गया था। आईओए सूत्रो ने रविवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने अप्रैल मे यह कहते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था कि उनके पास व्यक्तिगत कारणो से पद छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नही बचा था। इस साल मार्च मे भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा उन्हे सीडीएम नामित किया गया था। आईओए के एक सूत्र ने यहां भारत के ओलंपिक दल के लिए विदाई समारोह के मौके पर पीटीआई को बताया, संभवतः दल प्रमुख की भूमिका के लिए गगन या रोहित होगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और वे इसे प्रबंधित करने मे सक्षम है। ऐसा कहा जा रहा है कि भारोत्तोलन महासंघ के सहदेव यादव के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। यह पता चला है कि बैडमिंटन के दिग्गज प्रकाश पादुकोण को भी इस पद की पेशकश की गई थी, लेकिन ऑल इंग्लैंड चैंपियन के इस पूर्व चैम्पियन ने यह भूमिका लेने से इनकार कर दिया। सूत्र ने कहा, पादुकोण भारतीय खेलो मे एक सम्मानित व्यक्ति है। वह हालांकि, बढ़ती उम्र के कारण जिम्मेदारी लेने मे थोड़ा झिझक रहे थे और आईओए उनके फैसले का सम्मान करता है। इस बारे मे पूछे जाने पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, मै अगले चार-पांच दिनो मे नाम साझा करूंगी। दल प्रमुख एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद है क्योकि वह प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों के कल्याण और उनकी जरूरतो का ख्याल रखने के साथ आयोजन समिति के साथ संपर्क करने के लिए जिम्मेदार होता है।

सुपरबेट क्लासिक शतरंज चौथा दौर, प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया, गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाशि को रोमानिया के वेसले सो ने ड्रॉ पर रोका ।

भारत अंतिम ग्रुप मैच में इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत

● बैडमिंटन एशिया : क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से होगा सामना

भाषा। योग्यकार्ता (इंडोनेशिया)

भारत रविवार को यहां इंडोनेशिया से।-4 से हार गया और ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर रहा जिससे अब बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में उसका सामना मलेशिया से होगा। नॉकआउट चरण के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके भारत ने इंडोनेशिया के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच के लिए अपनी पूरी लाइन-अप बदल दी। उन्होंने लड़कियों के एकल में तन्वी शर्मा को आराम दिया तथा नए मिश्रित और पुरुष युगल को उतारा। वंश देव और श्रावणी वालेकर की मिश्रित युगल जोड़ी ने तौफिक अदर्या और क्लेयरिन मुलिया से पहला मैच 14-21, 16-21 से गंवा दिया। ध्रुव नेगी एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मैच में ब्यूनो ओकटोरा से 14-21, 21-11, 11-21 से हार गए। भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू को लड़कों के युगल में एंसेलमस प्रसेत्या और पुलुंग रामाधन से 17-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत यह मुकाबला गंवा बैठा। नव्या कांडेरी ने मुटियारा पुष्पितसारी पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की।

मालविका यूएस ओपन के सेमीफाइनल में हारी

फोर्ट वर्थ (अमेरिका)। भारत की छठी वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ अहम मौकों को भुनाने में विफल रहीं और यहां यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जापान की नात्सुकी निदाइरा से सीधे गेम में हार गईं। विश्व रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में नात्सुकी से 16-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। नागपुर की 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल अजरबैजान इंटरनेशनल चैलेंज जीता था। उनकी हार से टूर्नामेंट में भारत की चुनौती खत्म हो गई।

पीएम मोदी ने ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में आरंभ हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी के उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए रविवार को भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का आग्रह किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 111वीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में भारतीय खिलाड़ी जी-जान से जुटे हुए हैं और आने वाले दिनों में उन्हें भी भारतीय दल से मुलाकात और उनके उत्साहवर्धन का अवसर मिलने वाला है।दुनिया का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ यानी ओलंपिक खेलों का इस बार पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजन होने जा रहा है। भारतीय खिलाड़ी इन खेलों की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।मोदी ने कहा, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे।

अर्णवी पाठक को तिहरे खिताब

● प्रभास ,प्रियंका व शिवम का डबल्स धमाल

● लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप

लखनऊ। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी की अर्णवी पाठक ने लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तिहरी खिताबी सफलता हासिल की। वहीं प्रभास कुमार कुशवाहा, प्रियंका गौतम व शिवम यादव ने दोहरे खिताब अपने नाम किए। चैंपियनशिप में प्रभास कुमार कुशवाहा ने पुरुष सिंगल्स ल खिताब जीता। आद्या सेठ महिला सिंगल्स चैंपियन बनी। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही इस चैंपियनशिप में दूसरी वरीय अर्णवी पाठक ने बालिका अंडर-13 सिंगल्स के फाइनल में श्राइना मोहन चंद्रा को 21-12, 21-12 से हराया। इसके बाद बालिका अंडर.13 डबल्स में अर्णवी पाठक व श्राइना मोहन चंद्रा की जोड़ी ने ऋद्धि दुबे व सान्वी कुमार को 21-16, 21-11 से हराया। अर्णवी पाठक व श्राइना मोहन ने इसके बाद बालिका अंडर-15 डबल्स के फाइनल में भी कमाल दिखाते हुए जान्या श्रीवास्तव ऋद्धि दुबे को 21-10, 21-11 से हराया। दूसरी ओर पुरुष सिंगल्स के फाइनल में शीर्ष प्रभास कुमार कुशवाहा ने सिद्धार्थ मिश्रा को तीन गेम तक चलने रोमांचक मुकाबले में 21-10, 15-21,22-20 से हराया। प्रभास कुमार कुशवाहा ने बालक अंडर-19 सिंगल्स के फाइनल में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय नितेश ठाकुर को 21-16, 21-19 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा नवनीत सहगल पूर्व आईएएसए अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ चेयरमैन प्रसार भारतीए भारत सरकार ने पुरस्कार वितरित किए।

यूपी बना 41 वीं नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियन

लखनऊ। यूपी बना 41 वीं नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता का चैम्पियन बन गया जबकि पश्चिम बंगाल उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश डी आई पी एस एडीजी रेलवे उत्तर प्रदेश ने अपने कर कमलों से विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जिम्मी आर जगतियानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आज चैंपियनशिप में बाज़ी मारी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन आयोजन समिति से ग्रैंडमास्टर जिम्मी आर जगतियानी, सेलिब्रिटी कोच , ग्रैंड मास्टर महेंद्र मोहन जैसवालए तकनीकी चेयरमैन ग्रैंड मास्टर पीटर जगतियानीए ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान , चेयरमैन प्रसार विंग, मनोज वर्मा, राजेश कुमार सिंह, मनोज शर्मा, निशा सिंहए रूप कमल नंदी, सुंदरम, निधि राज, निशा राजए पियूष आदि उपस्थित रहे। 41 वीं नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप के दौरान फेडरेशन का चुनाव भी संपंन हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से पवन सिंह चौहान को ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। ताइक्कांडो खेरोगी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने 13 गोल्ड, 15 सिल्वर, 16 ब्रॉन्ज़ के साथ चैंपियनशिप ट्राफी उठाई। दसूरे स्थान पर वेस्ट बंगाल ने 11 गोल्ड, 7 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज़ के अपना स्थान बनाया। तीसरे स्थान पर पंजाब ने 7 गोल्ड, 7 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज़ के साथ अपना स्थान बनाया।

इंग्लैंड ने वेस्टइ